CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम : 22°C

# शाह टाइम्स

देहरादून, शनिवार 6 जून 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 298 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 19 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रकृति विरोधी माफिया से सतर्क रहें: सीएम योगी पेज 2



भारत-अफगानिस्तान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर खेल टाइम्स



दिल्ली की गर्मी से बचना है, तो यहां जाएं सम्पादकीय



10 न्यूक्लियर बम बना सकता है ईरान: आईएईए पेज 12

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को सुखोई-57 ऑफर किया

**सेंट पीटर्सबग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को सुखोई एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट को लेकर बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, भारत के साथ मिलकर इस विमान का विकास और उत्पादन करने के लिए तैयार है। साथ ही रूस जरूरी रक्षा तकनीकें साझा करने के लिए भी तैयार है।

पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले भी भारत को इसे बनाने के प्रोजेक्ट में साझेदार बनने का ऑफर दिया था। उस समय भारत ने कहा था कि रूस पहले इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाए, उसके बाद भारत इसमें शामिल होने पर विचार करेगा। पुतिन ने कहा कि यह विमान हमारा जॉइंट प्रोजेक्ट हो सकता था। हमने इसे अपने दम पर विकसित किया, लेकिन अब भी हम भारत के साथ इस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार हैं। हम भारत को यह विमान देने और इसके आगे के विकास में साझेदारी करने के लिए तैयार हैं। इसमें हमें कोई समस्या नजर नहीं आती। यही बात एयर डिफेंस सिस्टम पर भी लागू होती है। पुतिन ने अमेरिका-भारत के संबंधों पर कहा कि यूएस कई मुद्दों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोशिशें बेकार हैं। भारत इसका विरोध करेगा।



- **5G जनरेशन फाइटर जेट की तकनीक भी शेयर करेंगे**
- **अमेरिका से बोले- भारत पर दबाव डालना बेकार**

सुखोई एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है और उनकी नजर में दुनिया के सबसे अच्छे फाइटर जेट्स में से एक है। इसमें स्टेल्थ क्षमता, उच्च गतिशीलता, आधुनिक एवियोनिक्स और मल्टी-रोल कॉम्बैट क्षमताएं हैं...

**-व्लादिमीर पुतिन**

# पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त: ट्रम्प

## भारत के साथ जल्द होगी ट्रेड डील

**वॉशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। ट्रम्प ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देश जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हम एक समझौते तक जरूर पहुंचेंगे, क्योंकि मैं भारतीय प्रधानमंत्री को बहुत पसंद करता हूं। वे मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे बीच बेहतरीन तालमेल है और हम मिलकर यह डील करने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अब 'भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहा है।' पहले स्थिति अलग थी और भारत भारी टैरिफ लगाकर अमेरिका से पैसे कमाता था। अपनी बात को समझाने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी मोटरसाइकिल ब्रांड 'हार्ले-डेविडसन' का उदाहरण दिया। उन्होंने तर्क दिया कि अतीत में भारत के लगाए गए ऊंचे टैरिफ के कारण इस प्रतिष्ठित निर्माता के लिए भारत में अपने वाहन बेचना बेहद मुश्किल हो गया था। ट्रम्प ने कहा कि अतीत में, वे हार्ले-डेविडसन को अपनी मोटरसाइकिलें **शेष पृष्ठ दो पर**



- **अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- मोदी मुझे बहुत पसंद हैं, हमारे बीच अच्छा तालमेल है**

### अमेरिका ने इस वर्ष 1076 भारतीय नागरिकों को किया निर्वासित

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि इस वर्ष अब तक अमेरिका से 1076 भारतीय नागरिक वापस भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अमेरिका ने 3567 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा था। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रवासियों और लोगों के आवागमन को लेकर बातचीत चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 11 राज्यों में गुरुवार को आंधी-बारिश ने तबाही मचाई। मध्य प्रदेश के भोपाल में 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तूफान आया। इससे कई इलाकों में 80 से ज्यादा पेड़ गिरे। उत्तर प्रदेश के भी 12 शहरों में बारिश हुई, नोएडा में भी दोपहर बाद तेज हवाओं के कारण 400 पेड़ उखड़ गए। पेड़ गिरने कई जगह गाड़ियां दब गईं। रास्ते घंटों जाम रहे। राजस्थान के जयपुर में दिल्ली से 4 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। श्रीगंगानगर में ओले गिरे। दिल्ली-एनसीआर में भी खराब मौसम के कारण 11 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। इधर, हरियाणा के फरीदाबाद में फ्लाईओवर बनाने लगाई गई क्रेन तेज हवाओं के कारण पलट गई। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई।

### राहुल गांधी के मानहानि मामले में 25 जून को सुनवाई

**सुलतानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि के मामले में शुक्रवार को सुलतानपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल एडीजे कोर्ट में सुनवाई हुई। रिवीजन याचिका (पुनरीक्षण अर्जी) पर कोर्ट ने अगली सुनवाई और बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा दाखिल की गई रिवीजन याचिका (पुनरीक्षण अर्जी) पर कोर्ट ने अगली सुनवाई और बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है।

# RBI को महंगाई बढ़ने का अंदेशा

## नए वित्त वर्ष की दूसरी बैठक में रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन नहीं होगा महंगा व EMI नहीं बढ़ेगी

**मुंबई, वार्ता**

**रिजर्व बैंक** ने नए वित्त वर्ष की दूसरी मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। वहीं 2027 में महंगाई के अनुमान को 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 जून को इसकी जानकारी दी। वेस्ट एशिया (मध्य पूर्व) में चल रहे तनाव और सप्लाई चेन में रुकावटों के चलते आरबीआई ने आर्थिक विकास दर यानी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटा दिया है। अब चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.9 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया गया है। महंगाई के बढ़ते जोखिमों के बावजूद मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी ने अपनी नीति का रुख न्यूट्रल (तटस्थ) बनाए रखने का फैसला किया है। कमेटी स्थिति पर नजर रखते हुए डेटा के आधार पर आगे कदम उठाएगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि हालांकि रिटेल महंगाई अभी टारगेट के दायरे में है, लेकिन वैश्विक तनाव के कारण फ्यूल (ईंधन) और एनर्जी की बढ़ती कीमतें आगे चलकर खुदरा बाजार और आम जनता की जेब पर दबाव डाल सकती हैं। पश्चिम-दक्षिण मानसून में कमी (कम बारिश) के अनुमान को लेकर भी चिंता जताई गई है। इसका सीधा असर खेती-किसानी की पैदावार और ग्रामीण इलाकों में मांग पर पड़ सकता है। हालांकि, सरकार की फसल विविधीकरण यानी डायवर्सिफिकेशन जैसी योजनाएं इसके असर को कम करने में मदद करेंगी। अच्छी बात यह है कि घरेलू आर्थिक गतिविधियां अब भी मजबूत बनी हुई हैं। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का प्रदर्शन बेहतर है और जीएसटी रेशनलाइजेशन व स्थिर रोजगार के चलते शहरी क्षेत्रों में कंजम्पशन (खपत) को सहारा मिल रहा है। गवर्नमेंट सिक्योरिटीज के तहत फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब इसमें 10 साल तक के अलावा 15, 30 और 40 साल की अवधि वाले नए सरकारी बॉन्ड्स को भी शामिल किया जाएगा। पब्लिक सेक्टर कंपनियों द्वारा लिए जाने वाले एक्सटर्नल कमर्शियल बारोइंग को बढ़ावा देने के लिए 13 सितम्बर 2026 तक रियायती फारेक्स स्वैप की सुविधा दी जाएगी।



- **चालू वित्त वर्ष-2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान भी 6.9 से घटाकर 6.6 % किया**

# नेपाल के विदेश मंत्री के साथ वार्ता में सभी मुद्दों पर होगी बात: विदेश मंत्रालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत यात्रा पर आए नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल की विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता में विकास के क्षेत्र में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंधों और व्यापार तथा निवेश के साथ-साथ अन्य सभी मुद्दों पर बात होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां सवालों के जवाब में कहा कि नेपाल के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर आए हैं और उनकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ भारत के व्यापक मुद्दे हैं, जैसे विकास में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंध और व्यापार तथा निवेश आदि। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रियों की मुलाकात में इन सभी विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक है। प्रवक्ता से विदेश मंत्री की भारत यात्रा के एजेन्डे के साथ साथ यह पूछा गया था कि क्या भारत नेपाल के प्रधानमंत्री के सीमा विवाद पर दिए गए बयान के मुद्दे को भी उठाएगा।

- **भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक**

### कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर आज दिल्ली लौटेंगे



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने 6 जून (आज) को भारत लौटने से पहले अपने पुरानी अपील से यूटर्न ले लिया है। उन्होंने 4 जून को रात 10 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज जारी कर समर्थकों से दिल्ली एयरपोर्ट पर न आने की अपील की है। कुछ दिन पहले उन्होंने खुद समर्थकों से एयरपोर्ट पहुंचने का आह्वान किया था। उम्मीद से ज्यादा समर्थन मिलने के कारण बड़ी भीड़ जुट सकती है, जिससे आम लोगों और सुरक्षा व्यवस्था को परेशानी हो सकती है।

# जनता कांग्रेस से नाराज, इसलिए कर्नाटक सीएम बदला: मोदी

**सूरत।** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मकता के नाराज है। इसलिए कर्नाटक में सीएम बदलना पड़ा।

मोदी बोले कि दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते है। आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा। आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं।



पीएम ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ये बातें कही। उन्होंने वहां से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

# बीते वित्त वर्ष 7.7 प्रतिशत रही जीडीपी वृद्धि दर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सेवा और विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के दम पर वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 2022.23 आधार वर्ष पर शुरू नई सीरीज में सबसे तेज है।

वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत और 2024-25 में (पहला संशोधित अनुमान) 7.1 प्रतिशत रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 और उसकी चौथी तिमाही के जीडीपी के प्राथमिक अनुमान जारी किए। अनुमान में बताया गया है कि गत 31 मार्च को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी 323.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। यह एक साल पहले 299.89 लाख करोड़ रुपये थी। वर्तमान मूल्यों पर आधारित नॉमिनल जीडीपी या सांकेतिक जीडीपी 346.36 लाख करोड़ रुपये रही, जो सालाना 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही और यह 87.77 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 8.3 प्रतिशत और पहली तिमाही में 6.8 प्रतिशत रही थी। चौथी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी 9.1 प्रतिशत बढ़कर 94.65 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। प्राथमिक अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में सकल पूंजी निर्माण 9.9 प्रतिशत बढ़कर 110.64 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।



- **2024-25 में 7.1 प्रतिशत थी जीडीपी वृद्धि दर**




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### बिरला ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा है कि अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। बिरला में शुक्रवार को कहा कि पर्यावरण केवल हमारे अस्तित्व का आधार नहीं, बल्कि इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा षविश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर आइए देखें कि किस प्रकार भारत की संसद पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित भविष्य के संकल्प को साकार कर रही है। संसद परिसर की हरियाली, स्वच्छ वातावरण, पेपरलेस कार्यप्रणाली, सिगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध तथा पर्यावरण-अनुकूल संसदीय भवन जैसी पहलें प्रकृति और प्रगति के संतुलित संगम का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

### मोदी ने सुरहा ताल के देश का 100वां रामसर स्थल बनने पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बलिया स्थित जयप्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (सुरहा ताल) को भारत के 100वें रामसर स्थल के रूप में मान्यता मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह देश की आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सुरहा ताल जैव विविधता, विशेषकर पक्षी प्रजातियों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध आर्द्रभूमि है, जहां बड़ी संख्या में प्रवासी और स्थानीय पक्षी आते हैं।

# उप्र में फिर बदलेगा मौसम, लू फिर करेगी परेशान

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मेघगर्जन, वज्रपात तथा 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों के दौरान मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने राज्य के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की है। वहीं नौ जून से प्रदेश के कई इलाकों में पुनः लू का प्रभाव बढ़ने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा शुक्रवार दोपहर जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार 5 और 6 जून को पश्चिमी तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा अथवा बौछारें पड़ सकती हैं। इसके बाद 7 से 9 जून तक अधिक. ांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 जून को एक बार फिर कहीं-कहीं वर्षा और गरज-चमक की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं, जबकि 11 जून को प्रदेश के दोनों हिस्सों में छिटपुट वर्षा के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज यानी पांच जून के लिए विशेष चेतावनी जारी करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन, वज्रपात तथा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी मेघगर्जन, बिजली चमकने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। छह जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 9 जून से 11 जून के बीच पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर उष्ण लहर (लू) चलने की संभावना है। ऐसे में लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आगामी सप्ताह के दौरान प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहेगा। शुरुआती दिनों में आंधी, बारिश और वज्रपात की गतिविधियां राहत पहुंचा सकती हैं, लेकिन इसके बाद तापमान में वृद्धि के साथ लू का असर फिर से महसूस किया जा सकता है।

# खूबसूरत पर्यटन स्थलों को किया जा रहा है बर्बाद: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ जनजातीय समुदायों की जमीन वनाधिकार कानून का उल्लंघन कर छीनी जा रही

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक ग्रेट निकोबार परियोजना के लिए करीब 1.5 करोड़ पेड़ काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर इस क्षेत्र की खूबसूरती को बर्बाद किया जा रहा है।

गांधी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि मैं भारत के दक्षिणतम छोर इंदिरा प्वाइंट गया। वहां सदियों पुराने वृक्षों के बीच चहल कदमी की, समृद्ध समुद्री जीवन और जैव विविधता से भरपूर प्रवाल (कोरल रीफ) भित्तियां और वहां रहने वाले लोगों से बातचीत भी की। जनजातीय समुदायों की जमीन वनाधिकार कानून का उल्लंघन कर छीनी जा रही है और इन द्वीपों पर बसाए गए अनेक पूर्व सैनिकों को भी उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी लोगों को बता रही है कि ग्रेट निकोबार परियोजना रक्षा जरूरतों के लिए है, जबकि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आईएनएस बाज के विस्तार की आवश्यकता है, तो कांग्रेस सरकार इसका पूरा समर्थन करेगी, लेकिन नौसेना की यह मांग पिछले पांच वर्षों से लंबित है। कांग्रेस नेता ने कहा कि परियोजना को ट्रांसशिपमेंट पोर्ट के नाम पर भी उचित नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि ऐसा बंदरगाह केरल में पहले से विकसित किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने कर्नाटक से खड़गे और खेड़ा को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए 18 जून को होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में कर्नाटक से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही पार्टी ने संगठन के प्रमुख चेहरों और रणनीतिकारों को भी मैदान में उतारा है। खड़गे को इसी राज्य से दोबारा उम्मीदवार बनाया गया है। कर्नाटक से खड़गे की उम्मीदवारी कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से ऐसे संवेदनशील समय पर आई है, जब पार्टी बेंगलुरु में हाल ही में कैबिनेट स्तर पर असंतोष सामने आने के बाद अपने इस प्रमुख दक्षिणी गढ़ में गुटीय कलह से जूझ रही है। अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कर्नाटक राज्य चुनकर पार्टी आगामी महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाइयों से पहले अपने राजनीतिक समीकरणों में इस राज्य की केंद्रीय भूमिका को और मजबूत करने की इच्छुक दिखाई दे रही है।

# कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा

■ जयराम रमेश ने सीबीएसई की ओएसएम प्रणाली के टेंडर में अनियमितताओं का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली के टेंडर में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की मांग की करते हुए कहा है कि उनके पद पर बने रहते इस मामले की निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी ने दिसम्बर 2024 की बैठक में ओएसएम प्रणाली को लागू करने के वित्तीय प्रभावों पर चिंता जताते हुए माना था कि इसकी लागत मौजूदा व्यवस्था की तुलना में काफी अधिक होगी। इसके बावजूद ओएसएम प्रणाली को बढ़ी हुई दरों पर लागू किया गया। रमेश ने एक अंग्रेजी दैनिक में इस बारे में छपी रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि ओएसएम प्रणाली के टेंडर का अनुमानित मूल्य पहले दो निविदाओं में 28 करोड़ रुपये था, लेकिन अंतिम कार्यादेश में इसे बढ़ाकर 38.46 करोड़ रुपये कर दिया गया। उन्होंने आरोप है कि वास्तव में स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं और वास्तविक दरों के आधार पर कार्य का मूल्य लगभग 25.39 करोड़ रुपये बैठता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के समक्ष व्हिसलब्लोअर सार्थक सिद्धांत की प्रस्तुति के बाद उठाए गए सवालों का सीबीएसई ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया है।

## मुख्यमंत्री की वन्यजीव तस्करों के प्रति सजग रहने की अपील

# प्रकृति विरोधी माफिया से सतर्क रहें: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: प्रकृति और जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को रोकना सजग नागरिकों का दायित्व

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से भूमाफिया, वन माफिया, खनन माफिया और वन्यजीव तस्करों के प्रति सजग रहने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति और जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को रोकना सजग नागरिकों का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पांच संकल्प भी दिलाए- 'एक पेड़ मां के नाम' लगाना, पेड़ों को शरारती तत्वों और जीव-जंतुओं से बचाना, जल संरक्षण, सिगल यूज प्लास्टिक का त्याग और प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाना। मुख्यमंत्री शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान' विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय संगोष्ठी का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, बच्चों को चॉकलेट वितरित कीं, आमजन को कपड़े के झोले देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी लेते हुए वृक्ष कलश में जल अर्पित किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल और वन जीवन चक्र के अभिन्न अंग हैं, लेकिन विकास के नाम पर हमने पर्यावरण की सर्वाधिक उपेक्षा की है। 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग सहज ही महसूस कर सकते हैं कि पर्यावरण से खिलवाड़ की कीमत आज दुनिया चुका रही है। 25 वर्ष पहले की तुलना में मौसम चक्र में डेढ़ महीने का अंतर आ चुका है। योगी ने कहा कि कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाले उत्तर प्रदेश में इसका सीधा असर किसान पर पड़ेगा-अतिवृष्टि, अनावृष्टि, आय में कमी और खाद्यान्न संकट जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। असमय आने वाली आपदाएं चेता. वनी हैं कि अब भी समय रहते सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री ने भगवान राम के उद्घोष 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' का उल्लेख करते हुए कहा कि मां और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य और कृतज्ञता हर भारतीय का धर्म है।

### 54 के हुए योगी, राजनाथ, मायावती समेत कई दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को 54 वर्ष के हो गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती समेत देश की तमाम दिग्गज राजनीतिक हस्तियों ने मुख्यमंत्री योगी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों के साथ-साथ विपक्षी नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर उनके कुशल नेतृत्व, सुशासन और प्रदेश के विकास की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं कर्मठ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुरक्षा, विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74243.34
निफ्टी 23366.70

सोना 154000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 255000 प्रति किलो

# आईटी और धातु कंपनियों के दबाव से शेयर बाजारों में गिरावट

मुंबई, वार्ता



आईटी, धातु और तेल एवं गैस कंपनियों में बिकवाली के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई का संसेक्स 116.67 अंक (0.16 प्रतिशत) टूटकर 74,243.34 अंक पर बंद हुआ। यह छह अप्रैल के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 49.85 अंक यानी 0.21 प्रतिशत नीचे 23,366.70 अंक पर बंद। यह इसका भी सात अप्रैल के बाद का निचला स्तर है। वृहत बाजार में भी बिकवाली हावी रही।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत लुढ़क गया। निफ्टी आईटी सूचकांक 0.99 प्रतिशत, धातु सूचकांक 1.60 प्रतिशत और तेल एवं गैस सूचकांक 0.48 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, मीडिया, रियल्टी, स्वास्थ्य और अन्य सभी सूचकांक ऊपर रहे।

सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत गिर गया। टीसीएस, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूटे। एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडिगो, बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर भी गिरावट में रहे। हिदुस्तान यूनीलिवर का शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस में भी पौने दो प्रतिशत से ज्यादा तेजी रही। एशियन पेंट्स, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, सन फार्मा और एलएंडटी के शेयर भी ऊपर रहे।

### चांदी एक दिन में 6,138, सोना 1,896 सस्ता, चांदी 2.55 लाख, सोना 1.54 लाख प्रतिग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 5 जून को गिरावट दर्ज हुई है। एक किलो चांदी 6,138 रुपये घटकर 2.55 लाख रुपये पर आ गई है, जो गुरुवार को 2.61 लाख रुपये पर थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,896 रुपये घटकर 1.54 लाख रुपये आ गया है। इससे पहले 4 जून को यह 1.66 लाख पर था। सोना आल टाइम हाई से 127 दिन में 21,931 रुपये और चांदी 1,30,983 रुपये सस्ती हुई है। 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख रुपये/10 ग्राम और चांदी 3.86 लाख रुपये /किलो थी। एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं।

# वैश्विक आपूर्ति श्रंखलाओं में बिखराव सबसे बड़ा जोखिम: आरबीआई गवर्नर

मुंबई, वार्ता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था के सामने इस समय सबसे बड़ा जोखिम वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों के चलते वैश्विक आपूर्ति की श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान है क्योंकि इसका अवसर मुद्रास्फीति पर पड़ता है।

मल्होत्रा आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्वैमासिक समीक्षा बैठक के बाद परंपरागत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। आरबीआई की द्वैमासिक समीक्षा रिपोर्ट में जगह-जगह जोखिमों के उल्लेख के बारे में पूछे गए स्पष्टीकरण पर उन्होंने कहा कि ऐसी कई बातें हैं, जो मुद्रास्फीति और अर्थिक वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं, इनमें भू-राजनी. तिक संघर्ष और मानसून की कमी के अनुमान जैसे जोखिम शमिल हैं। उन्होंने कहा, 'देखना है कि आगे स्थिति कैसी बनती है, पश्चिम एशिया में संघर्ष कब खत्म होता है और आपूर्ति श्रृंखलाओं की बहाली में कितना समय लगता है। इसी संदर्भ में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि इन सब बातों को देखते हुए हमारी सबसे बड़ी चिंता आपूर्ति श्रंखलाओं को लेकर है। मुद्रास्फीति के बारे में पूछे गए सवाल पर मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति की प्रत्याशाओं पर निगाह बनाए रखेगा। इसके लिए आरबीआई परिवारों के बीच अपनी सर्वे रिपोर्ट के साथ दूसरे स्रोतों से मिलने वाली सूचनाओं (डाटा) पर भी ध्यान देता है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछली समीक्षा के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें नरम हुई है जो मुद्रा स्फीति पर आरबीआई के ताजा अनुमानों में झलकता है। आरबीआई का ताजा अनुमान इस मान्यता पर आधारित है कि कच्चे तेल का भाव फिल हाल 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। उल्लेखनीय है कि आरबीआई-एमपीसी ने नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) 5.25 प्रतिशत के पिछले स्तर पर तथा बैंकों के लिए उधार की सीमांत सुवधा (एमएसएफ) और बैंक दरों को 5.0, 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मायावती ने हिमाचल, जम्मू कश्मीर यूनिट की लगाई क्लास



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को पार्टी की हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर यूनिट की अहम समीक्षा बैठक की।

बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने और आगामी चुनावों में सफलता हासिल करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। मायावती ने बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से पेश की गई प्रगति रिपोर्ट की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए अब केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि जमीनी काम और चुनावी नतीजों पर पूरा ध्यान देना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि बहुजनों को अपने वोट की सुरक्षा को अपने आत्म-सम्मान, इज्जत, जान-माल और मजहब की तरह समझना होगा। तभी अंबेडकरवादी मिशन का कारवां अपनी मंजिल तक पहुंच पाएगा। उन्होंने कहा कि बसपा को आगे बढ़ाने के लिए तन, मन और धन से पूरी मुस्तैदी लानी होगी और चुनावी सफलताओं को भी उतना ही महत्व देना होगा, जितना संगठनात्मक काम को।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पीएम मोदी...**

नहीं बेचने देते थे। उन्होंने 200 प्रतिशत का टैरिफ लगा रखा था, जिससे हार्ले-डेविडसन के लिए रास्ते बंद हो गए थे। आखिरकार कंपनी को भारत जाकर अपने खुद के प्लांट लगाने पड़े। जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन ऐसा हुआ। यह सब मेरे कार्यकाल से पहले की बात है। उन्होंने कहा कि वे भी यहां मोटरसाइकिलें बेचते थे। क्या आप जानते हैं कि हम उनसे कितना शुल्क लेते थे? कुछ भी नहीं। और अब स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। हम भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी आरोप लगाया कि भारत सालों से अमेरिकी नीतियों का फायदा उठा रहा था और भारी-भरकम टैरिफ वसूल रहा था। उन्होंने कहा कि वे हमारी कंपनियों से भारी मात्रा में टैरिफ वसूलते थे और हम उनसे कुछ भी नहीं लेते थे। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में एक अंतरिम द्विपक्षीय समझौते पर चार दिनों तक चली बातचीत को गुरुवार को पूरा किया है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने इस वार्ता के बारे में कहा कि व्यापार वार्ता सहयोग और व्यावहारि. कता की भावना से भरी रही। दोनों पक्षों ने एक ऐसे पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने की प्रतिबद्धता दोहराई, जो द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करे।

# दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों की शुरुआत, इसी वर्ष लगेंगे 15 लाख पेड़

नई दिल्ली, वार्ता



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों का उद्घाटन करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कई पर्यावरणीय पहल शुरु की।

यादव ने यहां मैदनगढ़ी स्थित नमो ऑक्सीजन पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी और भूमि क्षरण मानवता के समक्ष तीन बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियां हैं और इन चुनौतियों के बीच भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व के कारण ही देश ने सौर ऊर्जा, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस तथा रामसर आर्द्रभूमि स्थलों के विस्तार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी आवश्यक बताते हुए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि यह अभियान वृक्षारोपण को जन-आंदोलन में बदलने में सफल रहा है। उन्होंने नागरिकों से पौधारोपण के साथ-साथ पेड़ों के संरक्षण और देखभाल की भी अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्धसीएक्यूएमऋ वायु प्रदूषण के प्रमुख्रु ोतों से निपटने के लिए अनेक कदम उठा रहे हैं। इनमें ऑनलाइन निरंतर उत्सर्जन निगरानी प्रणाली, वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की स्थापना, सड़कों की मशीनीकृत सफाई तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में विकसित किए गए 18 नमो ऑक्सीजन पार्क शहरी हरित 'फेफड़ों' के रूप में कार्य करेंगे तथा वायु गुणवत्ता में सुधार, जैव विविधता संरक्षण और नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए जो भी कदम उठाए जा रहे हैं ए सारे प्रयास राजधानी में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता प्रबंधन और सतत विकास को मजबूती प्रदान करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरित क्षेत्र के विस्तार को जरूरी बताया और कहा कि दिल्ली सरकार ने इस वर्ष पूरे शहर में 15 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान की सफलता के लिए पौधों की देखभाल और संरक्षण में भी जनभागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए 2026-27 से 2036-37 तक की कार्ययोजना, असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य की प्रबंधन योजना तथा दिल्ली बर्ड एटलस का भी विमोचन किया गया।

### सुरक्षित अमरनाथ यात्रा के लिए पहचान एप लॉन्च

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा के दौरान पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 'अनंतनाग जिले में पहचान एप' लॉन्च किया है। यह एक क्यूआर आधारित मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसका उद्देश्य यात्रा मार्ग और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर काम करने वाले सेवा प्रदाताओं का पंजीकरण और सत्यापन करना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह एप्लिकेशन सेवा प्रदाताओं का तुरंत, मौके पर ही सत्यापन करने में सक्षम बनाता है और पंजीकृत एवं सत्यापित व्यक्तियों को अपंजीकृत लोगों से स्पष्ट रूप से अलग करके एक सुरक्षित माहौल तैयार करता है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि पहचान एप लॉन्च करने के पीछे मुख्य उद्देश्य सेवा प्रदाताओं के भेष में असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोककर यात्रा की अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है।

# 8 जून से घर-घर जाकर गणना फार्म बांटेंगे बीएलओ

## अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. जोगदण्डे ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी एसआईआर की दी विस्तृत जानकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे ने बताया कि प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है।

सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डॉ0 जोगदण्डे ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ का तीन चरणों में प्रशिक्षण, गणना फार्मों की शत प्रतिशत प्रिंटिंग पूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना फार्म का वितरण एवं संकलन किया जाएगा। इसी एक माह के दौरान मतदाताओं के गणना फार्मों को बीएओ एप्प के माध्यम से डिजिटिलाइज कर अपलोड किया जाएगा।



■ मतदाता पहली बार घर पर न मिलने पर तीन विजिट करेंगे बीएलओ

उन्होंने बताया यह इस दौरान कोई मतदाता घर पर उपलब्ध नहीं है तो बीएलओ तीन बार घर पर विजिट करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताय कि 14 जुलाई को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा इसके साथ ही 14 जुलाई से 13 अगस्त के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 14 जुलाई से 11 सितंबर तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदण्डे ने बताया कि प्रदेश में 79 लाख 60 हजार 762 मतदाताओं को गणना फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता स्वयं भी ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से अपना गणना फार्म ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं इसके बाद मतदाता इसे भरकर अपलोड कर सकते हैं। इस प्रकिया के दौरान अपर कोई भी पात्र व्यक्ति, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाना चाहते हैं तो वे अपने बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 भर सकते हैं। जिसके बाद दावे आपत्तियों के निस्तारण के समय उनके फार्मों पर विचार किया जाएगा।

**एक क्लिक पर अपने बीएलओ के लिए बुक करा सकते हैं फोनकॉलः** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ष्बुक ए कॉल विद बीएलओ के फीचर से मतदाता एक क्लिक पर अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता वेबसाइट पर विजिट करके या मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर अपनी कॉल बुक करा सकते हैं। कॉल बुक कराने के बाद दो दिन के भीतर बीएलओ द्वारा मतदाता से स्वयं संपर्क किया जाएगा। **आसानी से सर्च कर सकते हैं 2003 की मतदाता सूची में नामः** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र, अपने तथा अपने पिता/पति के नाम के आधार पर मतदाता क्रमांक एवं बूथ संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही गली, मोहल्लों और एरिया के नाम से भी मतदाता सूची खोजने की सुविधा प्रदान की है।

### एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंण्डे की अध्यता में शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर विस्तृत चर्चा की। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर को बेहतर ढंग से संच. ालित करने के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स नियुक्त करने की अपील की। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में 11733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश में राजनैतिक दलों द्वारा 22823 बीएलए की तैनाती कर दी गई है।

इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चन्द्र दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी सहित भाजप, कांग्रेस, बीएसपी, सीपीआई (एम) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



■ अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर को लेकर की राजनैतिक दलों के साथ बैठक

# खुल रही है भाजपा नेताओं के खिलाफ साजिशों की परतें: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा के खिलाफ विपक्षियों की साजिश की परतें एक के बाद खुलती जा रही है। जन अदालत मे कांग्रेस को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी।



■ कहा, कांग्रेस को माफ नही करेगी जनता ■ अंकिता हत्याकांड को तूल देने के लिए कई पैंतरे आजमा रही कांग्रेस

चौहान ने कहा कि हाईकोर्ट मे भी सुनवाई के दौरान यह बात सामने आयी कि भाजपा नेताओं के खिलाफ साजिश और दुष्प्रचार के लिए ऐसे कृत्य किये गए। अदालत भी साफ कर चुकी है कि बिना सुबूत के ऐसे आरोप किसी की छवि खराब करने के लिए नही किये जाने चाहिए। अदालत ने मामले मे दो एफआईआर भी रद्द की है।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस की मंशा किसी न किसी तरह अंकिता भंडारी हत्याकांड को तूल देकर राजनैतिक लाभ की मंशा रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस सहित विपक्ष अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग करती रही है, लेकिन सीबीआई जांच की संस्तुति के बाद बैकफुट पर आयी कांग्रेस नये नये पैंतरे आजमा रही है। काग्रेस षड्यंत्र और दुष्प्रचार के बूते सत्ता तक पहुँचने का ख्वाब बन रही है। उन्होंने कहा कि अंकिता के माता पिता की राहुल गाँधी से वार्ता इसी का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मंशा कोर्ट मे जाहिर होने के बाद जनता की अदालत मे भी साफ हो गया है। हालांकि कांग्रेस का चरित्र पहले ही सामने आ गया था। अंकिता को लेकर यात्रा निकालने वाली कांग्रेस जनता की अदालत मे पहले ही नकारी जा चुकी है। जनता अब कांग्रेस को माफ नही करने वाली है।

# शिक्षा विभाग में शिक्षकों व कार्मिकों के अटैचमेंट होंगे समाप्तः डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विभिन्न विद्यालयों, विभागीय कार्यालयों व अन्य विभागों में सम्बद्ध सभी शिक्षकों को वापस अपने विद्यालयों में जाना होगा। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आगामी 30 जून तक सभी प्रकार के अटैचमेंट समाप्त करने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा उन शिक्षणेत्तर कार्मिकों के सम्बद्धीकरण आदेश भी निरस्त किये जायेंगे जो दूसरे कार्यालयों में तैनात हैं।

■ अफसरों को दिये 30 जून तक सभी अटैचमेंट समाप्त करने के निर्देश ■ कहा, लम्बे समय से मूल तैनाती से इतर जमे हुये हैं शिक्षक व कर्मचारी

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में मानव संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये राज्य सरकार कड़े कदम उठाने से नहीं हिटकेगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लम्बे समय से विभिन्न स्कूलों, विभागीय कार्यालयों एवं अन्यत्र विभागों में सम्बद्ध अथवा प्रतिनियुक्ति पर गये शिक्षकों अपने मूल विद्यालय में जाकर बच्चों को पढ़ाना होगा। डॉ. रावत ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आगामी 30 जून तक सभी शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें तत्काल प्रभाव से विद्यालयों में भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर जो शिक्षक अपने मूल तैनाती स्थल पर नहीं लौटे उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी। डॉ. रावत ने कहा कि अधिकांश अटैचमेंट केवल एक शैक्षणिक सत्र के लिए किए गए थे, लेकिन कई शिक्षक और कर्मचारी वर्षों से अपने मूल विद्यालयों से दूर कार्यरत हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ा है और शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को शिक्षणेत्तर कार्मिकों के सभी सम्बद्धीकरण आदेश भी तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में किसी विशेष प्रशासनिक अथवा शैक्षणिक आवश्यकता के तहत सम्बद्धीकरण की जरूरत पड़ती है तो उसे नए सिरे से निर्धारित अवधि के लिए किया जाएगा, जिसकी अधिकतम अवधि केवल एक शैक्षणिक सत्र होगी। डॉ. रावत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# हमें पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नैनीताल जिले के भीमताल स्थित रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने उपस्थित जनता को विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यहां की सुंदर झील, चारों ओर फैली हरियाली तथा पर्वतों की अद्भुत श्रृंखला और प्रकृति की अनुपम छटा हमें केवल आनंद का अनुभव ही नहीं कराती बल्कि हमें ये भी याद दिलाती है कि प्रकृति और पर्यावरण ही हमारा वर्तमान भी है और भविष्य भी है। इसलिए इस प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। सीएम धामी ने कहा कि आज का दिन केवल पौधे लगाने या औपचारिक कार्यक्रमों को करने का ही नहीं है बल्कि आज का दिन आत्मचिंतन करने का भी दिन है। आज का दिन स्वयं से ये पूछने का अवसर है कि हम अपने बच्चों और आने वाली पीढियों को कैसी धरती कैसा पर्यावरण और कैसा भविष्य सौंपकर जाना चाहते हैं? कया हम उन्हें स्वच्छ नदियाँ, हरे-भरे जंगल और शुद्ध वातावरण देंगे या फिर प्रदूषणए जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों से भरा भविष्य देकर जायेंगे इस प्रश्न का उत्तर हम सभी को स्वयं से पूछना होगा।



■ भीमताल में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विश्व को एक नई दिशा देने का काम किया है। उन्होंने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया है कि विकास और पर्यावरण एक दूसरे के विरोधी नहीं हैं। इसी सोच के साथ भारत प्रकृति भी और प्रगति भी के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने मिशन लाइफ के माध्यम से दुनिया को यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिमेदारी नहीं है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रत्येक परिवार से आग्रह किया कि वह अपनी माँ के नाम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे वृक्ष बनाएं। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया जंगलों की रक्षा की बात कर रही थी तब उत्तराखंड की मातृशक्ति ने चिपको आंदोलन के माध्यम से इतिहास रचा था। गौरा देवी और यहां को माताओं, बहनों ने दुनिया को यह संदेश दिया था कि प्रकृति की रक्षा के लिए जनशक्ति से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती, आज फिर उसी भावना को जगाने की जरूरत है। आज फिर हमें पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा।

कैबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए भीमताल विधानसभा क्षेत्रा अंतर्गत गतिमान विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों योजनाओं की जानकारी दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा रामलीला मैदान में स्थित श्री हनुमान मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, विधायक नैनीताल सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डबबू, ध्रुव रौतेला, भावना मेहरा, हुमुक सिंह कुंवर तथा देवेंद्र सिंह, बलाक प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, धारी भावना आर्या तथा अध्यक्ष नगर पालिका भीमताल सीमा टम्टा, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, पूर्व मंत्री सुरेश आर्या तथा कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत तथा सीडीओ अरविंद पाण्डे, एसपी जगदीश चंद्र मौजूद रहे।

# मिड-डे मील योजना में हेराफेरी की होगी जांच: शिक्षा मंत्री

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने माध्यान भोजन योजना (मिड-डे मील) में हो रही फेराफेरी की शिकायतों का संज्ञान लेते हुये इसके जांच के आदेश दे दिये हैं। डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को हरिद्वार व ऊधमसिंह नगर जनपद के साथ ही नैनीताल जिले के रामनगर, हल्द्वानी, पौड़ी में कोटद्वार, देहरादून में डोईवाला, रायपुर, विकासनगर व सहसपुर ब्लॉक के विद्यालयों में मिल-डे मील में हो रही गड़बड़ी की जांच करने को कहा। डॉ. रावत ने कहा कि उन्हें पिछले कुछ समय से विभिन्न माध्यमों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों के माध्यम से मिड-डे मील योजना में गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों में कुछ विद्यालयों द्वारा छात्र नामांकन संख्या के सापेक्ष अधिक खाद्यान्न की प्रविष्टियां दर्ज करने तथा खाद्यान्न की प्राप्ति और



वास्तविक खपत में अंतर होने जैसी गंभीर अनियमितताओं की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी इस महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। डॉ. रावत ने कहा कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी स्तर पर अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल गांधी को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता: धामी

## नैनीताल में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

नैनीताल। सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को नैनीताल पहुंचे, नैनीताल आगमन पर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। सीएम धामी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कोई भी व्यक्ति राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेता उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को स्वयं भी यह पता नहीं रहता कि वह कब कया बोल जाते हैं।



■ पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, संगठन की मजबूती व विभिन्न समसामयिक विषयों पर की चर्चा

मुखयमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी वर्षों से राहुल गांधी को स्थापित करने का प्रयास कर रही है लेकिन आज तक वह जनता का विश्वास हासिल नहीं कर पाए हैं। सीएम धामी ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा सेना और सैनिकों को लेकर दिए गए बयान दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और सैन्य अभियानों पर सवाल उठाता हो, सैनिकों के शौर्य तथा साहस और पराक्रम के प्रमाण मांगता हो उसे देवभूमि उत्तराखंड जैसे सैनिक बहुल प्रदेश की जनता गंभीरता से नहीं ले सकती। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री, सरकार और राजनीतिक दलों का विरोध करने तक सीमित नहीं रहे बल्कि अब सेना और देश की प्रतिष्ठा पर भी सवाल खड़े कर रहे। सीएम ने कहा कि ऐसे बयान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंच. ते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रति भी अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया था, जिसे देशवासी कभी नहीं भूल सकते। सीएम धामी ने कैंची धाम को लेकर कहा कि बाईपास का निर्माण कार्य हो रहा है जहाँ कैंची धाम में हजारों की खंखया में भक्त आते हैं और किसी को दर्शन के लिए परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है, इसके साथ ही जितने भी धार्मिक स्थल हैं, उत्तराखंड के अंदर उनको विकसित किया जा रहा है ताकी धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो सके। विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर सीएम धामी ने कहा पर्यावरण को संरक्षित करना हम सब की जिममेदारी है, कहा हम हिमालय के राज्य है जहाँ हिमग्लेशियर, गंगा यमुना जैसी अनेक नदियां हैं जो वर्षभर जीवनदायनी का काम करती हैं। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, डीएसए महासचिव मनोज जोशी समेत अरविन्द पडियार, हरीश राणा, मोहित साह, जीवंती भट्ट, कविता गंगोला, गजाला कमाल, आभा साह, डा. भुवन चंद्र आर्य ज्योति ढौढियाल, सलमान जाफरी, मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को दी स्वीकृति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान किए जाने पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन, जल निकासी और सुरक्षा संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत वार्ड-05 दून विहार, वार्ड-09 आर्यनगर, वार्ड-11 विजय कॉलोनी, वार्ड-12 किशन नगर, वार्ड-01 मालसी, वार्ड-02 विजयपुर, वार्ड-04 राजपुर तथा वार्ड-05 धोरणखास में आंतरिक सड़कों एवं नालियों का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही विभिन्न स्थानों पर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य भी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मसूरी विधानसभा क्षेत्र में बिन्दाल नदी के बाएं किनारे पर पथरियापीर से इंदिरा नगर कॉलोनी फेज-3 तक विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार की पुनः स्थापना का कार्य भी कराया जाएगा। वहीं वार्ड-1 में मक्कावाला के नाले में बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य भी स्वीकृत किया गया है।

# बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित रूप से करें जांच: सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई टिहरी।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने जनपद टिहरी गढ़वाल के बौराड़ी क्षेत्र में स्थित राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र ढुंगीधार, श्रीदेव सुमन पुस्तकालय एवं बौराड़ी स्टेडियम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ी केन्द्र ढुंगीधार में बच्चों की संख्या, उपलब्ध खेल सामग्री तथा बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे खाद्य एवं पोषण पदार्थों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण किट वितरित की तथा केन्द्र में बच्चों का वजन भी माप करवाया। उन्होंने एएनएम एवं आशा कार्यकर्त्रियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा बच्चों के घरों तक पहुंचकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित करें। इसके उपरांत मुख्य सचिव ने राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना, बच्चों के लिए उपलब्ध फर्नीचर, उपस्थिति पंजिका एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचिव ने श्रीदेव सुमन पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं, पुस्तकों के रखरखाव, अभिलेखों, पंजीकरण व्यवस्था तथा दुर्लभ एवं प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्हें अवगत कराया गया कि उक्त पुस्तकालय को पुरानी टिहरी से विस्थापित कर वर्तमान स्थान पर स्थापित किया गया है। पुस्तकालय में राजशाही काल से लेकर आधुनिक विषयों तक की समृद्ध पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध है, जिससे साहित्य प्रेमियों, शोधार्थियों एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। इसके पश्चात मुख्य सचिव ने बौराड़ी स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित बैडमिंटन हॉल के निर्माण स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव, स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय, नगर पालिका परिषद टिहरी अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने डाइजर क्षेत्र में जैकरेण्डा के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी वी. पी. सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय गौरव, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी पंकज तिवारी सहित कई विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



■ मुख्य सचिव ने विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, पुस्तकालय का किया निरीक्षण

# संपत्ति के विवाद में भाई की हत्या करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून पुलिस ने करीब एक साल पहले राजपुर थाना क्षेत्र में हुई अजय भटेजा की हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड और 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त अमित भटेजा को जिला न्यायालय के बाहर से गिरफ्तार कर लिया है। संपत्ति हड़पने की मंशा से उसने अपने ही सौतेले भाई की हत्या की साजिश रची थी।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल ने बताया कि पुलिस पूछताछ में मास्टरमाइंड अमित भटेजा ने बताया कि उसका सौतेला भाई अजय भटेजा शराब का आदी था। अजय के पास देहरादून और मसूरी में कई बेशकीमती संपत्तियां थीं। अमित का आरोप था कि अजय इन संपत्तियों में से उसे हिस्सा नहीं दे रहा था और सारा पैसा अपनी अय्याशी में उड़ा रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने अजय को रास्ते से हटाने का फैसला किया।अमित ने उत्तर प्रदेश के शातिर अपराधी राजन उर्फ जैकी को अपनी संपत्ति का आधा हिस्सा देने और अन्य कानूनी मामलों में मदद का लालच देकर अपने साथ मिलाया। योजना के अनुसार, 25 मई 2025 की रात राजन और उसकी प्रेमिका हुमेरा उर्फ जोया ने अजय के जाखन स्थित घर में घुसकर तकिये से मुंह दबाकर उनकी हत्या कर दी। वारदात के अगले दिन अमित ने मौका देखकर मृतक के कमरे से प्रॉपर्टी के महत्वपूर्ण दस्तावेज और कागजात चोरी कर लिए थे।

# भालू के जबड़ों को पकड़ स्वरूप ने बचाई अपनी जान

## कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बेस चिकित्सालय पहुंचकर जाना हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विधानसभा श्रीनगर क्षेत्र के पैठाणी इलाके के खंड मल्ला गांव में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब मवेशी चराने गए 33 वर्षीय सरोप सिंह पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। जंगल के किनारे हुए इस खौफनाक संघर्ष में सरोप सिंह ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए भालू से सीधा मुकाबला कर अपनी जान बचाई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस अस्पताल लाया गया, जहां सर्जरी विभाग की टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



शुक्रवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने बेस अस्पताल पहुंचकर घायल सरोप सिंह का हालचाल जाना और उनके साहस की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में जिस बहादुरी से उन्होंने अपनी जान बचाई, वह प्रेरणादायक है। मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने आर्थो विभाग में भर्ती पैठाणी निवासी वीरेंद्र कंडारी का भी हालचाल जाना और चिकित्सकों से उपचार संबंधी जानकारी ली। बताया जा रहा है कि सरोप सिंह रोज की तरह घर के पास मवेशियों को चराने गए थे। इसी दौरान झाड़ियों से निकलकर एक भालू ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। भालू के हमले से घबराने के बजाय सरोप सिंह ने साहस दिखाते हुए उसका मुकाबला किया। संघर्ष इतना जबरदस्त था कि उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए भालू के दोनों जबड़ों को पकड़ लिया। काफी देर तक दोनों के बीच संघर्ष चलता रहा। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हल्ला मचाया, जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गया। हालांकि इस दौरान भालू ने सरोप सिंह के हाथ और सिर पर गंभीर घाव कर दिए। खून से लथपथ हालत में ग्रामीण उन्हें तत्काल बेस अस्पताल श्रीनगर लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका उपचार शुरू किया गया। बेस अस्पताल के सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. धनंजय डोभाल के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम घायल के इलाज में जुटी हुई है। डॉ. डोभाल ने बताया कि भालू के हमले से मरीज को कई गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार और आवश्यक सर्जिकल ट्रीटमेंट कर दिया गया है। संक्रमण और घावों की निगरानी के लिए मरीज को डॉक्टरों की देखरेख में भर्ती रखा गया है।इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ सतीश कुमार, भाजपा वरिष्ठ नेता मातबर रावत, आयुष मियां, अंकित रावत सहित अन्य स्टाफ मौजूद था।

# सहकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डॉ. रावत

■ बोले, 15 जून तक लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में सहकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सभी लंबित कार्य 15 जून तक हर हाल में पूर्ण करने तथा योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में आयोजित सहकारिता विभाग की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने भंडारण योजना, मिलेट्स मिशन, माधो सिंह भंडारी संयुक्त सहकारी खेती योजना, जन औषधि केंद्र, जन सुविधा केंद्र, ऋण वितरण, पैक्स और एफपीओ सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बताया गया कि गढ़वाल मंडल में 95 क्रय केंद्रों के माध्यम से 9,769 किसानों से लगभग 4,325 मीट्रिक टन मिलेट्स की खरीद की गई है।

मंत्री ने मिलेट्स मिशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। डॉ. रावत ने प्रत्येक जिले में एक आदर्श सहकारिता ग्राम विकसित करने की घोषणा करते हुए कहा कि इन गांवों में खाद-बीज, बैंकिंग, डिजिटल सेवाएं तथा विभिन्न ऑनलाइन सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने जिला सहकारी बैंकों में शाखा विस्तार और ऋण वसूली को मजबूत करने पर भी जोर दिया।

बैठक में सचिव सहकारिता डॉ. इकबाल अहमद ने कंप्यूटरीकरण सहित सभी लंबित कार्य 15 जून तक पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि समय सीमा के बाद लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### छोटे व्यवसायियों के लिए माइक्रो ऋण योजना शुरू होगी: धन सिंह

**श्रीनगर।** श्रीकोट गंगनाली बहुउद्देशीय सहकारी समिति की पहली सामान्य निकाय बैठक श्रीनगर में आयोजित की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपभोक्ता सहकारी संघ की भूमि श्रीकोट गंगनाली समिति को हस्तांतरित की जाएगी। इस भूमि पर समिति का कार्यालय एवं सामुदायिक भवन स्थापित किया जाएगा। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि भविष्य में समिति को गैस एजेंसी, सीएससी सेंटर, नगर बस सेवा तथा पेट्रोल पंप संचालन जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। वहीं चंद्र प्रकाश पांडे, विजय रतूड़ी, बबीता देवी और राहुल कुमार को भी ब्याज रहित ऋण वितरित किए गए। महिला किसानों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति सदस्यों को सम्मानित किया गया।

# डॉ. कृष्णानंद डिमरी बने जिला भेषज व सहकारी विकास संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जखोली क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी, कृषि विशेषज्ञ एवं सहकारिता क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ व्यक्तित्व डॉ. कृष्णानंद डिमरी ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है।

उन्हें जिला भेषज एवं सहकारी विकास संघ लिमिटेड, रुद्रप्रयाग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

संघ मुख्यालय सुमाड़ी में 4 जून को संपन्न हुए निर्वाचन में जखोली क्षेत्र से डॉ. डिमरी के पक्ष में सर्वसम्मति बनी, जिसके चलते वे बिना किसी मुकाबले के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर चुने गए। निर्वाचन अधिकारी द्वारा उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा आगामी 10 जून 2026 को की जाएगी। गौरतलब है कि जिला भेषज एवं सहकारी विकास संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया संघ मुख्यालय सुमाड़ी में संपन्न हुई। वहीं संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों का निर्वाचन 10 जून को आयोजित किया जाएगा। डॉ. कृष्णानंद डिमरी के निर्विरोध निर्वाचन से जखोली क्षेत्र सहित पूरे जनपद में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों, सहकारिता से जुड़े लोगों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और विकासोन्मुख सोच से संघ को नई दिशा मिलेगी तथा औषधीय एवं कृषि क्षेत्र के विकास को और अधिक गति प्राप्त होगी।

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर दर्दनाक हादसा, घोड़ा संचालक की मौत

■ चीरबासा हेलीपैड के पास पहाड़ी से गिरे पत्थर, घटना में राजस्थान का यात्री गंभीर घायल

■ पुलिस, डीडीआरएफ, वाईएमएफ और आपदा मित्रों की संयुक्त टीम ने चलाया राहत एवं बचाव अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। चीरबासा हेलीपैड के समीप ऊपरी पहाड़ी से अचानक पत्थर गिरने की घटना में एक स्थानीय घोड़ा संचालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद यात्रा मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार अपराह्न 2:54 बजे सूचना मिली कि चीरबासा हेलीपैड के निकट ऊपरी पहाड़ी से अचानक पत्थर गिरने लगे, जिसकी चपेट में दो व्यक्ति आ गए। सूचना प्राप्त होते ही डीडीआरएफ, वाईएमएफ, आपदा मित्र तथा सेक्टर अधिकारी गौरीकुंड को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

पुलिस, डीडीआरएफ, वाईएमएफ एवं आपदा मित्रों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार को लेकर तत्काल चिकित्सा केंद्र गौरीकुंड भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है।

हादसे में घायल व्यक्ति की पहचान विष्णु, निवासी राजस्थान के रूप में हुई है। वहीं मृतक की पहचान देवेश सिंह (23 वर्ष), निवासी बड़ासू, जनपद रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है, जो केदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़ा संचालक के रूप में कार्यरत था। प्रशासन द्वारा मृतक के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद यात्रा मार्ग के संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है तथा यात्रियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

गौरतलब है कि केदारनाथ यात्रा क्षेत्र में इन दिनों मौसम लगातार खराब बना हुआ है। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाओं की आशंका को देखते हुए प्रशासन लगातार सतर्कता बरत रहा है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से अपील की है कि यात्रा के दौरान सुरक्षा निर्देशों का पालन करें तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सावधानी बरतें।

## एक नजर .......

### राष्ट्रपति से संवाद करेंगी गढ़वाल विवि की शोधार्थी रीता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की शोधार्थी रीता का चयन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय गरिमा उत्सव-2026 के तहत राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। रसायन विज्ञान विभाग की शोधार्थी रीता ने प्रो. डीएस नेगी के निर्देशन में अपना पीएचडी शोधकार्य पूर्ण कर शोधप्रबंध जमा किया है। उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं शोध योगदान के आधार पर उन्हें इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए चुना गया। कार्यक्रम में देशभर से लगभग 200 जनजातीय छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने युवाओं को शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। रीता की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह, शोध निर्देशक प्रो. डीएस नेगी ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।



### राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ पीतांबरदत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ डीएस नेगी द्वारा पौधारोपण कर किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ राखी डिमरी, डॉ रश्मि बहुखंडी, डॉ दयाकिशन जोशी, डॉ संदीप किमोठी तथा बीएड स्ववित्तपोषित विभागाध्यक्ष डॉ हरीश कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ।

### केदारघाटी के युवा बनेंगे प्रकृति के दूत, नेचुरलिस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी के युवाओं को प्रकृति आधारित पर्यटन से जोड़ने और उन्हें स्थानीय प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का सशक्त संवाहक बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को क्रौंच हिल्स, साऊदी (अगस्त्यमुनि) में नेचुरलिस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अभिनव प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखण्ड सरकार एवं पर्यटन एवं आतिथ्य कौशल परिषद (टीएचएससी) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप सेमवाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की वास्तविक पहचान उसकी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति और लोक परंपराओं में निहित है। यदि स्थानीय युवा अपने क्षेत्र की विशेषताओं और विरासत को गहराई से समझें, तो वे न केवल पर्यटकों का बेहतर मार्गदर्शन कर सकते हैं, बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित कर सकते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हरीश गुसाईं ने प्रतिभागियों को केदारनाथ क्षेत्र से जुड़ी लोककथाओं, धार्मिक मान्यताओं तथा कम चर्चित पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। उन्होंने देवरियाताल सहित आसपास के विभिन्न नेचर ट्रेल्स का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में अनेक ऐसे प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थल मौजूद हैं, जिनके बारे में आज भी व्यापक स्तर पर जानकारी नहीं है।

# मेले हमारी परंपरा और संस्कृति की पहचान: बिजल्वाण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट /उत्तरकाशी।** तहसील बड़कोट के अंतर्गत पांडव गांव नाम से विख्यात सरनौल गांव में मां रेणुका का पौराणिक एवं धार्मिक ज्येष्ठ मेला बड़े धूधाम के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण में पांच गांव की आराध्य मां रेणुका की परंपरानुसार विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर दूर-दराज से आए ग्रामीण श्रद्धालुओं ने मां रेणुका का आशीर्वाद लिया। मेलार्थियों ने मेले में पारंपरिक तांदी और रासो नृत्य जमकर आनंद लिया।



■ सरनौल गांव में रही मां रेणुका मेले की धूम

मां रेणुका मेरे में आशीर्वाद लेने पहुंचे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा नेता दिग्गज नेता दीपक बिजल्वाण ने सरनौल गांव में पहुंच कर मां रेणुका का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र वासियों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि पहाड़ों में लगने वाले मेले केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। सदियों से ये मेले ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं, जहां लोग दूर-दूर के गांवों से एकत्र होकर अपने देवी-देवताओं के प्रति आस्था प्रकट करते हैं और आपसी मेलजोल को मजबूत बनाते हैं।

इन मेलों में लोकगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक वाद्य यंत्र, स्थानीय खानपान और हस्तशिल्प की झलक देखने को मिलती है। मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इनके जरिए युवा अपनी जड़ों, रीति-रिवाजों और लोक परंपराओं से जुड़ते हैं। पहाड़ के मेले सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का भी संदेश देते हैं। यहां लोग अपने सुख-दुख साझा करते हैं और सामुदायिक एकता को मजबूत बनाते हैं। आधुनिकता के इस दौर में भी इन मेलों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि इन्हें संरक्षित और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ताकि हमारी सांस्कृतिक पहचान सदैव जीवित रहे। वास्तव में, पहाड़ के मेले हमारी परंपरा, संस्कृति और सामूहिक जीवन की अमूल्य धरोहर हैं।

# पर्यावरण दिवस पर ली पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ

■ चित्रकला प्रतियोगिता में अनन्या ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रीनगर, चौरास, कीर्तिनगर और खंदूखाल क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन ने अलकेश्वर घाट में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना के निर्देशन में फैकल्टी, छात्रों और कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर में कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूगोल विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। मौके पर सुरेश चंद्र मैठाणी, दीनबंधु सिंह चौहान, रमेश चंद्र थपलियाल, ओमप्रकाश, अवधेश मणि, प्रो. अनिल द्विवेदी, डॉ. सुरेंद्र सिंह नेगी, डॉ. विभाष कुमार, डॉ. अभिनय, गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी, प्रो. एमएस पंवार, प्रो. बीपी नैथानी, प्रो आरएस नेगी, प्रो एचबीएस चौहान, प्रो. एसएस बिष्ट, प्रो आरके मैखुरी, प्रो. पूजा सकलानी, विभा भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** ब्लॉक द्वारीखाल के ग्राम पंचायत बन्नी में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लैंसडाउन वन प्रभाग एवं आरोही नैनीताल के संयुक्त तत्वधान में आयोजित वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम में ग्राम बन्नी के ग्राम वासियों एवं वन पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए उप प्रभागीय वनाधिकारी प्रशांत हिन्दवान ने कहा कि पर्यावरण के तीन महत्वपूर्ण अव्यव पानी, हवा व मिट्टी के संरक्षण को विशेष जोर देना चाहिए, उन्होंने ग्राम वासियों, वन पंचायतों के सरपंचों तथा वन विभाग के सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से त्म्बाच् 4छक्ब् परियोजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों में सहयोग देने की अपील की । इस कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच जैसे खेंदूड़ी से प्रल्हाद सिंह रावत, घनसाली से सुरेश सिंह भंडारी, गडकोट से रजनी जखमोला, गोदड़ा से गणेश जखमोला, कुंतनी से डबराल, मासोगी से देवेंद्र प्रसाद, आदि उपस्थित रहे, तथा सभी ने अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस दौरान वन विभाग से विनोद प्रसाद, रविन्द्र सिंह, कुलवीर सिंह, मुकुल कुमार, चंडी प्रसाद, पृथ्वी पाल सिंह, जावेद हसन आदि मौजूद रहे।

# जंगल हमारी धरोहर, संरक्षण में सबकी भागीदारी जरूरी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को गोपेश्वर स्थित घिंघराण रोड वन पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी गौरव कुमार ने ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा जनपदवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं और जीवन शैली का अभिन्न अंग रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 में आयोजित स्टॉकहोम सम्मेलन से भी पूर्व भारतीय सभ्यता में प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण की समृद्ध परंपरा रही है। हमारे पूर्वजों ने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को जीवन का आधार माना तथा प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर विकास की अवधारणा को अपनाया।

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम का उल्लेख करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन वैश्विक चुनौती बनकर उभरा है। ऐसे में प्रकृति से प्रेरणा लेते हुए विकास और पर्यावरण संरक्षण के मध्य संतुलन स्थापित करना समय की आवश्यकता है।

विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के दौरान जनपद में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता, जैव विविधता संरक्षण एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में चंद्रकला बिष्ट, सुशीला सेमवाल, सुनील पुंडीर, सुनील बिष्ट, आशीष, मानश्वी पुंडीर, गंभीर बिष्ट, ललिता देवी, शशि रावत, नीरज थपलियाल, बलवंत राणा, सार्थक, प्रकाश चंद्र, सोनम, प्रियांशी पुंडीर, सगीता देवी, सुशीला देवी, दर्शन, दिव्या कंडारी, मोहित, जयप्रकाश, शुभम, अनूप, पृथ्वी नेगी, राजेंद्र, चंद्रमोहन, प्रियंका, दीपा, युवराज सिंह, अंशुल, आलोक एवं विनोद सहित अन्य पर्यावरण प्रहरी शामिल रहे।

# केदारघाटी में मौसम का कहर: फाटा से बदरीनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी में लगातार बदल रहे मौसम और घने बादलों के बीच शुक्रवार को एक हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। खराब मौसम के कारण उड़ान के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए पायलट ने त्वरित निर्णय लेते हुए हेलीकॉप्टर को सुरक्षित रूप से ऊखीमठ में उतार दिया। इस घटना ने एक बार फिर पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम की अनिश्चितता और हवाई सेवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर कर दिया है।



■ खराब मौसम के चलते पायलट ने दिखाई सूझबूझ, सुरक्षित उतारा हेलीकॉप्टर, 40 मिनट बाद उड़ान भरकर फाटा लौटा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेंडन कंपनी का हेलीकॉप्टर दोपहर लगभग 2:25 बजे फाटा हेलीपैड से बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुआ था। उड़ान के दौरान केदारघाटी क्षेत्र में अचानक मौसम खराब होने लगा। दृश्यता कम होने और मौसम के प्रतिकूल होते हालात को देखते हुए पायलट ने जोखिम उठाने के बजाय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए राजकीय इंटर कॉलेज ऊखीमठ के खेल मैदान में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हेलीकॉप्टर के मैदान में उतरते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई।

हालांकि पायलट और तकनीकी दल ने पूरे घटनाक्रम को बेहद शांत और पेशेवर तरीके से संभाला। हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री और चालक दल पूरी तरह सुरक्षित रहे। करीब 40 मिनट तक मौसम में सुधार की प्रतीक्षा करने के बाद हेलीकॉप्टर ने पुन: उड़ान भरी, लेकिन मौसम की स्थिति अपेक्षित रूप से सामान्य नहीं हो सकी। ऐसे में पायलट ने एक बार फिर सतर्कता बरतते हुए अपराह्न लगभग 3:05 बजे हेलीकॉप्टर को वापस फाटा लौटाने का निर्णय लिया। विशेषज्ञों का मानना है कि चारधाम यात्रा के दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम कुछ ही मिनटों में बदल सकता है, जिससे हवाई सेवाओं का संचालन प्रभावित होता है। ऐसे हालात में पायलटों द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन और समय पर लिए गए निर्णय संभावित दुर्घटनाओं को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से केदारघाटी और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार बादल छाने, वर्षा और कम दृश्यता की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग द्वारा भी आगामी दिनों में खराब मौसम की संभावना जताई गई है, जिसके चलते प्रशासन और हवाई सेवा संचालक लगातार सतर्कता बरत रहे हैं। यह घटना इस बात का उदाहरण है कि प्रतिकूल मौसम में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार का जोखिम उठाने के बजाय एहतियाती कदम ही सबसे सुरक्षित विकल्प साबित होते हैं।

# 14 व्यवसायी, स्वच्छता समितियां और पर्यावरण मित्र हुए सम्मानित

■ विश्व पर्यावरण दिवस पर रुद्रप्रयाग नगर पालिका का अनूठा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग ने स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के उन 14 व्यवसायियों, दो मोहल्ला स्वच्छता समितियों तथा दो पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित श्रेणियों में पृथक कर नगर पालिका को सौंपने में उल्लेखनीय सहयोग दिया।

नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने सभी सम्मानित व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ शहर का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण में अपनी जिम्मेदारी निभाए। अध्यक्ष रावत ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत कचरे को स्रोत स्तर पर ही चार अलग-अलग श्रेणियों में पृथक करना अनिवार्य है। उन्होंने लोगों से जैविक कचरा, अजैविक कचरा, हानिकारक कचरा (बैटरी, एक्सपायर दवाइयां, पेंट के डिब्बे आदि) तथा सैनिटरी कचरा (नैपकिन, डायपर आदि) को अलग-अलग संग्रहित कर नगर पालिका को उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर पालिका के कर एवं राजस्व अधीक्षक संजय गोस्वामी, कर संग्रहकर्ता चंद्रशेखर चौधरी, सफाई निरीक्षक शिवराज सिंह पवार, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर जसपाल भारती, सफाई हेड मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# हरित दून के सपने को जमीन पर उतार रहा एमडीडीए

■ विश्व पर्यावरण दिवस पर 300 पौधों का किया रोपण ■ प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने नागरिकों से अपने आसपास कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी जिम्मेदारी लेने का किया आह्वान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ष्हरित उत्तराखंड-स्वच्छ उत्तराखंडष की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) तेजी से कदम बढ़ा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्राधिकरण ने न केवल वृहद पौधारोपण अभियान चलाया, बल्कि राजधानी को अधिक हरित, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के अपने दीर्घकालिक विजन को भी सामने रखा। सहस्त्रधारा रोड रायपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित युवा कल्याण कार्यालय, नालापानी रोड के समीप नदी किनारे खाली पड़ी भूमि पर एमडीडीए द्वारा लगभग 300 पौधों का रोपण किया गया।





इनमें फलदार, छायादार और औषधीय प्रजातियों के पौधे शामिल रहे। कार्यक्रम में प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

एमडीडीए अब केवल भवन निर्माण और शहरी विकास तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि राजधानी के पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राधिकरण क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में नए हरित पार्क विकसित किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को स्वच्छ वातावरण और मनोरंजन के बेहतर अवसर मिल सकें। इसके साथ ही शहर की प्रमुख सड़कों के बीच स्थित डिवाइडरों पर फूलदार और सजावटी पौधे लगाए जा रहे हैं। ये पौधे न केवल दून की सुंदरता बढ़ा रहे हैं, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और हरित आवरण बढ़ाने में भी मददगार साबित हो रहे हैं।देहरादून की आवाम का भी कहना है कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच हरित क्षेत्रों का संरक्षण और विस्तार भविष्य की बड़ी जरूरत है। ऐसे में एमडीडीए की पहल राजधानी को एक आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पौधारोपण कार्यक्रम में एमडीडीए के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। 127 इन्फैंट्री बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी) गढ़वाल राइफल्स के अधिकारी, जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) एवं जवानों ने, जिन्हें लोकप्रिय रूप से शगढ़वाल ग्रीनर्सश के नाम से जाना जाता है, पौधारोपण अभियान में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने पौधे लगाने के साथ उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करना भी उतना ही आवश्यक है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस अभियान ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि स्वच्छ और हरित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए, तो आने वाली पीढ़ियों को बेहतर और सुरक्षित पर्यावरण मिल सकेगा।

### पौधारोपण नहीं, पौध संरक्षण भी जरूरी: तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुरूप प्राधिकरण राजधानी में हरित क्षेत्रों के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सतत जनभागीदारी का अभियान है। विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा ताकि ये पौधे भविष्य में घने वृक्षों का रूप ले सकें। उन्होंने कहा कि जिस स्थल पर पौधारोपण किया गया है, उसे भविष्य में एक विकसित हरित पार्क के रूप में तैयार किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं मिलेंगी। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित किए जा रहे नए पार्क, ग्रीन बेल्ट और डिवाइडर प्लांटेशन राजधानी की सुंदरता बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया।

### सचिव ने दिया जनभागीदारी पर जोर

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और रखरखाव की भी प्रभावी व्यवस्था की जा रही है। आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक हरित परियोजनाएं विकसित की जाएंगी, जिससे दून घाटी का पर्यावरणीय संतुलन मजबूत हो सके। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह अभियान इस बात का संकेत है कि राजधानी देहरादून को हरित, स्वच्छ और सतत विकास का मॉडल बनाने की दिशा में एमडीडीए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यदि ऐसे प्रयास जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ते रहे तो आने वाले वर्षों में दून घाटी का हरित स्वरूप और अधिक मजबूत होकर सामने आएगा।

# फायरिंग की झूठी सूचना देना पड़ा महंगा, दो गिरफ्तार

■ पुलिस ने व्यवस्था भंग करने के आरोप मे की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में आपसी झगड़े के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम को फायरिंग की झूठी सूचना देना दो लोगों को भारी पड़ गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हवालात की सैर कराई है।

घटना 4 जून, 2026 की देर रात्रि की है। नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में सिटी कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि डिफेंस कॉलोनी में दो पक्षों के बीच जमकर झगड़ा हो रहा है और वहां फायरिंग भी की गई है। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुँचा। मौके पर पहुँचकर जब पुलिस ने छानबीन की, तो वहां फायरिंग जैसी कोई घटना नहीं हुई थी। पूछताछ में सामने आया कि झगड़ा कर रहे दो व्यक्तियों ने ही पुलिस को गुमराह करने के लिए कंट्रोल रूम को फायरिंग की झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने जब दोनों को समझाने का प्रयास किया, तो वे शांत होने के बजाय और अधिक उग्र हो गए और एक-दूसरे को जान से मारने पर उतारू हो गए।आक्रामक व्यवहार और शांति व्यवस्था को खतरे में डालने के कारण पुलिस टीम ने दोनों व्यक्तियों, ''गिरीश सिंह डियोडी (42 वर्ष) और हिमांशु भट्ट (31 वर्ष) को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# वृक्ष सुरक्षित-स्वस्थ्य समाज के भविष्य की बुनियादः भट्ट

■ प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओं और जनता को दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प
■ भाजपा परिवार ने एक पेड़ मां के नाम संदेश के साथ प्रदेशभर में मनाया पर्यावरण दिवस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा परिवार ने विश्व पर्यावरण दिवस को पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रम में प्रदेश स्तर पर मनाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते कहा, वृक्ष केवल प्राकृतिक धरोहर नहीं बल्कि सुरक्षित एवं स्वास्थ्य समाज के भविष्य की बुनियाद हैं।



राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस को भाजपा द्वारा प्रदेश के सभी जिलों और मंडलों में एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ मनाया गया। इस मौके पर बृहद पैमाने पर वृक्षारोपण से पार्टी ने बेहद उत्साह के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश मुख्यालय में बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा, हम सभी कम से कम एक पौधा अपनी माता जी की स्मृति और धरती मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अवश्य रोपें। उन्होंने कहा, वृक्ष केवल हमारी प्राकृतिक धरोहर नहीं हैं, बल्कि ये एक सुरक्षित और स्वस्थ समाज के भविष्य की बुनियाद हैं। इसी क्रम में पूर्व प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने भी शविश्व पर्यावरण दिवसश के अवसर पर प्रदेश कार्यालय में अभियान के अंतर्गत कार्यकताओं के साथ पौधारोपण किया। अभियान की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि आज के इस विशेष अभियान के तहत उत्तराखंड के सभी संगठनात्मक जिलों, बूथ स्तरों, और सार्वजनिक स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, विधायकों, और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान फलदार, छायादार और औषधीय पौधे रोपे गए। उन्होंने कहा, अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के हरित क्षेत्र को बढ़ाना और जल-जंगल-जमीन को सुरक्षित रखना है। इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश सह संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ लच्छू गुप्ता, शैलेंद्र बिष्ट, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान समेत बड़ी संख्या में सरकार में दायित्वधारी एवं वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं प्रदेश में संपन्न कार्यक्रमों में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में पर्यावरण प्रेमी एवं देवभूमि की जनता उपस्थित रही।

## एक नजर .......

### विश्व पर्यावरण दिवस पर मुस्लिम नेशनल स्कूल में हुआ पौधारोपण



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुस्लिम नेशनल जूनियर हाई स्कूल, नया नगर में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष समीना सिद्दीकी, सचिव शमी अहमद सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अध्यक्षा शमीना सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के संरक्षण के लिए अपना योगदान देना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित हो सके।

### प्रकृति के सानिध्य में साधकों ने किया योगाभ्यास

**देहरादून।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर शुक्रवार, 5 जून 2026 को जनपद देहरादून स्थित आसन बैराज के हरित परिसर में एक विशेष 'हरित योग कार्यक्रम' का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा था। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगष निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, हरबर्टपुर के पार्षद राजेन्द्र प्रसाद पटेल द्वारा भगवान धन्वन्तरि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार एवं अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सविता कोठियाल के दिशा-निर्देशों में आयोजित इस विशेष योग सत्र का उद्देश्य आम जनमानस को प्राकृतिक वातावरण में योग के प्रति जागरूक करना था।

### चोरी की स्कूटी के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**देहरादून।** राजधानी में वाहन चोरों के हौसले पस्त करने के लिए एसएसपी दून के निर्देश पर चलाए जा रहे ''ऑपरेशन प्रहारष'' के तहत रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर वाहन चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए न केवल स्कूटी बरामद की, बल्कि वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को भी धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालावाला निवासी जितेंद्र कुमार ने थाना रायपुर में तहरीर दी थी कि उनकी स्कूटी बीती 3 जून को उनकी दुकान के बाहर से चोरी हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।एसएसपी देहरादून के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। साथ ही, पूर्व में वाहन चोरी की वारदातों में शामिल रहे अपराधियों का सत्यापन किया गया। इसी दौरान पुलिस टीम को अहम सुराग मिले और 4 जून को बालावाला क्षेत्र से गुरमीत सिंह पुत्र दलेर सिंह को चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस पूछताछ में आरोपी गुरमीत सिंह ने अपना जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि वह नशे का आदी है और अपने नशे के खर्चों को पूरा करने के लिए उसने इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी मूल रूप से लुधियाना, पंजाब का रहने वाला है और वर्तमान में पटेलनगर, देहरादून में रह रहा था।

# वृक्ष हैं मानव जीवन का आधारः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने शासकीय आवास परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए पौधारोपण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने लोगों को फलदार पौधे भी वितरित किए।



कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फलदार पौधों का रोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण सुरक्षा और जैव विविधता को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया।

इस अवसर पर उन्होंने पारिवारिक मूल्यों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ते हुए कहा कि परिवार के साथ पौधारोपण करना न केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ाता है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शएक पेड़ माँ के नामश् अभियान से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए और धरती को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर कृषि मंत्री की धर्मपत्नी निर्मला जोशी, सरकार में दायित्वधारी ज्योति कोटिया, शमशेर सिंह बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी देवेन्द्र सिंह राणा, मुख्य उद्यान अधिकारी डीके तिवारी, पूर्व प्रधान समीर पुंडीर, मंडल महामंत्री अल्का कुल्हान सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

# विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों के लिए दी 24 करोड़ की स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र चम्पावत में पूर्णागिरी मेले के लिए सेलागांव में बहुउद्देशीय प्रशासनिक भवन बनाये जाने को 8.54 करोड के सापेक्ष 4 करोड़ स्वीकृत किये जाने तथा मानस मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत श्री हनुमान गढ़ी मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए 4.91 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पौड़ी स्थित पर्यटक आवास गृह खिर्सू के नवीनीकरण एवं उच्चीकरण किये जाने के लिए 4.01 करोड, जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र पुरोला के न्याय पंचायत मुख्यालय जखोली/फिताड़ी में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर प्रागंण का समतलीकरण/सौन्दर्यीकरण के लिए 1.09 करोड़ तथा विधानसभा पुरोला के विकासखण्ड नौगांव में रंवाई घाटी के आराध्य देवी श्री रुद्रेश्वर महाराज मंदिर बिल्ला नौगांव के सौन्दर्यीकरण किये जाने के लिए 1.07 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने के साथ ही जिला कारागार पौडी में नवीन आवासीय भवन निर्माण के लिए 9.25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### नव नियुक्त दायित्वधारियों ने कैबिनेट मंत्री जोशी से की मुलाकात

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से आज उनके कैंप कार्यालय में गोरखा कल्याण परिषद के नव नियुक्त उपाध्यक्ष अभिषेक शाही तथा उत्तराखण्ड राज्य पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के नव नियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैप्टन गम्भीर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दोनों नव नियुक्त दायित्वधारियों को उत्तराखण्ड सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को सरकार ने दायित्व दिया है वे समर्पण के साथ अपने दायित्वों के निर्वाहन करेंगे।

# जिला प्रशासन का 'मिशन मोड', 15 दिनों में मलबे से मुक्ति का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सहस्त्रधारा स्थित कार्लीगाड़ क्षेत्र के पुनर्वास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह 'मिशन मोड' में काम कर रहा है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के नेतृत्व में आपदाग्रस्त क्षेत्र में राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में आपदा प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और मलबा निष्पादन के लिए मशीनरी, मैनपॉवर और अन्य संसाधनों में व्यापक वृद्धि की गई है। राहत कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से खनन विभाग द्वारा पोकलेन और जेसीबी मशीनों की संख्या बढ़ा दी गई है, और अब 7 डंपरों के माध्यम से मलबे को हटाने का काम निरंतर जारी है। वहीं, सिंचाई विभाग ने भी नदी के चौनलाइजेशन के लिए अतिरिक्त पोकलेन मशीनें तैनात की हैं, ताकि भविष्य में जलप्रवाह से होने वाले जोखिम को न्यूनतम किया जा सके। हाल ही में कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय विधायक के साथ कार्लीगाड़ क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आगामी 15 दिनों के भीतर कार्लीगाड़ क्षेत्र को मलबे से पूरी तरह मुक्त किया जाए। इसके साथ ही, आपदा प्रभावित परिवारों के सुरक्षित और स्थायी पुनर्वास के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है, ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को पुनर्वास कार्यों को निर्धारित 15 दिनों की समयसीमा के भीतर समन्वित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा क्षेत्र की निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की आशंका को शून्य किया जा सके।

# अल्मोड़ा पहुंचने पर कृषि मंत्री जोशी का पार्टी पदाधिकारियों ने किया भव्य स्वागत

■ कृषि मंत्री ने सुनी पार्टी पदाधिकारियों की समस्या, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**अल्मोड़ा।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी के अल्मोड़ा पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, दर्जाधारी गंगा बिष्ट सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



मंत्री गणेश जोशी ने अल्मोड़ा के बाड़ीसीना क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा सामूहिक घेरबाड़ के लिए लगाए जा रहे तारों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि घेरबाड़ कार्य में केवल उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग किया जाए। उन्होंने वर्तमान में लगाई गई पतली तारों को हटाकर उनकी जगह मोटी एवं गुणवत्तापूर्ण तार लगाने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो सके।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टरमीडिएट एवं हाई स्कूल की अंकतालिका में त्रुटिवश मेरा नाम विष्णु प्रकाश सिंह (**Vishnu Prakash Singh**) पिता का नाम पृथ्वी सिंह (**Prithavi Singh**) माता का नाम रजनी देवी (**Rajni Devi**) गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम **विष्णु सिंह** (**Vishnu Singh**) पिता का नाम **पृथ्वी सिंह** (**Prithvi Singh**) व माता का नाम **रजनी देवी** (**Rajani Devi**) है। जो कि सत्य एवं सही है।

**विष्णु सिंह पुत्र श्री पृथ्वी सिंह**
**निवासी - ग्राम स्वारी ग्वान्स, पो.ओ. घिमतौली, जिला रूद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड।**

**सूचना**

हमारे पुत्र दीपक बडोनी एवं उसकी पत्नी सीमा बडोनी तथा उनके बच्चे हमारे कहने सुनने में नहीं हैं। हमने उनको अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य अथवा लेनदेन की जिम्मेदारी हमारी व हमारे परिवार की नहीं होगी।

**श्री जयंती प्रसाद बडोनी पुत्र श्री वामदेव बडोनी एवं श्रीमती चन्द्रकांता बडोनी पत्नी श्री जयंती प्रसाद बडोनी, निवासीगण जे 374, शिवालिक नगर, बी एच ई एल रानीपुर, हरिद्वार।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ग्लोबल क्लाइमेट चेंज के खतरों से निपटने को सभी की सहभागिता जरूरी: मधु

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** ग्लोबल क्लाइमेट सोसाइटी की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी देहरादून के नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जधारी राज्य मंत्री मधु भट्ट ने शिरकत की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में तेजी से बदल रहे वैश्विक परिवेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और लोगों को प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री मधु भट्ट, सोसाइटी के पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों द्वारा व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर हम सभी को यह संकल्प लेने की अत्यंत आवश्यकता है कि हम अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इसके साथ ही, रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है।

कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि जिस प्रकार ग्लोबल क्लाइमेट (वैश्विक जलवायु) में अप्रत्याशित बदलाव आ रहे हैं, उसे देखते हुए पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। इस संकट से निपटने के लिए समाज के हर वर्ग और सभी लोगों की सक्रिय सहभागिता बेहद जरूरी है। बिना जन-भागीदारी के पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित रख पाना संभव नहीं है, इसलिए हर नागरिक को आगे आना होगा।

घ्इस मौके पर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष कामिनी त्रिपाठी, उप सचिव संदीप कुमार तथा प्रचार मंत्री सीमा यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इनके साथ ही संस्था के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों व सदस्योंख्र विजय यादव, सचिन कुमार, यशराज, मानेंद्र, विजय कुमार भाटी, श्रुति सेवाल, शिखा, मनीष गुप्ता आदि ने पर्यावरण योद्धाओं और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्थानीय लोगों ने भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण अभियानों से जुड़े रहने का सामूहिक संकल्प लिया।

**सूचना**

मेरी भूमि खसरा सं0 621ख रकबा 220.95 वर्गमीटर भूमि स्थित मौजा नकरौन्दा, परगना परवादून, तहसील व जिला देहरादून की सम्पत्ति श्री शिशिर सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह से विक्रय पत्र दिनांक 13.05.2010 के द्वारा क्रय किया था, जिसका पंजीकरण सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर प्रथम देहरादून में बही सं0 1, जिल्द 3353, पृष्ठ 239 से 260, दस्तावेज सं0 4144, दिनांक 13.05.2010 को विधिवत रूप से दर्ज व पंजीकृत है। उक्त मूल विक्रय पत्र स्थान बालावाला, देहरादून में कहीं खो गया है जो कि काफी ढूँढने पर भी नहीं मिला है।

**कैलाश चंद्र पुत्र श्री ज्वाला दत्त सुन्दरियाल निवासी नकरौंदा, जिला देहरादून, उत्तराखंड।**
**मो० नं० 8755263521**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष :- 0135-2763808 फैक्स - 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्र सं0: 479 दिनांक: 05/06/2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय), लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून) इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
निविदा सं0 - 06/EE(Civil-III)/LMP/2026-27
कार्य का नाम - लखवाड एमपीपी के इंटेक साइट के पास बधानी नाला का सुरक्षा कार्य।
अनुमानित लागत - रू 49,59,826.00 (जी0एस0टी0 रहित)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि - 06.06.2026 को 11:00 बजे से
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि - 29.06.2026 को 17:00 बजे तक
विस्तृत जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "**http://uktenders.gov.in**" देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद- तृतीय)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# जनसुनवाई शिविर में अधिकारियों ने सुनी उपभोक्ताओं की शिकायत, मौके पर ही निस्तारण

## उपभोक्ताओं के काम हो तत्काल, कर्मचारी न करें हिलाहवाली : शेखर चंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से ऊर्जा निगम द्वारा शुक्रवार को आयोजित विशेष जनसुनवाई शिविर में 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। खास बात यह रही कि स्मार्ट मीटर को लेकर विभिन्न स्तरों पर चल रही चर्चाओं के बावजूद शिविर में इस संबंध में केवल एक शिकायत दर्ज हुई, जिसका भी तत्काल समाधान कर दिया गया। मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में फाउंड्री गेट स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय, ज्वालापुर में आयोजित शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। शिविर में स्मार्ट मीटर, बिजली बिलों में त्रुटि, लाइन शिफ्टिंग समेत अन्य तकनीकी एवं उपभोक्ता सेवाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। मुख्य अभियंता ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप सभी 18 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए शिकायतों के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उन्होंने विभागीय कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनीं और कार्यालय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, उपभोक्ताओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने तथा सेवा गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई शिविर में अधीक्षण अभियंता प्रदीप चौधरी, अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार, अधिशासी अभियंता सिराज उस्मान, उपखंड अधिकारी रुपेश कुमार, शिल्पी सैनी, अर्चना, अक्षय कपिल सहित विभाग के सभी अवर अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक लाख से अधिक उपभोक्ता, शिविर में मिलीं 18 शिकायतें

**हरिद्वार।** ऊर्जा निगम द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित विशेष जनसुनवाई शिविर में मात्र 18 शिकायतें प्राप्त होने के बाद शिविर की प्रभावशीलता को लेकर सवाल उठने लगे हैं? एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं वाले ज्वालापुर विद्युत वितरण खंड में शिकायतों की इतनी कम संख्या होना गले नहीं उतर रहा। गौरतलब है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित इस तरह के शिविरों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना होता है, लेकिन शिकायतों की संख्या यह साफ संकेत देती है कि शिविर की जानकारी पर्याप्त स्तर तक नहीं पहुंच सकी। माना जा रहा है कि प्रचार-प्रसार के अभाव में बड़ी संख्या में उपभोक्ता शिविर से अनभिज्ञ रहे। बता दे कि ज्वालापुर डिवीजन का कार्यक्षेत्र केवल शहरी इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कई ग्रामीण और अर्द्धग्रामीण क्षेत्र भी शामिल हैं। ऐसे क्षेत्रों में सूचना का प्रभावी प्रसार नहीं होने के कारण कई उपभोक्ताओं को शिविर के आयोजन की जानकारी ही नहीं मिल पाई। नतीजन वे अपनी समस्याएं लेकर शिविर तक नहीं पहुंच सके। यदि शिविर से पूर्व व्यापक स्तर पर मुनादी, सोशल मीडिया, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभागीय कर्मचारियों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाता तो शिकायतों की संख्या 18 से कहीं अधिक हो सकती थी।

# आईजी गढ़वाल ने हरिद्वार में की अपराधों की समीक्षा

## चारधाम यात्रा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को और बेहतर करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** गढ़वाल रेंज के आईजी राजीव स्वरूप ने शुक्रवार को हरिद्वार पहुंचकर पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। सीसीआर मेला भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस बैठक में जिले के एसएसपी नवनीत सिंह सहित सभी थाना प्रभारी और बड़े पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान कप्तान नवनीत सिंह ने जिले में हुए अपराधों और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का पूरा ब्योरा आईजी के सामने रखा। आईजी राजीव स्वरूप ने मामलों का खुलासा करने के लिए हरिद्वार पुलिस के प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने सभी सर्किल अफसरों सीओ को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र के थानों में जाकर जांच अधिकारियों के साथ बैठक करें और गंभीर मामलों की कड़ाई से मॉनिटरिंग करें, ताकि तय समय के भीतर सही जांच पूरी हो सके। आईजी ने कहा कि हरिद्वार आबादी और अपराध के लिहाज से एक संवेदनशील जिला है, इसलिए यहाँ पुलिस का काम भी उच्च स्तर का होना चाहिए। वर्तमान में चल रही चारधाम यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं और वाहनों की भारी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक प्लान को और बेहतर तरीके से लागू किया जाए। इसके लिए उन्होंने देहरादून पुलिस के साथ तालमेल बनाकर वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह सुचारू रखने की बात कही। बैठक में ऑपरेशन प्रहार के तहत की गई कार्रवाई की भी सराहना की गई। अंत में कप्तान नवनीत सिंह ने आईजी को भरोसा दिलाया कि जिले का हर जवान पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाएगा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखेगा।

## संक्षिप्त खबर

### मेले से लौटे रहे युवकों पर जानलेवा हमला

**पथरी।** काठा पीर मेले से लौट रहे युवकों पर देर रात 15 से20 अज्ञात हमलावरों द्वारा किए गए हमले के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरिफ निवासी सुल्तानपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया मेरा भतीजा नाजिम पुत्र अली हसन तथा उसके साथी फरीद पुत्र यासीन, साकिब पुत्र शमीम और अमजद पुत्र फुरकान काठा पीर मेले से गुरुवार देर रात करीब दो बजे अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि फूलगढ़ गांव में टकी के पास पहले से घात लगाए बैठे 15 से 20 लोगों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले के दौरान युवकों में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए कुछ युवक मौके से भाग निकले, जबकि अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हरिद्वार मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के बाद उनके मोबाइल फोन और नकदी भी गायब मिली। साथ ही हमलावरों ने उनकी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 21 दिन बाद भी नहीं मिला मजदूर, गुमशुदगी को मुकदमे में किया तरमीम

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र से करीब तीन सप्ताह पहले लापता हुए एक मजदूर का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने काफी तलाश और जांच पड़ताल के बावजूद मजदूर का पता न चलने पर गुमशुदगी को मुकदमे में तरमीम करते हुए शुक्रवार को अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मांगेराम की पुलिया के पास, शिव डेयरी के समीप, जगजीतपुर कनखल निवासी मोनिका पत्नी राजीव चोपड़ा ने शिकायत कर बताया कि 15 मई को अपने पति राजीव चोपड़ा (29) की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मूल रूप से ग्राम फलौदा, जनपद मुजफ्फरनगर निवासी मोनिका ने पुलिस को बताया था कि उनके पति राजीव चोपड़ा मजदूरी का कार्य करते हैं और 13 मई रात करीब नौ बजे घर से बिना बताए चले गए थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने भी जनपद हरिद्वार समेत अन्य जिलों में तलाश कराई तथा डीसीआरबी के माध्यम से खोजबीन के प्रयास किए, लेकिन राजीव चोपड़ा का कोई पता नहीं चल पाया। जिसके बाद गुमशुदगी को मुकदमे में तरमीम किया गया है। इसकी पुष्टि इंस्पेक्टर देवेंद्र रावत ने की है।

### नव निर्माणाधीन मकान से चोरी करने वाला गिरफ्तार

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में एक नव निर्माणाधीन मकान से चोरी की गई समरसेबल मोटर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कनखल निवासी कृष्णानंद बिजल्वाण ने शिकायत देकर बताया कि जियापोता क्षेत्र में उनके नव निर्माणाधीन मकान से दो जून की देर रात एक व्यक्ति मकान से समरसेबल मोटर चोरी कर ले गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान पवन कुमार पुत्र चंद्रपाल निवासी जियापोता, पीएनबी बैंक के निकट के रूप में की। मकान मालिक ने आरोपी के पास से चोरी की गई मोटर भी बरामद कर जगजीतपुर चौकी लाकर पुलिस को सौंप दी है।

# मंडी कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि उत्पादन मंडी समिति हरिद्वार द्वारा शुक्रवार को मंडी कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडी सचिव लवकेश गिरी ने विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सराय रोड स्थित मंडी समिति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कनेर, बेलपत्री, पीपल समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मंडी सचिव लवकेश गिरी ने कर्मचारियों, आढ़तियों एवं अन्य उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण



संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी जरूरत बन गया है। वृक्ष हमें शुद्ध वायु, स्वच्छ वातावरण और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

# मां गंगा में दुग्धाभिषेक कर मनाया सीएम योगी का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अक्षय तृतीया घाट भूपतवाला हरिद्वार में यूपी के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर माँ गंगा में दुग्ध अभिषेक व दीप प्रज्जवलित कर उनके दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री विदित शर्मा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के अंदर जिस प्रकार से कार्य कर रहे हैं, वह प्रशंसनीय व अनुकरणीय है। उनके द्वारा उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। अपराध , भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाये उतना ही कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जन-जन के लोकप्रिय नेता है।

# योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर ग्रन्ट मे शुक्रवार को पंचायत भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया आयोजित बैठक में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सुंदर लाल ने ग्राम पंचायत संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी और उनके समाधान के लिए जल्द ही आश्वासन दिया। उन्होंने बैठक में विधवा, निराश्रित महिलाओं, विकलांगों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों के लिए संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक में आये हिन्दुस्तान यूनिलीवर के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण ने ग्रामीणों को पर्यावरण दिवस पर साफ सफाई पानी का संरक्षण आदि की जानकारी दी इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी सुंदरलाल, ग्राम विकास अधिकारी अमित यादव, ग्राम प्रधान वरिन्द्र कौर, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरमीत सिंह, अनुराधा, जयप्रकाश, बॉबी आदि मौजूद रहे।

# बारिश बनी राहत : गर्मी व उमस से मिली निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र में शुक्रवार सुबह को हुई बारिश से किसानों को फसल में पानी की राहत मिली। इस भीषण गर्मी और उमस से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। शुक्रवार सुबह से ही ठंडी हवाएं चलीं और आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

पिछले कई दिनों से जारी तेज गर्मी और उमस से लोग परेशान थे। बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों और बाजारों में लोग सुहावने मौसम का आनंद लेते दिखे। बच्चों और बुजुर्गों ने भी राहत महसूस की। इस बारिश से किसानों को सबसे अधिक लाभ हुआ है। धान की खेती की तैयारियों में जुटे किसानों ने बताया कि समय पर हुई वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। इससे धान की नर्सरी तैयार करने और खेतों को समतल करने का काम तेजी से शुरू हो गया है।

बारिश के पानी से सिंचाई का खर्च भी कम होगा। किसानों के अनुसार, गन्ने की फसल में इन दिनों पत्तियां सफेद पड़ने की समस्या बढ़ रही थी। बारिश के बाद मौसम में आई नमी और तापमान में कमी से गन्ने की फसल को भी फायदा मिलने की उम्मीद है। किसानों का मानना है कि यदि आगामी दिनों में भी मौसम अनुकूल बना रहा, तो खरीफ फसलों की शुरुआत बेहतर होगी। किसानों ने बताया की अगले कुछ दिनों तक बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश की संभावना बनी रही तो ग्रामीणों और किसानों को बहुत राहत मिलेगी।

# ऊर्जा निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया पौधारोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऊर्जा निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए ज्वालापुर विद्युत वितरण खंड कार्यालय परिसर में व्यापक पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। शुक्रवार को फाउंड्री गेट स्थित ज्वालापुर विद्युत वितरण खंड कार्यालय परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी ने किया। उन्होंने पौधरोपण करते हुए कहा कि वृक्ष न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली



पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी तैयार करते हैं। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता प्रदीप चौधरी, अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार तथा अधिशासी अभियंता सिराज उस्मान ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधरोपण कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रुपेश कुमार, शिल्पी सैनी और अर्चना सहित अवर अभियंता अक्षय चौहान, राव शाहबाज, वरुण पंवार, सुमित त्यागी, मनोज कुमार, दीप्ति चौहान तथा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रानीपुर कोतवाल मनोहर भंडारी के नेतृत्व में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रानीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोहर भंडारी के नेतृत्व में कोतवाली व गैस प्लांट पुलिस चौकी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे लगाए। पुलिसकर्मियों ने इन पौधों की देखभाल और इन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।



इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। लगातार बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित होते मौसम को देखते हुए पेड़ लगाना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग अपराधियों को पकड़ने और कानून व्यवस्था संभालने के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरण सुधार के कामों में भी हमेशा आगे रहता है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। वृक्षारोपण करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी, एसएसआई नंदकिशोर ग्वाडी, एसआई संदीपा भंडारी, गैस प्लांट चौकी प्रभारी चरन सिंह चौहान, एएसआई सुबोध घिड़ियाल, हे.कां. कुम्पाल तोमर, गोपीचंद पुनिया, म.कां. पूजा शर्मा, कां. अमन तोमर, कां. इंद्र सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# जमीन की धोखाधड़ी में 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा निवासी व्यक्ति से जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर कथित रूप से एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार गांव धनपुरा घिस्सूपूरा निवासी महबूब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया इकराम पुत्र लियाकत, मासूम पुत्र लियाकत, मूरतजा पुत्र रहमत, फुरकान पुत्र गफूर, तालिब पुत्र अशरफ, शहजाद पुत्र लाला, फुरकान पुत्र इस्लाम, निवासीगण पदार्था उर्फ धनपुर तथा गुलजार, गुलशेर, गुलबहार पुत्रगण मुनसब व हसीना खातून पत्नी मुनसब निवासी मुस्तफाबाद पदार्था को नामजद करते हुए आरोप लगाया, कृषि भूमि को सस्ते दाम में दिलाने के नाम पर एक करोड़ की जमीन दिलाई है। जमीन की रजिस्ट्री व दाखिल खारिज भी करा दिया। बाद में पता चला कि संबंधित भूमि वर्ष 2013 में ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम बेची जा चुकी थी। इसके बावजूद जमीन का सौदा कराकर रकम वसूलने का आरोप लगाया गया है।

थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मनुष्य का जीवन वृक्षों पर निर्भर : अरूण गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर आचार्य म.मं. अरूण गिरी ने पर्यावरण संरक्षण एवं सर्वद्धन का संदेश देते हुए पर्यावरण की रक्षा करने की अपील की है। आचार्य म.मं. अरूण गिरी ने कहा कि मनुष्य का जीवन वृक्षों पर निर्भर है। वृक्षों का धरती पर होना जीवन को सुखद बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधा रोपण कर और हरा भरा बनाने के लिये सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों से भी अपील की है कि अपने आस-पास के पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधों को अवश्य लगाये। वृक्ष की देखभाल जरूरी है। जिस पौधे को लगाये उसकी सुरक्षा स्वयं करनी होगी। धर्मनगरी को हरा-भरा बनाने के लिए मिलजुल कर प्रयास करने होगे। आचार्य म.मं.अरूण गिरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को समझने की आवश्कता है। पर्यावरण आपको संदेश दे रहा है कि इसके बावजूद भी आज सर्तक नहीं हो रहे



है। मौसम में बदलाव इसका प्रमुख कारण दिखाई देता है। पर्यावरण संतुलित रहता है। उन्होंने आह्वान किया कि कुंभ मेले के आयोजन के दौरान एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से भी अपील की है कि पेड़ों के संरक्षण को लेकर जनचेतना फेलाई जाये जिससे पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

# डीएम-एसएसपी ने पौधा रोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश

## जनपद वासियों से की हरित हरिद्वार मुहिम को सफल बनाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरित हरिद्वार मुहिम को सफल बनाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, कुंभ मेला अधिकारी सोनिका, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह, सीडीओ ललित नारायण मिश्रा, एमएनए नन्दन कुमार द्वारा पौधा रोपण किया गया। लीग्रैंड बायोडायवर्सिटी पार्क सिडकुल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रुद्राक्ष का पौध रोपित किया। वही, पुलिस लाइन रोशनबाद में एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में 200 पौधे रोपण किए गए। जिलाधिकारी ने विश्व पर्यावरण दिवस की सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए, जनपद वासियों से अपील की है कि हरित हरिद्वार मुहिम से जनपद को हरा भरा करने एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को पौधा रोपित करते हुए,उसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी जरूरी है,जिससे कि जनपद हरिद्वार को हरा भरा जनपद बनाया जा सक। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिडकुल द्वारा पार्क तैयार करने के लिए गिवमीट्रीज ट्रस्ट एवं इंडो एशियन कंपनी के जमीन उपलब्ध कराई गई, जिसमें इंडो एशियन कंपनी के द्वारा सीएसआर के माध्यम से लीग्रैंड बायोडायवर्सिटी पार्क तैयार किया गया। जिसमें लगभग 9 हजार पौधे रोपित किए गए है। आर एम सिडकुल कमल किशोर फर्त्याल ने बताया कि सिडकुल द्वारा पार्क डेवलप करने के लिए गिवमीट्रीज ट्रस्ट एवं इंडो एशियन कंपनी को भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें सीएसआर के माध्यम से लीग्रैंड बायोडायवर्सिटी पार्क डेवलप किया गया है, जिसमें वन विभाग के सहयोग से 9 हजार से अधिक वृक्ष रोपित किए जा चुके है तथा आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 300 से अधिक पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर गिवमीट्रीज ट्रस्ट के प्रोजेक्ट हेड जगदीप ठाकुर ने अवगत कराया है कि यह ट्रस्ट 51 सालों से वृक्षारोपण का कार्य कर रही है तथा सिडकुल क्षेत्र ने इंडो एशियन कंपनी के सहयोग से पार्क तैयार किया गया है, जो आगामी तीन वर्षो तक इस पार्क की देखभाल की जिम्मेदारी होगी।



पौधा रोपण करते जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं उनकी धर्मपत्नी प्रज्ञा दीक्षित।

# श्रीमहंत रविन्द्रपुरी व अपर मेलाधिकारी ने किया पौधा रोपण

## बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये पौधों रोपण जरूरी : रविन्द्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मंसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत डा. रविन्द्रपुरी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जल, जंगल व जमीन बचाने की अपील की है। निरंजनी अखाड़े के चरण पादुका के मंदिर प्रांगण में संत महापुरुषों एवं प्रशासन ने संयुक्त रूप से पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर श्रीमहंत रविन्द्रपुरी ने कहा कि जल, जंगल व जमीन को बचाने की आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये पौधों रोपण जरूरी है। मनुष्य की सास पौधों पर निर्भर है। श्रीमंहत रविन्द्रपुरी ने कहा कि कुंभ मेला आयोजन के दौरान लगाये गये पौधों की सुरक्षा होनी चाहिए। अगले कुंभ में वह पौधे वृक्ष के रूप में दिखने चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर जीवन को सुरक्षित करें। एचआरडीए के द्वारा पौधा रोपण अभियान को लेकर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। निश्चित रूप् से यह अभियान सफल होगा। उन्होंने कहा कि समाजिक संस्थाएं स्कूल, कॉलेजों द्वारा पौधा रोपण अभियान के लिये युवा पीढि को प्रेरित करना चाहिए। जिससे पेड़ों के प्रति लोगों का प्रेम बढे और धरती पर अधिक से अधिक पौधे लगाये जा सके। संत समाज समय-समय पर पौधा रोपण अभियान चलाकर अपने सामाजिक अभियान



चलाकर दायित्व को निभा रहा है। अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती एवं अपर मेलाधिकारी सरदार मनजीत सिंह, तहसीलदार सचिन कुमार ने भी पौधा रोपण अभियान में हिस्सा लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी 13 अखाड़ों में पौधा रोपण किया गया है। संतों ने बढ चढकर अपनी हिस्सेदारी निभाई है। मेलाधिकारी सोनिका सिंह हरिद्वार को हरा-भरा बनाने की मुहिम चला रही है। उन्होंनें कहा कि धर्मनगरी को हरा-भरा बनाने के लिए एक जुटता दिखानी होगी, पौधों की सुरक्षा स्वयं करनी होगी। अधिक से अधिक पौधे लगाये जाये जिससे बढते प्रदूषण को कम किया जा सके। प्रशासन द्वारा पौधा रोपरण के लिय लगातार जन जागरूता फैलाई जा रही है। इस अवसर पर श्रीमहंत रामरतन गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महामंडलेश्वर साध्वी भगवती पुरी, महंत राज गिरी, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

## || कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड नैनीडांड़ा ||

पंत्राकः 269/2—लेखा/निविदा/2026—27 दिनांकः 05—06—2026

### -: निविदा सूचना :-

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा वर्ष 2026—27 के अन्तर्गत लघु सिंचाई ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं सिचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदांये उनकी वर्गीकृत श्रेणी के अनुसार दिनांक 20—06—2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो कि निविदा समिति द्वारा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थित में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी नैनीडांड़ा के कार्यालय में दिनांक 06—06—2026 से दिनांक 19—06—2026 सांय 5.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। अन्य नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फल संरक्षण केन्द्र शंकरपुर का मरम्मत कार्य | 16,000.00 | 1000.00 +18% GST | 90 दिन | 30 दिन |

खण्ड विकास अधिकारी
नैनीडांड़ा गढ़वाल।

### सूचना (खोया-पाया)

मेरी गाडी विकम 750 जिसका रजि० न० - UK 08 TA 8099 है। प्रार्थी की गाडी का परमिट न. 4437 दिनांक 31.05.2026 में गुम हो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा। अतीक अहमद पुत्र शफीक अहमद, निवासी हाउस न० 72 कस्साबान, ज्वालापुर, हरिद्वार उत्तराखण्ड ।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# मुख्य सचिव ने किया विकास संवाद, कई मुददों पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार, नई टिहरी में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन श्री आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में जनपद के जनप्रति. निधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत एवं संवादात्मक मंथन हुआ। बैठक ने जन अपेक्षाओं और प्रशासनिक प्राथमिकताओं के बीच समन्वय का महत्वपूर्ण मंच प्रस्तुत किया।

मुख्य सचिव ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि स्थानीय स्तर पर समाधान योग्य प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर जिला स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनता को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने पर विशेष बल दिया।



मुख्य सचिव ने जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ विकास कार्यों को लेकर की बैठक

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय ने क्षेत्रीय असमानताओं एवं आरक्षित क्षेत्र विस्तार से जुड़े विषय उठाए, वहीं विधायक धनोल्टी प्रीतम सिंह पंवार एवं विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने हेतु संसाधनों एवं उपकरणों की अग्रिम उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। विधायक देवप्रयाग विनोद कण्डारी ने पेयजल आपूर्ति एवं पर्यटन विकास से जुड़े रोपवे परियोजनाओं को गति देने का विषय रखा, जबकि दर्जाधारी मंत्री जोत सिंह बिष्ट ने नदी तटीय आवागमन के वैकल्पिक साधनों की आवश्यकता को रेखांकित किया। दर्जाधारी मंत्री विनोद सुयाल ने यात्रा सीजन के दौरान देवप्रयाग-ऋषिकेश मार्ग पर बढ़ते दबाव एवं प्रबंधन चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। बैठक में नगर पालिका परिषद नई टिहरी अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने विस्थापित नई टिहरी शहर की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया। बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) सदस्य दिनेश डोभाल ने नगर पंचायत घनसाली की भूमि के नियमितीकरण तथा चारधाम यात्रियों को नई टिहरी से जोड़ने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाने की मांग रखी। जनपद के विभिन्न नगर निकायों के अध्यक्षों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। नगर पालिका चम्बा एवं देवप्रयाग द्वारा पार्किंग सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया गया, जबकि नगर पंचायत घनसाली एवं चमियाला के प्रतिनिधियों ने वन्यजीवों के बढ़ते हमलों से जनजीवन एवं कृषि को हो रहे नुकसान की समस्या उठाई। विकासखण्ड प्रमुखों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं वन्यजीव प्रबंधन से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से रखा गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चम्बा शोभनी धनोला, मुनिकीरेती नीलम विजल्वाण, देवप्रयाग ममता देवी, अध्यक्ष नगर पंचायत तपोवन विनीता बिष्ट, घनसाली आनन्द बिष्ट, चमियाला गोविन्द सिंह राणा, लम्बगांव रोशन रांगड़, घनसाली राजीव कंडारी, चंबा सुमन सजवाण, नरेन्द्रनगर दीक्षा राणा, कीर्तिनगर अंचला खंडेवाल, देवप्रयाग विनोद बिष्ट, प्रतापनगर मनीषा पंवार, जौनपुर सीता पंवार आदि मौजूद रहे।

# महासू देवता को खत शिलगांव की बेटियों ने अर्पित की एक किलो चांदी की डोरिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** जौनसार-बावर क्षेत्र में महासू देवता के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा और अटूट आस्था का एक अनुपम उदाहरण देखने को मिला। खत शिलगांव के देऊ गाँव की करीब 250 विवाहित और अविवा. हत बेटियों (ध्यांटूडियों) ने सामूहिक प्रयास से एक किलो चांदी से निर्मित भव्य देव डोरिया अपने आराध्य महासू देवता को भेंट किया।

शुक्रवार को भंजरा (पंचरा) गाँव स्थित महासू देवता मंदिर में देऊ गाँव की महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। देऊ गाँव की ध्यांटूडियों ने आपस में धन एकत्रित कर देव डोरिया को तैयार करवाया। देऊ गाँव की सभी ध्यांटूडियों के मंदिर पहुंचने पर मंदिर समिति द्वारा फूल-मालाओं और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। देव डोरिया अर्पित करने के बाद सभी ध्यांटूडियों ने महासू देवता के दर्शन कर क्षेत्र और अपने परिवारों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद सभी ध्यांटूडियों ने सामुहिक नृत्य भी किया।



इस दौरान अनारी देवी, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, अनीता तोमर, बाला देवी, कला देवी, सरोज देवी, रक्षा देवी, प्रमिला देवी, रीता चौहान, सुनीता चौहान, शिवानी चौहान, वर्षा चौहान, काजल चौहान, रेखा चौहान और निधि चौहान आदि मौजूद रहे।

## खेत बचाओ अभियान के तहत कृषक गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** विकासखंड कालसी के ग्राम गांगरू में खेत बचाओ अभियान, खरीफ गोष्ठी के अंतर्गत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सीमा देवी के द्वारा की गई। गोष्ठी में मुख्य संदर्भदाता के रूप में उपस्थित डा. एके सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र ढकरानी के द्वारा उपस्थित समस्त कृषकों को खेत बचाओ अभियान, धरती माता बचाओ अभियान, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, कीट प्रबंधन, पादप रोग प्रबंधन आदि विषयों पर कृषकों को गहन जानकारी प्रदान की गयी, तत्पश्चात राम नरेश गुलेरिया कृषि एव भूमि सरंक्षण अधिकारी चकराता द्वारा खेत बचाओ अभियान के उद्देश्य के साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी एवं इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान समस्त कृषकों से किया गया। ग्राम प्रधान के द्वारा कृषि विभाग की प्रशंसा करते हुए इस प्रकार की गोष्ठियां आगे भी करने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर सहायक उद्यान अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, सचिव सहकारिता, सहायक कृषि अधिकारी, सहित लगभग 97 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड प्रभारी प्रियंका लोहिया विकासखंड प्रभारी कालसी के द्वारा किया गया।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ने भाजपा पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने महिलाओं को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता के बयान की निंदा करते हुए भाजपा पर किया हमला।

प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने भाजपा के वरिष्ठ नेता के बयान की निंदा करते हुए कहा भाजपा नेता का बयान यह दर्शाता है कि उत्तराखंड की महिलाओं और बेटियों के प्रति उनकी कितनी नकारात्मक सोच है। उन्होंने कहा जिस व्यक्ति का नाम अंकिता भंडारी प्रकरण में विवादित रहा हो वह व्यक्ति इस प्रकार की



महिलाओं के प्रति वरिष्ठ नेता का बयान उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है: नवप्रभात

बातें कर रहा है, ऐसे व्यक्तियों को उत्तराखंड की जनता से माफी मांग. नी चाहिए।

उन्होंने कहा भाजपा को चाहिए ऐसे व्यक्ति को तत्काल प्रभाव से उत्तराखंड से बाहर करे। नवप्रभात ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सैनिकों को ठगने का काम किया है चाहे वह वन रैंक वन पेंशन हो चाहे युवाओं को रोजगार देने के लिए, अग्नि वीर योजना के माध्यम से ठगने का काम किया है।

कहा भाजपा राहुल गांधी की लोक. प्रियता देखकर घबरा गई है जिससे भाजपा ज्यादा परेशान हो रही है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजय किशोर, शहर अध्यक्ष विकास शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष धीरज नौटियाल, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर आदि शामिल रहे।

## एक नजर .......

### सिलोडा और रावतगांव का जिबाला जल्द जुडेगा सडक मार्ग से: बिक्रम

**नई टिहरी।** विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर का दूरस्थ गांव सिलोडा और रावतगांव का जिबाला तोक जल्द सडक मार्ग से जुडेगा दोनों स्वीकृत मोटर मार्गों के नव निर्माण के लिए शासन से वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है प्रतापनगर के विधायक बिक्रम सिंह नेगी ने बताया कि पट्टी उपली रमोली के अंतर्गत खंबाखाल-सिलोड़ा मोटर मार्ग के नव निर्माण के लिए शासन से 40.50 लाख रुपये एंव पट्टी रौणद रमोली के लंबगांव बिजपुर पनियाला रावतगांव मोटर मार्ग के किमी 08 से जिबाला तक 3 किमी मोटर मार्ग के नव निर्माण के लिए 131.12 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है जिससे अब दोनों स्वीकृत मोटर मार्गों का निर्माण कार्य जल्दी शुरू हो जायेगा। विधायक नेगी ने कहा कि एक किलोमीटर सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद अब लंबे समय से सड़क सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे सिलोड़ा गांव के लोगों को जल्द राहत मिलेगी साथ ही रावतगांव का जिबाला तोक भी पहली बार सडक सुविधा से जुडने के बाद गांव के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी उन्होने कहा कि शासन स्तर पर लंबित घोंटी पुल से जिंदरवाडा मोटर मार्ग को एक सप्ताह के भीतर स्वीकृति मिल जायेगी अब सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद शासन से मंजूरी मिल गई है शीघ्र ही निर्माण कार्य धरातल पर शुरू कर दिया जाएगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर आसन बैराज, विकासनगर में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के काउंटडाउन कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को जनपद देहरादून के आसन बैराज, विकासनगर, देहरादून में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' (योगा फार हेल्थी एजिंग) निर्धारित की गई। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ० मिथिलेश कुमार एवं अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ० सविता कोठियाल के निर्देशो के क्रम में आयोजित इस विशेष योग सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद पटेल पार्षद हरबर्टपुर द्वारा भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ० डी० सी० पसबोला ने बताया कि इस सत्र में योग अनुदेशक अंकुश कुमार, प्रताप सिंह एवं शर्मिला ने योग सत्र का संचालन किया। योग अनुदेशक द्वारा उपस्थित जनसमूह को कॉमन योगा प्रोटोकॉल का बेहतरीन अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर डॉ० प्रीति मिश्रा (नोडल अधिकारी), डॉ० सरिता राय, नन्दिता बिष्ट एवं यशोधा फार्मेसी अधिकारी, सतपाल गुलेरिया, भूपेन्द्र सिंह रावत कर्मचारी और क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चौईथा शिव मंदिर में धूमधाम से हुआ संपन्न, वार्षिक जागरण और विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** खत बमटाड़ के चौईथा शिव मंदिर में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। परंपरा के अनुसार, हर वर्ष 4 जून को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार भी क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उत्सव की पूर्व संध्या बुधवार को मंदिर की परंपरा का निर्वहन करते हुए देव डोरिया को हरिपुर यमुना घाट ले जाया गया, जहाँ विधि-विधान के साथ शाही स्नान संपन्न कराया गया। इस पवित्र स्नान



सैंकड़ों भक्तों ने किए भगवान शिव के दर्शन

के बाद ही मंदिर में मुख्य धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। गुरुवार को मुख्य आयोजन के तहत मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में खत बमटाड़ के विभिन्न गाँवोंकृकोठा, तारली, खमरोली, चिबऊ, सलगा, बोहा, नराया, कोटी, कोरूवा, सैंसा और सैज आदि के ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से सहयोग दिया। दिन भर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सैंकड़ों भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव के दर्शन किए, मत्था टेका और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन और स्थानीय ग्रामीणों की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर पंडित राजेश शर्मा, मंदिर के वजीर अतर सिंह तोमर, भंडारी व देव माली दिनेश सिंह तोमर, चतर सिंह तोमर, अर्जुन सिंह तोमर, कुन्दन सिंह चौहान, हंसराम शर्मा, सुरेंद्र सिंह तोमर, टीकम सिंह तोमर, राज. ेंद्र सिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह तोमर, प्रताप सिंह, खजान सिंह, अंशुल तोमर विजय सिंह और पूरण सिंह तोमर समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पीएम श्री राइका भटाड़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज भटाड़ में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा स्थानीय समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बावर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी शिव प्रसाद गैरोला उपस्थित रहे। उनके साथ वन विभाग के महेंद्र सिंह बिष्ट, रमेश चौहान (वन दरोगा), मोहन लाल खत्री, अमित राणा (वन बीट अधिकारी) एवं करिश्मा ने भी सहभागिता की। ग्राम पंचायत भटाड़ के प्रधान लक्ष्मण शाह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण गिरीश सिंह, कैलाश कुमार, पूरण सिंह, पल्लवी बलोनी, अमिता सिंह, सुदिन प्रसाद, विजय कुमार, देवेंद्र चौहान, मोहित खंतवाल, सुरभि चौहान, पारुल देवी, गजेन्द्र तोमर, सुरेश लाल सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड के जलवायु-अनुकूल स्कूलों में बेहतर स्वास्थ्य परिणाम

**देहरादून।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रेकिट के डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया ने उत्तराखंड में डेटॉल क्लाइमेट रेजिलिएंट स्कूल्स कार्यक्रम के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित किया। उत्तराखंड सरकार के सहयोग से चार धाम क्षेत्र में संचालित यह पहल बच्चों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जलवाय अनुकूल व्यवहार को बढ़ावा देती है। एम्स ऋषिकेश ने चार जलवायु-अनुकूल और नौ सामान्य स्कूलों के मूल्यांकन में बेहतर हाथ धोने की आदतें 94.1 प्रतिशत, साबुन उपयोग, स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूकता, बेहतर स्वास्थ्य परिणाम, नियमित उपस्थिति तथा संक्रमण के शून्य मामले सामने आए। अध्ययन में यह भी पाया गया कि बच्चे स्कूल में सीखी गई स्वच्छता संबंधी आदतों को अपने घरों तक ले जा रहे हैं और परिवार के सदस्यों को भी प्रेरित कर रहे हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक व राज्य मंत्री ने किया पौधरोपण

फलदार पौधे वितरित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने अपने आवास परिसर में फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को फलदार पौधे भी वितरित किए तथा अधिक से अधिक पौधारोपण कर हरित और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन मनाने का विषय नहीं, बल्कि इसे हमारी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा



बनाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवनदाता हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुखदेव फरस्वाड, मंडल प्रभारी संजय मित्तल, मंडल महामंत्री यशपाल कैंथुरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंजु नेगी, कविता क्षेत्री, पिंकी देवी, लीला देवी, पूनम पंवार, शांति प्रभा, ममता ठाकुर, कुं. कंचन, विनोद थापा, देवेंद्र थापलियाल, मेघ सिंह, राहुल पुण्डीर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

वही दूसरी ओर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला देहरादून ग्रामीण किसान मोर्चा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 21 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के ,और एक पेड़ मां के नाम। इस अवसर पर सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के सुद्धोवाला मंडल के ग्राम नौगांव में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में दायित्व धारी राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल ने अपने सम्बोधन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा उनकी ठीक ढंग से देखभाल भी हो ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित डबराल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रजनीश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा लक्ष्मी अग्रवाल, विकास रमौला जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, स्वच्छ भारत ग्रुप के संस्थापक डॉ. धीरज जोशी, कैप्टन हरिकिशोर, क्षेत्र पंचायत सदस्य बाला शर्मा, अमिता मेहता, सिकन्दर सिंह, यशपाल नेगी, ग्राम प्रधान नौगांव वर्षा उनियाल, किशोरी लाल सुन्दियाल, नरेन्द्र सकलानी, अंजना रमोला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने रेडहेक्स हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड किया लॉन्च

**देहरादून।** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने रेडहेक्स हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च किया है, जो एक स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड (एसआईएफ) की रणनीति है। इसे उन निवेशकों के लिए डिजाइन किया गया है जो नियमित रिटर्न और पूंजी वृद्धि की तलाश में हैं। यह रणनीति विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों फिक्स्ड इनकम, इक्विटी आर्बिट्राज, आरईआईटी और इनविट यूनिट्सख्रमें निवेश को मिलाकर बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान जोखिम-समायोजित रिटर्न हासिल करने का प्रयास करती है। इसका नया फंड ऑफर (एनएफओ) 2 जून 2026 से 16 जून 2026 तक खुला रहेगा। कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने कहा, आज के निवेशक पहले से ज्यादा समझदार हैं। उन्हें ऐसे नए तरीकों की जरूरत है जिन्हें पेशेवर विशेषज्ञ संभालते हों और जो बाजार के उतार-चढ़ाव को झेल सकें। रेडहेक्स हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड को एक आसान बीच के रास्ते की तरह बनाया गया है। इसमें निवेशकों को म्यूचुअल फंड जैसी साफ-सुथरी जानकारी भी मिलती है।

# क्रय विक्रय सहकारी समिति का शपथ ग्रहण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** क्रय विक्रय सहकारी समिति विकास नगर संचालक मंडल का शपथग्रहण कार्यक्रम ब्लाक प्रमुख विकासनगर नारायण ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी द्वारा संचालक मंडल को शपथ दिलाई गई।

समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार नेगी ने संचालक मंडल सहित सभी उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तराखंड



सरकार में राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल ने संचालक मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है। समाज के अन्तिम छोर तक पहुंचने का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है। क्रय विक्रय सहकारी समिति किस प्रकार से आमजन तक अपनी पहुंच बनाये छोटे किसान, छोटे व्यापारियों को किस प्रकार प्रतिस्पर्धी बने आमजन की क्रय शक्ति बढ़े उनका आर्थिक विकास हो उसके लिए प्रभावी योजनाएं बनाई जानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सहकारी बैंक देहरादून के पूर्व संच. ालक रहे ओमप्रकाश गुप्ता, सुरत सिंह चौहान पूर्व संचालक सहकारी बैंक देहरादून ने भी संचालक मंडल को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख नारायण ठाकुर ने भी संचालक मंडल को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अपने देश में लगभग 30 करोड़ लोग सहका. रिता से जुड़े हैं सहकारिता आंदोलन की व्याख्या करते हुए कहा कि देश में लगभग 9 लाख समितियां पंजीकृत हैं जिनमें से लगभग 8 लाख से अधिक समितियां कार्यरत हैं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 90 प्रतिशत लोग सीधे सहकारिता से जुड़े हैं जो कि आम जन मानस की आजिविका का प्रमुख साधन है। कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अमित डबराल किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रजनीश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र सिंह चौहान अखिलेश डबराल विकास रमौला, यशपाल सिंह नेगी, अरविंद सोलंकी, सुरेश चंद, श्रीमति बाला शर्मा प्रधान शबाबू आदि मौजूद रहे।



## कार्यालय - नगर पालिका परिषद् दुगड्डा, पौडी गढ़वाल

पत्रांक : 254/ कूड़ेदान क्रय/2026-27 | दिनांक 05.06.2026

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् दुगड्डा क्षेत्रान्तर्गत कूड़ेदान स्थापित किये जाने हेतु उत्तराखण्ड शासन वित (वे.आ.-सा.नि.) अनुभाग-7 संख्या 47/xxvii (7)32(1)/2025 देहरादून दिनांक 13.08.2025 (उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2025 के नियम 3.3 के अन्तर्गत 3.3.2) के अनुसार दरें आपूर्तिकर्ता फर्मों/व्यक्तियों से मोहरबन्द कोटेशन फर्म के लैटर पैड पर दिनांक 15.06.26 को दोपहर 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन शांय 3:00 बजे कोटेशन समिति द्वारा खोली जायेंगी। कोटेशन तिथि को अवकाश की स्थिति मे अगला कार्य दिवस निर्धारित तिथि मानी जायेगी। कोटेशन के साथ रू. 100/का स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट लगा व जी.एस.टी. पंजीयन पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। कोटेशन के साथ रू. 15,000/- की धरोहर राशि बतौर FDR/DD/CDR/NSC जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् दुगड्डा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। सशर्त एवं कालातीत कोटेशन स्वीकार नहीं की जायेंगी। कोटेशन बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य शर्ते/जानकारी कोटेशन दिवस से पूर्व कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को ज्ञात की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | विवरण | | दर प्रति नग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद् दुगड्डा क्षेत्रान्तर्गत कूड़ेदान (ड्स्टबीन) स्थापित किये जाने का कार्य। | Capacity- | 90 Litres | |
| | | Color- | Green, Blue, Red, Black | |
| | | UV Resistant- | Yes | |
| | | Weather Resistant- | Yes | |
| | | Corrosion Resistant- | Yes | |
| | | Top To Bottom Height- | 4'6" | |
| | | Width- | 4 feet | |
| | | Depth- | 2 Feet | |

**नोट:-** कूड़ेदान का डिजायन, स्ट्रक्चर, सुरक्षा जाली आदि का सेम्पल पालिका कार्यालय से प्राप्त करने के पश्चात् ही दरें दी जायें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् दुगड्डा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् दुगड्डा**

# मुख्य सचिव ने की जनपदीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

■ अधिकारियों ने विकास कार्यों का विवरण किया प्रस्तुत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन श्री आनंद बर्धन की अध्यक्षता में जनपद के समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ जनपदीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल द्वारा जनपद की प्रशासनिक व्यवस्था सहित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में सड़क नेटवर्क, मोटरेबल ब्रिज तथा लोक निर्माण विभाग की प्रमुख परियोजनाओं की



प्रगति पर चर्चा की गई।

10 करोड़ से अधिक लागत की कुम्भ मेला से संबंधित सेक्शन रोड नरेंद्रनगर-किनवानी-नीरगढ के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य, जिसकी निविदा जारी हो चुकी है, के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्य सचिव द्वारा कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। रामझूला सेतु के सुदृढ़ीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्यों की भी समीक्षा की गई। पीएमजीएसवाई फेस-4 के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों एवं आपदा, बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की स्थिति पर चर्चा हुई। सिंचाई विभाग द्वारा खंडवार नहरों, नलकूपों एवं लिफ्ट सिंचाई योजनाओं की जानक. ारी दी गई तथा क्षतिग्रस्त नहरों के संबंध में विस्तृत जानकारी मुख्य सचिव द्वारा प्राप्त की गई। मुनि की रेती क्षेत्र में 40 करोड़ की वर्षा जल निकासी प्रणाली निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा की गई। चंद्रभागा नदी में बाढ़ सुरक्षा हेतु चौनलाइजेशन कार्य अस्थायी रूप से किए जाने के बावजूद नदी तल का स्तर बढ़ने के कारण अतिरिक्त उपचारात्मक कार्यों की आवश्यकता बताई गई। राजकीय पॉलिटेक्निक, नई टिहरी के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश मुख्य सचिव द्वारा दिए गए। नई टिहरी मालरोड के सौंदर्यीकरण एवं फसाड कार्यों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं की प्रगति (हिंडोलखाल, मणि, चौरास, भरपूर, गजा, तपोवन नगर, कांडी ग्राम समूह, जलकुर एवं मुनि की रेती पंपिंग योजना) पर चर्चा की गई। साथ ही 10 करोड़ से अधिक की पेयजल योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा देवप्रयाग एवं कीर्तिनगर क्षेत्र में पेयजल पंपिंग योजना की आवश्यकता तथा मुख्य पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं को भी रखा गया। नरेंद्रनगर सीवर लाइन योजना में 55 प्रतिशत भौतिक प्रगति की जानकारी दी गई। पर्यटन क्षेत्रों में जल आपूर्ति की बढ़ती मांग एवं रखरखाव हेतु बजट की कमी को प्रमुख चुनौती के रूप में चिन्हित किया गया। जनपद में एसटीपी एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति के साथ-साथ होटलों के लिए पर्यावरण अनुकूल ग्रीन रेटिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सचिव लोक निर्माण विभाग पंकज पांडेय, एसएसपी श्वेता चौबे, एडीएम शैलेंद्र नेगी, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति आदि मौजूद रहे।

# एसआरटी परिसर के 17 कर्मचारियों को भी मिला स्थायी नियुक्ति का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल टिहरी के कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश कोठारी ने बताया कि कराया कि हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के इतिहास में आज का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वर्षों से दैनिक एवं नियत वेतन पर कार्यरत 132 कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति प्रदान की गई, जिनमें एसआरटी परिसर के 17 कर्मचारी शामिल है। यह निर्णय कर्मचारियों के वर्षों के समर्पण, परिश्रम एवं संघर्ष का सम्मान करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय प्रशासन की संवेदनशील, कर्मचारी हितैषी एवं सकारात्मक कार्यशैली का भी परिचायक है। इस उपलब्धि पर कर्मचारी परिषद ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच, सकारात्मक नेतृत्व एवं कर्मचारियों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय ने कर्मचारी कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम उठाया है। कर्मचारी परिषद ने नियमितीकरण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में योगदान देने वाली समिति के संयोजक एवं सदस्यों, कार्य परिषद के सम्मानित सदस्यों तथा विश्व. विद्यालय प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से परिसर के 17 दैनिक एवं नियत वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमित. ीकरण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में परिसर निदेशक प्रो. ए. ए. बौड़ाई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रोफेसर आर सी रमोला, डॉ शंकर लाल, अनुभाग अधिकारी सुदामा लाल, हीरालाल गेरोला, मुकेश कुमार, हंसराज बिष्ट, राजेंद्र कठैत, आनंद सिंह मियाँ, देवेंद्र कुमार, राकेश रमोला, सच्चिदानंद उनियाल, आशीष सेमल्टी, सुरेश कुमार, कविता, ममता, संध्या आदि मौजूद रहे।

# कुमार लोक में 11 दिवसीय महायज्ञ एवं पुराण वाचन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** देव सेनापति भगवान कार्तिकेय की पावन तपोस्थली कुमार लोक में शुक्रवार से 11 दिवसीय महायज्ञ एवं पुराण वाचन का विधिवत शुभारंभ हो गया। शीतकालीन गद्दी स्थल सुवारी ग्वास घिमतोली से भगवान कार्तिकेय की चल विग्रह उत्सव मूर्तियों को पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कुमार लोक लाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। धार्मिक आयोजन के शुभारंभ के साथ ही सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते कुमार लोक में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर उप प्रबंधक रमेश सिंह नेगी, उपाध्यक्ष उत्तराज नेगी, कथावाचक आचार्य वासुदेव प्रसाद थपलियाल, सुधीर नौटियाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मगन सिंह नेगी, अर्जुन सिंह नेगी, भरत सिंह नेगी, लक्ष्मण सिंह नेगी, भरत बासकण्डी, दिनेश सिंह नेगी, शंकर सिंह नेगी, मोर सिंह नेगी, अनिल जिरवाण, पंकज सिंह नेगी, बीरेंद्र सिंह नेगी, दलवीर सिंह नेगी, तृप्त सिंह नेगी, सौरभ असवाल, मिन्टू सिंह नेगी, दीपक सिंह नेगी सहित कार्तिकेय मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य, जनप्रतिनिधि, विद्वान आचार्य एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिवालिक इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एवं अनुसंधान, झाझरा, देहरादून में आज राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुभारती समूह के संस्थापक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. अतुल कृष्ण ने मेडिकल छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान, देहरादून के निदेशक डॉ. रविन्द्र कुमार सैनी, सहयोगी नरेन्द्र सिंह तोमर, जगदीश गुप्ता, तथा सुभारती हॉस्पिटल के ओ.एस.टी. बलवंत सिंह, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान, देहरादून के निदेशक डॉ. रविन्द्र कुमार सैनी, सहयोगी श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, श्री जगदीश गुप्ता, तथा सुभारती हॉस्पिटल के ओ.एस. डी. श्री बलवन्त सिंह बोहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. अतुल कृष्ण ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' के सिद्धांत को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके जागरूक, संस्कारित एवं राष्ट्रभक्त युवाओं में निहित होती है। चिकित्सा के क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थी केवल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता भी हैं। डॉ. अतुल कृष्ण ने भारत के महान क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेना. नियों एवं राष्ट्रनायकों के त्याग, तपस्या और बलिदान का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह तोमर ने राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया तथा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के उद्देश्यों एवं उसकी जरूरत पर प्रकाश डाला।

## एक नजर .......

### एनएचएम के तहत आशा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्वांसी में शुक्रवार को क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन ने की। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के नियमित टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन ने कहा कि गर्भावस्था की प्रथम तिमाही के भीतर स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण और पहली एएनसी जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। समय पर पंजीकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच मां और शिशु दोनों की सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं को प्रत्येक गांव और तोक में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं मैपिंग करने तथा 'शून्य होम डिलीवरी' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संस्थागत प्रसव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एएनएम मनीष चौहान, आशा फैसिलिटेटर निशा रावत, पवन पांडे, मुकेश चौहान, प्रियंका गीत, ममता सहित क्षेत्र की सभी आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कचरा-मुक्त भविष्य के निर्माण के प्रति नेस्ले इंडिया ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**देहरादून।** विश्व पर्यावरण दिवस पर, नेस्ले इंडिया ने जिम्मेदार पैकेजिंग, प्लास्टिक इकट्ठा करने और उसकी प्रोसेसिंग, और समुदाय के नेतृत्व वाले कचरा प्रबंधन प्रयासों के जरिए प्लास्टिक कचरे को कम करने के अपने संकल्प को दो. हराया। कंपनी ने देश भर में सर्कुलर इकोनॉमी समाधानों को मजबूत करने और कचरा प्रबंधन के जिम्मेदार तरीकों को बढ़ावा देने पर भी अपना ध्यान फिर से जाहिर किया। नेस्ले इंडिया में कॉर्पोरेट अफेयर्स, सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर के हेड, कुंवर हिम्मत सिंह ने कहा, ष्प्लास्टिक कचरे की समस्या से निपटने के लिए हर स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है ख्र पैकेजिंग के डिजाइन से लेकर इस्तेमाल के बाद उसे इकट्ठा करने और मैनेज करने तक। हमें अपनी अब तक की प्रगति पर गर्व है, लेकिन हम जानते हैं कि अभी और भी बहुत कुछ करना बाकी है, और हम इस समस्या के समाधान का हिस्सा बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेस्ले इंडिया का मानना घ्है कि पैकेजिंग पर्यावरण में नहीं मिलनी चाहिए। कंपनी बाजार में जितनी प्लास्टिक पैकेजिंग लाती है, उतनी ही मात्रा में उसे इकट्ठा और प्रोसेस करती है। वित्त वर्ष 2025-26 में, इसका मतलब था कि रीसाइक्लिंग और रिकवरी के अन्य स्वीकृत तरीकों से लगभग 25,000 मीट्रिक टन प्लास्टिक पैकेजिंग का जिम्मेदारी से प्रबंधन किया गया। कंपनी 2020 से प्लास्टिक न्यूट्रल बनी हुई है और प्लास्टिक कचरे के जिम्मेदार प्रबंधन के लिए सिस्टम को मजबूत करना जारी रखे हुए है।

### जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने शुक्रवार को बेड़ूबगढ़, अगस्त्यमुनि और सिल्ली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न संवेदनशील स्थलों का अवलोकन कर एनएच विभाग के अधिकारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण के लिए संरचनाएं हटाने का कार्य शेष है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि केदारनाथ यात्रा सीजन के दौरान अगस्त्यमुनि, बेड़ूबगढ़ और सिल्ली क्षेत्रों में वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे कई बार यातायात जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इसका असर स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ तीर्थयात्रियों पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण और यातायात सुधार संबंधी कार्य पूर्ण होने के बाद इन क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, सहायक अभियंता प्रेरणा जगोड़ी सहित राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीएचसी रायपुर को मिला नया चिकित्सालय भवन, मरीजो को मिलेगी राहत

1410.56 लाख की लागत से हुआ है भवन तैयार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर में 1410.56 लाख रुपए की लागत से तैयार 30 शैय्यायुक्त नवनिर्मित चिकित्सालय भवन का लोकार्पण बीते दिवस राज्य के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सुबोध उनियाल , राज्यसभा सांसद नरेश बंसल एवं क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ की उपस्थिति में किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री एवं अन्य अतिथि गणों ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नए चिकित्सालय भवन में





प्रवेश किया। चिकित्सालय की महिला कर्मचारियों ने स्वागत गीत तथा आशा कार्यकत्रियों ने मांगल गीत गाकर स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया। नए चिकित्सालय भवन में ओपीडी, आईपीडी, प्रशासनिक ब्लॉक, जनरल वार्ड, सेमी प्राइवेट वार्ड, प्राइवेट वार्ड, पैथोलॉजी लैब, आपात चिकित्सा सेवाओं का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने नए चिकित्सालय भवन को क्षेत्रीय जनता को समर्पित करते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का यह नवनिर्मित भवन रायपुर क्षेत्र में जन स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम देगा।

उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य सेवाओं को वृहद और जनसुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है। विशेषकर शतप्रतिशत गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क संस्थागत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में गर्भवती महिला को अपने खर्चे पर चिकित्सालय तक पहुंचाने के लिए आशा कार्यकत्रियों को 2000 की धनराशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं के मामले में संवेदनशील जोन चिन्हित करते हुए वहां पर गोल्डन आवर में त्वरित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराए जाएंगी। साथ उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वह जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। मरीजों को बाहर की दवाइयां ना लिखें और प्रयास करें कि गंभीर मामलों को छोड़कर मरीजों को अस्पताल से रेफर ना किया जाए।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ, कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ सुनीता टम्टा, रायपुर ब्लॉक प्रमुख सरोजिनी जवाडी, स्वास्थ्य निदेशक डॉ आर, के पंत, निदेशक एनएचएम डॉ रश्मि पंत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी रायपुर डॉ प्रताप रावत सहित चिकित्सालय का समस्त स्टाफ एवं आशा कार्यकत्रियां उपस्थिति रहीं।

## सोने के बदले 15 मिनट में लोन: डीजीटल गोल्ड लोन से छोटे कारोबारियों को राहत की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**देहरादून।** डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने वेतनभोगी, स्वरोजगार, व्यापारी और एमएसएमई ग्राहकों के लिए गोल्ड लोन सेवा शुरू की है। प्रारंभिक चरण में यह सुविधा दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार ग्राहक सोने के मूल्यांकन के आधार पर 5,000 रुपये से शुरू होने वाला ऋण ले सकेंगे। आवश्यक दस्तावेज और सोने के सत्यापन के बाद ऋण स्वीकृति व वितरण की प्रक्रिया लगभग 15 मिनट में पूरी करने का दावा किया गया है।

# रुद्रप्रयाग में अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में सरकारी भूमि, विभागीय परिसंपत्तियों एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन अब सख्त कदम उठाने जा रहा है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि सरकारी संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शुक्रवार को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित अतिक्रमण संबंधी समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग की भूमि एवं परिसंपत्तियों का सत्यापन कर अतिक्रमण की स्थिति का तत्काल आकलन करें तथा जहां भी अवैध कब्जा पाया जाए, उसे हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराई गई परिसंपत्तियों की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कोई व्यक्ति अतिक्रमण नहीं हटाता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी, उपजिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राम प्रकाश, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी से गुरुवार को उनके कैंप कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) उत्तराखंड के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री के समक्ष किसानों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याएं रखीं।

ज्ञापन में मुख्य रूप से आवारा पशुओं एवं जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने, अत्यधिक वर्षा और ओलावृष्टि से फसल हानि, प्राकृतिक आपदाओं



■ भाकियू लोकशक्ति के प्रतिनिधिमंडल ने की जोशी से मुलाकात

के कारण फसल नष्ट होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उचित मुआवजा, गन्ना किसानों की समस्याओं, खाद एवं बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों के लिए 5 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा की मांग शामिल रही।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि ज्ञापन में उठाई गई मांगों एवं समस्याओं पर आवश्यक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर भाकियू लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता ओमवीर सिंह, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनुराग, प्रदेश अध्यक्ष रोहित शर्मा, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष विद्या सेलुलर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दयारा से बबीता ट्रैकर सात दिनों से लापता, तलाश जारी

परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** बीते शनिवार दयारा बुग्याल से लापता रामनगर की ट्रैकर बबीता पांडे तलाश सातवें दिन भी जारी है।

इधर बबीता पांडेय की मां ने अपहरण की आशंका जाताई है। गौरतलब रामनगर, नैनीताल निवासी बबीता पिछले सात दिनों से दयारा बुग्याल के लापता होने के बाद एसडीआरएफ एनडीआरएफ सेना,जिला आपदा समेत विभिन्न एजेंसियों की संयुक्त टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के बाद वन विभाग ने सुरक्षा और एसओपी की समीक्षा का हवाला देते हुए दयारा





ट्रैक पर ट्रेकिंग गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगा दी है।

गौरतलब कशहै कि बबीता पांडे अपने दो साथियों के साथ दयारा बुग्याल ट्रैक पर घूमने गई थीं। बीते सप्ताह गोई क्षेत्र के पास वह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गईं। घटना के बाद से एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन, सेना, आईटीबीपी, वन विभाग, जल पुलिस और क्यूआरटी की संयुक्त टीमें लगातार खोज अभियान में जुटी हैं। शुकवार को विशेष सर्च टीम ने गोई क्षेत्र की झीलों, जल स्रोतों और आसपास के दुर्गम इलाकों में गहन तलाशी अभियान चलाया। डीप सर्च ऑपरेशन के बावजूद महिला ट्रैकर का कोई सुराग नहीं मिला। करीब डेढ़ सौ से अधिक जवान और अधिकारी अभियान में शामिल हैं। घटना के बाद वन विभाग ने दयारा ट्रैक पर ट्रेकर्स की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगा दी है। विभाग का कहना है कि ट्रेकिंग से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसआ. ेपी) की समीक्षा की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। साथ ही लगातार ट्रेकर्स की आवाजाही के कारण रेस्क्यू अभियान प्रभावित होने की आशंका भी जताई गई है।

हालांकि इस फैसले पर ट्रेकिंग एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि एक घटना के कारण सभी ट्रेकिंग गतिविधियों को रोकना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से पंजीकरण और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह रोक अस्थायी है और एसओपी की समीक्षा पूरी होने के बाद ट्रैक को फिर से खोला जाएगा। फिलहाल सभी एजेंसियां महिला ट्रैकर की तलाश में जुटी हैं और परिजनों की उम्मीदें अब जबाब देने लगी हैं शुक्रवार को बबीता के मां ने अपरहण की आशंका जताई है।

## जोशी ने किया आपदा राहत कार्यों का निरीक्षण

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित कार्लीगाड़ क्षेत्र का दौरा कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा के कारण जमा हुए मलवे को हटाने के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोशी ने जिलाधिकारी देहरादून को निर्देशित किया कि कार्लीगाड़ क्षेत्र में जमा आपदा के मलवे को आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण रूप से हटाया जाए तथा भविष्य में किसी प्रकार की क्षति से बचाव हेतु मलवे का वैज्ञानिक ढंग से चौनलाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। जोशी ने जिलाधिकारी को कार्लीगाड़ के आपदा प्रभावित परिवारों के सुरक्षित पुनर्वास के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

# देवदार के घने जंगलों में गूंजा आस्था का स्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**त्यूणी।** जनजातीय क्षेत्र जौनसार-बावर की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और आस्था का प्रतीक प्रसिद्ध तीन दिवसीय जखोली मेला देवदार के घने जंगलों के बीच स्थित पवित्र केमाला देवस्थान में संपंन हो गया। कूणा, बागी और कोटी गांवों के मध्य स्थित इस ऐतिहासिक देवस्थल पर चार भाई महासू में ज्येष्ठ वाशिक महासू देवता की डोली के पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया।

मेले के तीसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने देवता के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की। परंपरा के अनुसार वाशिक महासू देवता की डोली दो दिनों तक विशेष तंबू में विराजमान रहती है। इस दौरान

■ केमाला देवस्थान में शुरू हुआ ऐतिहासिक जखोली मेला संपंन

श्रद्धालु रातभर जागरण, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं। जखोली मेले का सबसे आकर्षक और भावनात्मक पक्ष धयानटुडियों (विवाहित कन्याओं) का आगमन माना जाता है। स्थानीय लोकमान्यता के अनुसार एक समय क्षेत्र में कन्याओं का जन्म बहुत कम होने लगा था।

तब वाशिक महासू देवता ने क्षेत्रवासियों को कन्या जन्म का वरदान दिया। इसी कारण धयानटुडियों को देवता का विशेष आशीर्वाद माना जाता है। आज भी इस परंपरा को जीवित रखते हुए देव डोली उनसे मिलने के लिए केमाला पहुंचती है, जो आस्था और मातृत्व सम्मान का अनूठा प्रतीक है। मेले में पहुंची महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक रासो और तांदी नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। ढोल-दमाऊ की थाप पर देर रात तक लोकगीत और नृत्य चलते रहे। देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करती इन प्रस्तुतियों ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आए श्रद्धालुओं को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि सदियों पुरानी यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है, जो जौनसार-बावर की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# भारत-अफगान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर

■ शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिश ट्रांजशिन फेज में कदम रख रही

**मुल्लांपुर, वार्ता।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट में शनिवार से एक नए दौर की शुरुआत हो रही है। शुभमन गिल की कप्तानी में टीम एक बदलाव के दौर (ट्रांजशिन फेज) में कदम रख रही है और मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगी।

यह मैच आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल का हिस्सा नहीं है। पिछले साल नवम्बर के बाद भारत रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी कर रहा है। यह मैच ऐसे समय में हो रहा है जब टीम में पीढ़ीगत बदलाव (जेनरेशनल शिफ्ट) हो रहा है और सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। गिल के लिए यह सीरीज लीडरशिप की शुरुआती परीक्षा है। वह एक युवा और नई टीम का नेतृत्व करते हुए भारत के लंबे समय के टेस्ट



कप्तान के तौर पर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे। भारत ने इस मैच का इस्तेमाल अपनी बेंच स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए किया है, जिसमें स्थापित खिलाड़ियों के साथ-साथ कई उभरते हुए खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है। उम्मीद है कि भारत की बैटिंग लाइन-अप की शुरुआत केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल करेंगे, और मिडिल ऑर्डर में साई सुदर्शन, गिल और ऋषभ पंत होंगे। निचले क्रम में वॉशिगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे ऑलराउंडर विकल्प मौजूद हैं, जिससे सीनियर खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में भी टीम को काफी गहराई मिलती है। गिल शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 2025 में नौ टेस्ट मैचों में 70-21 की औसत से 983 रन बनाए हैं। उनके शानदार प्रदर्शन में एजबेस्टन में बनाए गए ऐतिहासिक 269 रन भी शामिल हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में उनकी बढ़ती अहमियत को दिखाते हैं। हशमतुल्लाह शाहिदी की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम टेस्ट क्रिकेट में कम अनुभव के साथ आई है, लेकिन उनके पास एक ऐसा कोर ग्रुप है जिसने मुश्किल हालात में भी अच्छा खेल दिखाया है।

रहमत शाह इस फॉर्मेट में उनके सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज हैं, जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज ओपनिग में आक्रामक खेल दिखाते हैं। हालांकि, अफगानिस्तान के लिए चुनौती तब और बढ़ जाती है जब उनके मुख्य स्पिनर राशिद खान और मुजीब उर रहमान टेस्ट टीम में नहीं होते, ऐसे में गेंदबाजी की कमान संभालने की अतिरिक्त जम्मिेदारी कैस अहमद पर आ जाती है। बिलाल सामी, सलीम साफी, शराफुद्दीन अशरफ और नंग्याल खरोताई जैसे सहयोगी गें. दबाजों को मिलकर भारत की मजबूत बैटिंग लाइन-अप को रोकने की कोशिश करनी होगी। इस बीच, भारत की तेज गें. दबाजी की कमान मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृणा संभालेंगे, जबकि कुलदीप यादव स्पिन के मुख्य हथियार होंगे क्योंकि पिच पर जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। वॉशिगटन सुंदर टीम में स्पिन और बल्लेबाजी का अतिरिक्त संतुलन लाते हैं। मुल्लांपुर की पिच पर मैच की शुरुआत में अच्छा उछाल और गति मिलने की उम्मीद है, जिससे तेज गेंदबा. जों को पहले सेशन में मदद मिल सकती है। हालांकि, जैसे-जैसे टेस्ट मैच आगे बढ़ेगा, पिच धीमी हो सकती है और स्पिनरों के लिए मददगार हो सकती है। पांच दिनों तक गर्म और शुक मौसम के कारण पिच तेजी से खराब हो सकती है, जिससे बाद के चरणों में बल्लेबाजी करना और भी मुश्किल हो जाएगा। दूसरी ओर, भारत को घरेलू सीरीज में दक्षिण अफ्रीका से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि,दोनों टीमों के बीच अनुभव और गहराई में जो अंतर है, उसे देखते हुए भारत की जीत की संभावना बहुत ज्यादा है। जहां अफगानिस्तान रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी और कैस अहमद से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा, वहीं भारत की मजबूत बल्लेबाजी और विविध गेंदबाजी विकल्प शुरुआती सेशन से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, यह मुकाबला भारत के लिए बदलाव का एक पल और अफगानिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में विकास का एक और कदम है, जिसमें मेजबान टीम पांचों दिन मैच पर नियंत्रण बनाए रखने की मजबूत स्थिति में है। टीमें: भारत: शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृणा, मोहम्मद सिराज, गुरनूर बरार, र्हा दुबे, देवदत्त पडिक्कल, मानव सुथार अफगानिस्तान: हशमतुल्लाह शाहिदी, अफसर जजई, अब्दुल मलिक, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमत शाह, अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, जयिाउर रहमान शरीफी, कैस अहमद, बिलाल सामी, मोहम्मद सलीम साफी, नंगेलिया खरोटे, सेदिकुल्लाह अटल, इकराम अलीखिल आदि।

## केएस भरत ने लिया अंतरार्ष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के लिए सात टेस्ट मैच खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने 32 र्वा की उम्र में अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। भरत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गर्व से भरे दिल और कृतज्ञता के भाव के साथ मैं अंतर्राट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोाणा करता हूं। अपने देश के लिए खेलना मेरे लिए जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। भरत ने 12 पारियों में 20-09 की औसत से 221 रन बनाए और बतौर विकेटकीपर उन्होंने 19 शिकार भी किए। इंडिया ए के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने के बाद 2023 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने 2023 में अहमदाबाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 44 का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया जिसमें मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन जैसे गेंदबाज थे। 2023 में ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए।

**खेल विशेष**

## फीफा विश्व कप: 39 दिन, 48 टीमें, कुल 104 मैच

**नई दिल्ली, वार्ता।** फुटबॉल का महाकुंभ 'फीफा विश्व कप' 11 जून से 19 जुलाई तक अमे. रिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा जिसमें 39 दिनों में 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। घे 5 भारत में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑफिशियल स्ट्रीमिग डेस्टिनेशन होगा, और मैच नए लॉन्च हुए स्पोर्ट्स टेलीविजन नेटवर्क, यूनाइट 8 पर भी दिखाए जाएंगे। ए दोनों प्लेटफॉर्म मिलकर टूर्नामेंट की पूरी कवरेज देंगे और देश भर के फुटबॉल फैंस के लिए ओपनिग मैच से लेकर फाइनल तक के हर पल को दिखाएंगे। फीफा वर्ल्ड कप 2026 इस खेल के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पहली बार, इस टूर्नामेंट में 48 नेशनल टीमें और 104 मैच होंगे, जिससे यह इतिहास का सबसे बड़ा फीफा वर्ल्ड कप बन जाएगा।

## हिम्मत व अमन के दमदार प्रदर्शन से जीता आउटर दिल्ली वॉरियर्स इलेवन

**नई दिल्ली, वार्ता।** आउटर दिल्ली वॉरियर्स इलेवन ने 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल-सी लीग मुकाबले में शुक्रवार को फेंड्स सी-सी- को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दिल्ली के सबसे प्रतिठित और ऐतिहासिक क्रिकेट टूर्नामेंटों में शामिल इस प्रतियोगिता के 51वें संस्करण में टीम ने गेंद और बल्ले दोनों से दमदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम ने फेंड्स सी-सी- को 113 रन पर रोक दिया। फेंड्स सी-सी- की ओर से घनश्याम ने सर्वाधिक 31 रन बनाए, जबकि देव मेहता ने 27 और यशवर्धन ओबेरॉय ने 23 रन का योगदान दिया। आउटर दिल्ली वॉरियर्स के लिए गेंदबाजी में अमन चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट झटके।

## ब्रदर्स यूनियन ने अग्रानी बैंक के खिलाफ वॉकओवर किया

**ढ़ाका, वार्ता।** बंगलादेश के सावर में खेले जा रहे ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग (डीपीएल) मैच में ब्रदर्स यूनियन की टीम अधिकारियों द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने से इनकार करने पर अग्रानी बैंक के खिलाफ मैदान पर नहीं उतरी। ऑफ-स्पिनर सोहाग गाजी के अनुसार, क्लब के अधिकारियों द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने से इनकार करने के बाद ब्रदर्स यूनियन के खिलाघ्यिों ने यह बघ कदम उठाया। मैच रेफरी इनायत चौधरी के मैदान पर मौजूद होने के बावजूद ब्रदर्स यूनियन के कप्तान जाहिदुज्जमान टॉस के लिए नहीं आए, जिसके बाद अंपायर मोनिरुज्जमान और शफीन शरीफ ने मैच को बेनतीजा बताया।

# विश्व कप अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को बराबरी पर रोका

■ दोनों खिलाड़ी उन सपोर्ट प्लेयर्स के ग्रुप का हिस्सा थे जिन्हें 26 लोगों वाली वर्ल्ड कप टीम की तैयारी में मदद के लिए चुना गया था

**मैड्रिड, वार्ता।** ला कोरुना में खेले गए विश्व कप अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। एशियाई टीम ने काफी बदले हुए स्पेनिश स्क्वाड के खिलाफ शानदार डिफेंस दिखाया।

स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने अपनी शुरुआती 11 खिलाड़ियों की टीम में बार्सिलोना के मिडफील्डर मार्क बर्नल और रियल सोसिदाद के डिफेंडर जॉन मार्टिन को डेब्यू का मौका दिया। ए दोनों खिलाड़ी उन सपोर्ट प्लेयर्स के ग्रुप का हिस्सा थे जिन्हें 26 लोगों वाली वर्ल्ड कप टीम की तैयारी में मदद के लिए चुना गया था। कई रेगुलर खिलाड़ी इस मैच में नहीं खेले, जिनमें चोटिल निको विलियम्स, लैमिन यमल और विक्टर मुनोज के साथ-साथ चैंपियंस लीग फाइनलिस्ट मार्टिन जुबिमेंडी, डेविड राया और फैबियन रुइज शामिल थे। मिकेल ओयारजाबल, पेड्री और मार्क कुकुरेला को भी आराम दिया गया था। डे ला फुएंते ने जोन गार्सिया को गोलकीपर के तौर पर उतारा। इससे इस बात पर अटकलें और बढ़ जाएंगी कि 15 जून को काबो वर्डे के खिलाफ बार्सिलोना के खिलाड़ी या एथलेटिक क्लब के उनाई साइमन में से कौन खेलेगा। 27वें मिनट में जब मेरचास डोस्की ने इराक के लिए बराबरी का गोल किया, तो गार्सिया अपनी सही जगह पर नहीं थे। डोस्की का कर्लिंग शॉट सीधे नेट में चला गया, जबकि गोलकीपर को शायद क्रॉस की उम्मीद थी। तब तक स्पेन का खेल पर कंट्रोल था, जबकि विरोधी टीम 'लो ब्लॉक' (डिफेंसिव रणनीति) में खेल रही थी और सीधे बॉल के साथ अटैक करने की कोशिश कर रही थी। फेरान टोरेस ने 16वें मिनट में गोल करके खाता खोला। उन्होंने बोर्जा इग्लेसियस के डमी मूव (जिसमें उन्होंने पीछे से आए आयमेरिक लापोर्टे के पास को बिना छुए आगे बढ़ने दिया) के बाद बाएं पैर से गोल किया, जबकि इराक का डिफेंस देर से हरकत में आया। बाद में हाफटाइम से पहले टोरेस का शॉट गोलपोस्ट के बार से टकराया, लेकिन 72 प्रतिशत पजेशन (बॉल पर कंट्रोल) के बावजूद स्पेन इराक के डिफेंस को तोड़ने में संघा करता रहा।

# रविचंद्रन 25 सबसे महान पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों' में शामिल

■ कार्यक्रम में बोलते हुए, अश्विन ने टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए जरूरी अहम विचार साझा किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को 'क्रिकइन्फो ऑनर्स अवाड्र्स 2026' में 21वीं सदी के '25 सबसे महान पुरु अंतर्राट्रीय क्रिकेटरों' में शामिल करके सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, अश्विन ने टी-20 क्रिकेट में गेंदबा. जों के लिए जरूरी अनुकूलन क्षमता, टेस्ट क्रिकेट की मौजूदा स्थिति और क्या 15 र्वाीय वैभव सूर्यवंशी को खेल के सबसे लंबे प्रारूप को अपनाना चाहिए, जैसे वियों पर अपने विचार साझा किए।



क्रिकइन्फो ऑनर्स अवाड्र्स 2026 के दौरान बोलते हुए, रविचंद्रन अश्विन ने इस बात पर चर्चा की कि क्या गेंदबाज आधुनिक बल्लेबाजों के खेलने के तरीके में आए बदलाव के अनुसार खुद को ढाल पाए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल गेंदबाजों को ऐसी गति से खुद को ढालना पड़ रहा है जिसका अनुभव उन्होंने पहले कभी नहीं किया था। टेस्ट क्रिकेट में बदलाव आया है, पिचें बदली हैं और परिस्थितियां भी बदली हैं, लेकिन टी 20 क्रिकेट, खेल के आर्थिक मॉडल के कारण, संभवत: एक हाई-स्कोरिग खेल बना रहेगा। नतीजतन, गेंदबाजों को यह समझने की जरूरत है कि कभी-कभी व्यक्तिगत रूप से विकेट लेना गौण हो सकता है, और उन्हें एक टीम के रूप में मिलकर शिकार करना होगा। एक खेल के तौर पर क्रिकेट में बदलाव पारंपरिक रूप से धीमा रहा है। मैं गेंद को छक्के के लिए नहीं मार पाता था, लेकिन मैंने बेसबॉल कैंप में हिस्सा लिया और लगातार फीडबैक के जरिए सीखा। क्रिकेट अब ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को समस्या-समाधानकर्ता बनना होगा, न केवल हर सीजन या हर गेम के आधार पर, बल्कि हर गेंद पर। जब हम उस मानसिकता को अपनाएंगे, तो हम बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों से प्रदर्शन का एक अलग स्तर देखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक गाबा टेस्ट में न खेल पाने पर अश्विन ने कहा कि मैं वह मैच खेलना चाहता था।

# प्रज्ञानंद रमेशबाबू खिताब की दौड़ में फाइनल राउंड में पहुंचे

■ असौबाएवा ने एक राउंड शेष रहते ही नॉर्वे चेस महिला वर्ग का खिताब जीता: ओस्लो

**(नॉर्वे), वार्ता।** भारत के प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने नॉर्वे चेस 2026 के नौवें राउंड में हमवतन गुकेश डोम्माराजू को हराकर शुक्रवार को होने वाले फाइनल राउंड में जगह बना ली है। वहीं बिबिसारा असौबाएवा ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है।

वर्ल्ड नम्बर 1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ वेस्ली सो का क्लासिकल गेम बराबरी (ड्रॉ) पर खत्म हुआ। इसके बाद सो ने आर्मागेडन गेम जीता, जिससे उन्हें अतिरिक्त अंक मिले और फाइनल राउंड से पहले उनकी बढ़त बनी रही। प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने दिन की अहम क्लासिकल जीत हासिल की और काले मोहरों के साथ खेलते हुए वर्ल्ड चैंपियन गुक. ेश डोम्माराजू को हराया। एक मुश्किल मुक. ाबले में, मिडिलगेम में गुकेश के दबाव में आने



के बाद प्रज्ञानंद ने खेल पर नियंत्रण बना लिया और आत्मविश्वास के साथ जीत हासिल की। पूरे तीन अंक मिलने के बाद प्रज्ञानंद के 15 अंक हो गए हैं और वह टूर्नामेंट में सबसे आगे चल रहे वेस्ली सो से केवल आधे अंक पीछे हैं। अलीरेजा फिरोजा भी खिताब की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। विसेंट कीमर के खिलाफ एक मुश्किल क्लासिकल गेम से उबरने के बाद, फिरोजा ने आर्मागेडन में जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक बटोर लिया। कीमर ने क्लासिकल गेम के लंबे समय तक दबाव बनाए रखा लेकिन फिरोजा ने समझदारी से बचाव किया और खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को जिदा रखा। नौवें राउंड के बाद, वेस्ली सो 15-5 अंकों के साथ नॉर्वे चेस में सबसे आगे हैं। प्रज्ञानंद 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि अलीरेजा फिरोजा 14-5 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। असौबाएवा ने एक राउंड शो रहते ही नॉर्वे चेस महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। असौबाएवा का अन्ना मुजिचुक के खिलाफ क्लासिकल गेम ड्रॉ रहा। बाद में मुजिचुक ने काले मोहरों के साथ आर्मागेडन गेम ड्रॉ खेला, जिससे उन्होंने आर्मागेडन नियमों के तहत निर्णायक जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक प्राप्त किए। इस नतीजे के बावजूद, शीर्ा पर असौबाएवा की बढ़त बनी रही।

# डायमंड लीग में भारतीय एथलीट सचिन यादव आठवें स्थान पर रहे


■ टोक्यो में यादव ने अपने ही देश के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था

**रोम, वार्ता।** भारतीय एथलीट सचिन यादव का डायमंड लीग 2026 में पर्दापण बेहद निराशा. जनक रहा। वह पुरुों की भाला फेंक स्पर्धा में 10 खिलाड़ियों के मुकाबले में ओलंपिक पदक विज. ेता जूलियस एगो और जैकब वाडलेच के बीच 79-18 मीटर थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे। गुरुवार को हुई यह स्पर्धा 26 साल के सचिन यादव का पहला अंतर्राट्रीय एथलेटिक्स मीट था।

इससे पहले उन्होंने पिछले साल टोक्यो में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में 86-27 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेठ के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। टोक्यो में यादव ने अपने ही देश के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो 84.03 मीटर के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। सचिन यादव का इस सीजन का सर्वश्रेठ थ्रो 81.95 मीटर है, जो उन्होंने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 3 में किया था। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड 82-61 मीटर तय किया है। श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम का एशियाई रिकॉर्ड तोड़ने के बहुत करीब पहुंच गए। स्टेडियो ओलंपिको में रुमेश पथिरागे का 92-62 मीटर का विजई थ्रो, पेरिस 2024 ओलंपिक में नदीम के एशियाई रिकॉर्ड और गोल्ड मेडल जीतने वाले थ्रो से सिर्फ 35 सेंटीमीटर कम था। 23 र्वाीय श्रीलंकाई खिलाड़ी का पिछला सर्वश्रेठ प्रदर्शन 89.37 मीटर था, जो उन्होंने मार्च में एक घरेलू प्रतियोगिता में हासिल किया था। उन्होंने अगले महीने नैरोबी में एक प्रतियोगिता में 89.28 मीटर का थ्रो भी किया था। रुमेश पथिरागे ने अपने दूसरे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की, जबकि पहले प्रयास में उन्होंने 84.49 मीटर की दूरी तय की थी। इस उपलब्धि के साथ, वे जैवलिन में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले केवल चौथे एशियाई खिलाड़ी बन गए। अन्य खिलाड़ियों में चीनी ताइपे के चेंग चाओ-त्सुन (सर्वश्रेठ प्रदर्शन 91-36 मीटर), भारत के पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा (90-23 मीटर) और नदीम शामिल हैं।

# हमें रेड-बॉल क्रिकेट के लिए बेहतर तैयारी शुरू करने की जरूरत है: गौतम गंभीर

**मुल्लांपुर, वार्ता।** इंडियन प्रेमियर लीग को समाप्त हुए मुश्किल से एक सप्ताह गुजरा है और भारत अफगानिस्तान से एकमात्र टेस्ट में शनिवार से भिड़ने जा रहा है। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि हमें रेड-बॉल क्रिकेट के लिए बेहतर तैयारी शुरू करने की जरूरत है। गंभीर ने मैच की




पूर्वसंध्या पर क्रिकेट के ज्यादा मैचों और सीरीज के बीच कम समय मिलने पर शुक्रवार को कहा कि हम थोड़े लकी हैं कि श्रीलंका सीरीज से पहले हमें काफी समय मिल गया है क्योंकि इंग्लैंड और श्रीलंका सीरीज के बीच हमें 15 दिन का ब्रेक मिला है। इसलिए उन दो टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए यह काफी समय है। न्यूजीलैंड सीरीज के लिए हमें शायद थोड़ी अलग तरह से तैयारी करनी पड़े। क्योंकि आखिरी वनडे और पहले टेस्ट मैच के बीच सिर्फ तीन दिन का ही ब्रेक है। इसलिए हमें उन वनडे खिलाड़ियों को अलग करना होगा जो टेस्ट टीम का भी हिस्सा हैं। एक बात जो हमें समझ आई है।

# पाक ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया

■ इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली

**लाहौर, वार्ता।** शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) के बाद बाबर आजम (40) और शादाब खान (नाबाद 29) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 49 गेंदें शो रहते ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने लाहौर की जबरदस्त टर्न वाली पिच पर हिम्मत और धर्य के साथ खेलते हुए 41-5 ओवरों में छह विकेट पर 161 रन बनाकर मुकाबला और सीरीज अपने नाम की। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक 40



रनों की पारी खेली। माज सदाकत (27), आगा सलमान (15) रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा अब्दुल समद ने (नाबाद 18) और शादाब खान (नाबाद 29) रनों की जूझारु पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुनमन ने तीन विकेट लिए। नेथन एलिस, मैथ्यू शॉट और मैट रेनशॉ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले गुरुवार रात खेले गए मुक. ाबले में पाकिस्तान के गेंदबाजों ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को 42 ओवरों में 157 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान जॉश इंग्लिस ने सर्वाधिक 65 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। शाहीन शाह अफरीदी ने पहले ही ओवर में मैथ्यू शॉर्ट (शून्य) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्नस लाबुशेन ने जॉश इंग्लिस के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में मार्नस लाबुशेन (19) के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूटी। एलेक्स कैरी (19), एडम जम्पा (10) रन बनाकर आउट हुए। 27वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने जॉश इंग्लिस को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस : शहर से देहात तक खूब लगाए पौधे

## पर्यावरण संरक्षित करने को बीएसएम शिक्षण संस्थानों में किया गया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया। बीएसएम इंटर कॉलेज व बीएसएम बीएड कालेज व बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज में संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा एडवोके व सचिव रजनीश शर्मा एडवोकेट व संस्थानों के प्रधानाचार्य शिक्षकों व डायरेक्टरों ने छात्रों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।

बीएसएम इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय प्रांगण में फलदार और छायादार पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस को बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा ऐडवोकेट ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर कॉलेज में एक फलदार पौधा लगाया पौधेलगाने से पूर्व छात्रों एवम समस्त स्टॉफ को संबोधित करते हुए



बीएसएम इंटर कालेज में पौधारोपण करते संस्थान चेयरमैन ममतेश शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा, प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक आदि।

कहा कि पौधे लगाकर ही हम अपने पर्यावरण को साफ और शुद्ध रख सकते हैं इस अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और लगाए ही नहीं जब तक वह अच्छी तरह से तैयार ना हो जाए उसकी देखभाल भी करें। प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने कहा की फल और छायादार पौधे लगाकर हम अपने आने वाली पीढ़ी को छांव और फल दे सकते हैं और अपने पर्यावरण को शुद्ध और साफ रख सकते हैं।

इस अवसर पर अमित कपिल, विनय वर्मा, नीरज प्रमोद शर्मा, मोहित विकास गौतम, विशेष, विशाल शर्मा डॉक्टर उदयन राजपूत, पवन कपिल शैलेंद्र पंत नितिन मिश्रा, अंकित कौशिक स्काउट छात्र और विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे और कॉलेज के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## बीएसएम बीएड वूमेन कालेज में हरियाली की थीम पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम वुमेन बीएड' कालेज रुड़की रुड़की में शक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "हरियाली ही हरियाली" थीम पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट ममतेश कुमार शर्मा निदेशक एडवोकेट रजनीश कुमार शर्मा के संयुक्त तत्वावधान में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं निर्देशक द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय प्रांगण में अशोक पेड़ के पौधे को लगाया गया। संस्थान के निर्देशक रजनीश कुमार शर्मा द्वारा पर्यावरण बचाना केवल सरकार



की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि स्पष्ट विचारों को प्रकट किया उन्होंने सभी छात्रों को हर सप्ताह में एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया गया। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा पर्यावरण के प्रति मानव के नैतिक जिम्मेदारी को अहम भूमिका बताया।

## बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीएसएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, रुड़की में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट, व सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ जीवन का आधार भी बनता है।

निदेशक डॉ. राजा राम प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि बीएसएम कॉलेज सदैव सामाजिक एवं पर्यावरणीय जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता



रहा है। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के सभी विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जेएम ने तहसील प्रांगण में किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचन्द्र शेट के आवास परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट शेट ने उप जिलाधिकारी भगवानपुर, तहसीलदार रुड़की एवं अपर तहसीलदार रुड़की के साथ मिलकर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनका संरक्षण एवं संवर्धन भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचन्द्र शेट ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इस अवसर पर अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान



किया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया गया तथा सभी नागरिकों से पौधारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई।

## पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की जरूरतः सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अमर होंडा द्वारा सिविल लाइन कोतवाली परिसर में एक भव्य मेगा रोड सेफ्टी अवेयरनेस अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस कर्मियों, राहगीरों और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट वितरित किए गए तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अमर होंडा द्वारा वितरित किए जा रहे हेलमेट की विशेषताओं की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से सफल होने वाला



जन अभियान है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों और मौतों को हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। एसपी देहात ने कहा कि जिस प्रकार हेलमेट व्यक्ति के जीवन की रक्षा करता है, उसी प्रकार पेड़-पौधे मानव

**❖यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए बांटे हेलमेट**

जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा करते हैं। उन्होंने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के साथ-साथ अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान सीओ रुड़की ओसीन जोशी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप बिष्ट तथा एसएसआई धर्मेंद्र राठी भी मौजूद रहे।

## आईआईटी रुड़की में वृक्षारोपण का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईआईटी रुड़की में गंगेय फाउंडेशन फाउंडेशन एवं आईआईटी रुड़की की स्पोर्ट्स काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में "सेव फ्यूलष थीम पर एक भव्य साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ईंधन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना था। इस साइक्लोथॉन में आईआईटी रुड़की के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो.



के. के. पंत ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प को मजबूत करने का अवसर है।

## मदरसा शमशुल उलूम साबरी सुल्तानपुर मे लगाये कई तरह के पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** साबिर फरीदी विकास समिति सुल्तानपुर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर मदरसा शमशुल उलूम साबरी मे स्वच्छ वातावरण और पर्यावरण के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे। तथा पेड़ो की महत्वता के बारे में बताया। साबिर फरीदी विकास समिति अध्यक्ष रिजवान साबरी ने पेड़ो के महत्व को बताते हुए कहा कि पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों को सोखते है और जीवनदायिनी



ऑक्सीजन छोड़ते है। यह वायु प्रदूषण कम करने में अत्यंत मददगार है। इस अवसर पर प्रबंधक पर्वस अली, अध्यापक मोहम्मद नोमान, अजय कुमार, सलीम, राहिल, अयान, उमर, अजहर व अन्य ग्रामवासी रहे।

## चमनलाल विद्यालय में शिक्षकों व छात्रों ने लगाए पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमनलाल महाविद्यालय में शिक्षकों व छात्रों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरफान, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. दीपा अग्रवाल, डॉ. नवीन त्यागी, डॉ. अनीता शर्मा, डॉ. रिचा चौहान, सुनील शर्मा, निशिथ कुमार, अर्जुन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



## जेके टायर लक्सर में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बीच आज जेके टायर लक्सर इकाई में विश्व पर्यावरण दिवस संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का भव्य आयोजन जेके टायर के एडमिन ब्लॉक के प्रांगण में किया गया। यह पूरा आयोजन जेके टायर लक्सर के यूनिट हेड अंजन कुमार दास के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यूनिट हेड अंजन कुमार दास द्वारा परिसर में वृक्षारोपण करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी औषधीय एवं छायादार पौधे रोपे। सभी ने एक सुर में प्रकृति के संदेश को अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस दौरान संस्थान के कई वरिष्ठ अधिकारी और वन क्षेत्र अधिकारी महेंद्र गिरी उपवन क्षेत्र अधिकारी रामनाथ सुमित कुमार सैनी शिवकुमार भोपाल सिंह गुरजट सिंह मौजूद रहे।

## 12 करोड से पेयजल परियोजना का प्रस्ताव तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ब्लॉक रुड़की क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किशनपुर जमालपुर में अब पेयजल संकट झेल रहे लोगों को निजात मिलने जा रही है। हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत 12 करोड रुपए की लागत से एक और पेयजल परियोजना का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज गया है, योजना पर अमल होने के बाद गांव की लगभग 15000 आबादी को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा। बताते दें कि वर्तमान में ग्राम पंचायत के आसपास क्षेत्र में लगभग 1100 घरों को सरकारी पानी का कनेक्शन मिला है, जो परियोजना टंकी फिलहाल ग्राम पंचायत में चल रही है उससे ग्राम वासियों को भरपूर लाभ नहीं मिल पा रहा था। पानी टंकी लीकेज वह कई घरों में पानी का प्रेशर भरपूर ना होने के कारण पानी नहीं पहुंच रहा था, कइ घरों को अभी तक पानी का कनेक्शन नहीं मिल पाया था, लोगों को पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण अपने रोजमर्रा के कार्यों में परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा था, खासकर गर्मियों के मौसम में पेयजल संकट खड़ा हो जाता था। वर्तमान में जो टंकी चालू है उससे सुबह शाम दो-दो घंटे ही पानी मिल रहा था। प्रधान पति मोहम्मद तहसीन ने बता कि गांव की आबादी अधिक होने के कारण व गांव का दायरा बढ़ जाने के कारण लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, प्रत्येक घर को भरपूर पानी नहीं मिल रहा है, हर घर नल से जल योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान के नेतृत्व में प्रस्ताव तैयार कर विभाग को दिया गया था, उन्होंने बताया कि योजना को मंजूरी मिलने के बाद ग्राम सभा के प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। स्वच्छ जल मिलाने से ग्राम वासियों को बीमारी से बचाव होगा, लोगों की पेयजल समस्या दूर होगी।

## स्कूल का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** इकबालपुर मार्ग ग्राम डेलना के पास स्थित एक पब्लिक स्कूल में गुरुवार रात्रि अज्ञात ने ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया। स्कूल के प्रबंधक निदेशक लाहौर सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार रात्रि स्कूल के मैन गेट तथा स्कूल के ऑफिस के कमरे का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किसी के द्वारा किया गया है। सुबह जब वह स्कूल में आए तो उन्हें मुख्य गेट कुवैत ऑफिस के कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। कोतवाली प्रभारी अंडर ट्रेनिंग क्षेत्राधिकार दक्ष शोखंड का कहना है स्कूल में चोरी होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची । पब्लिक स्कूल में जो चोरी के प्रयास की तहरीर आई है संदिग्ध लग रही है। पुलिस अपने तरीके से जांच कर रही है।

## किशोरी से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप, मानसिक तनाव में खाया जहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी के साथ कथित छेड़छाड़, मारपीट और अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना से आहत किशोरी द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किए जाने के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन जून को उसकी पुत्री अपने ममेरे भाई के साथ मुजफ्फरनगर स्थित नानी के घर जा रही थी। आरोप है कि जैसे ही दोनों कोर कॉलेज के पास पहुंचे, पड़ोस के कुछ युवकों ने उन्हें जबरन रोक लिया। आरोपियों ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की, उसके साथ मारपीट की तथा उसे जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। परिजनों के अनुसार जब किशोरी और उसके ममेरे भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की। इस दौरान किशोरी का ममेरा भाई घायल हो गया। परिजनों के मुताबिक घटना के बाद किशोरी मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई। इसी तनाव के चलते उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। मामले में सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पीड़ित पक्ष आज उनके पास पहुंचा था। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फरार इनामी गैंगस्टर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले करीब छह माह से पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि एक जनवरी को कलियर क्षेत्र में संगठित गिरोह बनाकर गौकशी और गौमांस तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में नौशाद, शादाब, वसीम और सरफराज उर्फ लंबू सहित कई आरोपियों को नामजद किया गया था। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित शादाब निवासी सिकरौड़ा, थाना भगवानपुर की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और लगातार की गई तलाश के आधार पर आरोपी को उसके गांव सिकरौड़ा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## तीन साल की गुम बच्ची को परिजनों को सौंपा

पिरान कलियर। ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत पुलिस ने गुम हुई तीन वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार जताते हुए दुआएं दीं।

जानकारी के अनुसार गांव अब्बूपुर थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद निवासी इरफान ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी तीन वर्षीय बच्ची कमरे से बाहर निकलने के बाद अचानक लापता हो गई है। सूचना मिलते ही कलियर पुलिस ने बच्ची की तलाश के लिए पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में रवाना किया गया।दरगाह क्षेत्र और आसपास के इलाकों में लाउडस्पीकर और परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटो के आधार पर तलाशी अभियान चलाया गया। इसी दौरान दरगाह क्षेत्र में एक बच्ची अकेले घूमती हुई मिली। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को संरक्षण में लेकर कोतवाली पहुंचाया और चाइल्ड वेलफेयर टीम के समक्ष प्रस्तुत किया।पूछताछ और पहचान होने के बाद बच्ची के परिजनों को सूचना दी और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

## पुलिस ने 20 खोये मोबाइल मालिको को लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार पुलिस का ये प्रयास है कि हर खोया मोबाइल उसके मालिक को मिले। इसी के तहत पुलिस ने सीईआआर पोर्टल की मदद से 20 मोबाइल किए रिकवर, असल स्वामियों को लौटाए हैं कोतवाली रुड़की पुलिस ने सीईआआरपोर्टल पर पंजीकृत शिकायतों के आधार पर कुल 20 खोये मोबाइल फोन रिकवर किए। बरामद किए गए मोबाइल फोनों को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर खुश स्वामियों ने हरिद्वार पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय (रामनगर) परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्समर्पण जन कल्याण संगठन ट्रस्टश द्वारा एक भव्य वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर पौधारोपण किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नरेश यादव ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए संकल्प लिया कि संस्था न केवल पौधे लगाएगी, बल्कि उनके पूरी तरह बड़ा होने तक उनकी नियमित देखभाल भी करेगी। संस्था के संरक्षक व कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। आज का लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर सिद्ध होगा। वहीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ रखने और पॉलिथीन का पूर्णतः बहिष्कार करने की अपील की। कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामयी उपस्थितिः कार्यक्रम में तहसीलदार अवस्थी, पर्यावरण प्रभारी आर्य संदीप यादव, एडवोकेट अरुण कोहली, मंत्री प्रदीप गोयल,




संजय अरोड़ा, मुकेश धीमन, दिनेश शर्मा, ए.ई. अभय प्रताप सिंह, पार्षद राकेश गर्ग, सचिन शर्मा, नवीन त्यागी, विकास गुप्ता, अनिरुद्ध गोयल, एडवोकेट श्रवण सैनी, संजीव सैनी, अतुल सैनी वंश सैनी मोहित अर्जुन शिवम गोयल शेर सिंह, नवीन शर्मा, कुलदीप सैनी, महेश गोस्वामी, जिंदल जी, शुभम चौधरी और जितेंद्र चौधरी आदि गणमान्य लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

## जनगणना की मुश्किलें

यह सुनिश्चित करना नीति- निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि जनगणना के आंकड़े सटीक और भरोसेमंद हों। उन्हें लोगों को सही सूचनाएं मुहैया कराने के लिए जागरूक भी बनाना होगा, क्योंकि सार्वजनिक नीतियां और कल्याणकारी योजनाएं इन आंकड़ों के आधार पर बनायी जाती हैं और अंततः उन्हें ही फायदा पहुंचाती हैं। राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जनगणना 2027 के कुछ प्रगणकों को बेहद असामान्य कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह परेशान करने वाली बात है कि इन दो राज्यों में जहां जनगणना का पहला चरण दृ मकान सूचीकरण और मकान गणना (एचएलओ) चल रहा है, प्रगणकों को परिवारों के पास दोबारा जाने और आंकड़ों में असंगतियों को ठीक करने और सरकार की छवि खराब दिखा सकने वाले विकल्प नहीं चुनने की सलाह दी गयी है। पुनर्सत्यापन किसी भी अध्ययन या सर्वेक्षण का एक जायज हिस्सा है, लेकिन यह सच्चाई को सटीक ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए होना चाहिए, न कि धारणाओं को प्रबंधित करने के लिए। राजस्थान में, यह मसला जिला-स्तरीय अधिकारियों को जनगणना कार्य निदेशक के उस परिपत्र से उपजा है जो क्षेत्र के आंकड़ों (फील्ड डेटा) में चिह्नित की गयी असंगतियों से संबंधित है। जैसा कि ऊपर से दिख रहा है, इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि प्रश्नावली में उपयुक्त विकल्पों का इस्तेमाल करके आंकड़े सटीकता के साथ दर्ज किये जाएं। हालांकि, कुछ मामलों में प्रगणकों को पूर्व-धारणाओं के आधार पर आंकड़े दर्ज करने को कहा गया है। मसलन, अगर किसी परिवार के पास शौचालय नहीं है, तो प्रगणक को यह देखने को कहा गया है कि क्या नजदीक में शौचालय उपलब्ध है, जिसके आधार पर प्रविष्टि को खुले में शौच से बदलकर 'शौचालय तक पहुंच है, किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में संदेश यह प्रतीत होता है कि तथ्यों को जस का तस न पेश किया जाए, जिससे एक बेहद अहम और संवेदनशील कवायद के लिए आंकड़ों की सत्यता और विश्वसनीयता के बारे में चिंता खड़ी हो रही है। खुले में शौच के खिलाफ देश में लंबे समय से चल रहे अभियान जैसे कार्यक्रम कितने कारगर साबित हुए हैं, यह प्रकरण इसे सामने लाता है। कई राज्यों ने ठोस प्रगति की है, लेकिन यह निष्कर्ष निकालना कि समस्या खत्म हो गयी है, हकीकत से मुंह मोड़ना होगा। धन मुहैया कराने समेत प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए, शहरों और गांवों को निश्चित मानदंडों के आधार पर खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ), ओडीएफ प्लस और ओडीएफ प्लस मॉडल जैसी श्रेणियों में बांटना वाजिब है, लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि क्या इस तरह का वर्गीकरण हकीकत को दर्शाता है या फिर प्रगणकों के काम के साथ विरोधाभास को जन्म देता है। अधिकारियों को प्रगणकों द्वारा सामना की जा रही जायज कठिनाइयों को स्वीकार करना चाहिए और उनका समाधान निकालना चाहिए।

## छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव



नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें, पर्यावरण केवल हमारे अस्तित्व का आधार नहीं, बल्कि इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी है, विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर आइए देखें कि किस प्रकार भारत की संसद पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित भविष्य के संकल्प को साकार कर रही है, संसद परिसर की हरियाली, स्वच्छ वातावरण, पेपरलेस कार्यप्रणाली, सिगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध तथा पर्यावरण- अनुकूल संसदीय भवन जैसी पहलें प्रकृति और प्रगति के संतुलित संगम का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं, जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है, तब हम सभी का दायित्व बनता है कि अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**-ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

### सम्पादकीय डेस्क

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

# मरीज पूछ रहा मेरा जीवन इतना सस्ता





प्रो. आर.के. जैन

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी द्धरूटीनत्रः केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति काय वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता हैकृइसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन?

एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करतीय वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है। विडंबना यह है कि इस व्यवस्था का सबसे बड़ा बोझ उसी वर्ग पर पड़ रहा है, जिसके नाम पर राजनीति सबसे अधिक होती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति निजी अस्पताल में कुछ घंटों या दिनों में जांच करा लेता है, लेकिन मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह विकल्प अक्सर पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में उसके सामने दो ही रास्ते बचते हैंकृकर्ज लेकर निजी जांच कराए या दर्द और आशंका के बीच सरकारी अस्पताल की लंबी प्रतीक्षा सहे। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी दर्पण है। स्वास्थ्य सुविधाएं आय से नहीं, आवश्यकता से तय होनी चाहिए, किंतु मौजूदा व्यवस्था में पैसे वालों को समय मिलता है और अभावग्रस्तों को इंतजार।

लंबी वेटिंग लिस्ट वर्षों से बढ़ती मांग और अपर्याप्त संसाधन विस्तार की कीमत है। मरीजों का बोझ बढ़ता रहा, लेकिन डॉक्टरों, विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या लगभग वहीं ठहरी रही। कई सुपर-स्पेशियलिटी विभाग सीमित मानव संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि रेडियो डायग्नोसिस जैसे अहम विभाग पर्याप्त स्टाफ के अभाव में अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे। परिणाम सामने हैकृसंसाधन मौजूद हैं, पर सेवाएं नहींय मशीनें हैं, पर समय पर जांच नहीं। प्रश्न यह है कि जब बढ़ती जरूरतें वर्षों से दिखाई दे रही थीं, तब उनकी तैयारी क्यों नहीं की गई? आखिर किस स्तर की चूक ने देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों को भी प्रतीक्षा के संकट में धकेल दिया? जब राजनीति का केंद्र तात्कालिक लोकप्रियता बन जाए, तब अस्पतालों की जरूरतें अक्सर हाशिए पर चली जाती हैं। यही कारण है कि मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन घोषणाओं पर अरबों रूपए खर्च हो जाते हैं, लेकिन डॉक्टरों की भर्ती, नई मशीनों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए संसाधनों का अभाव बताया जाता है। विडंबना यह है कि वोट के लिए खजाना खुल जाता है, पर जीवन बचाने के लिए बजट सीमित पड़ जाता है।

वास्तविक जनकल्याण मुफ्त सुविधाएं बांटने में नहीं, बल्कि ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था खड़ी करने में है जहां किसी मरीज को जांच के लिए महीनों प्रतीक्षा न करनी पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर गंभीर निवेश ही देश की तस्वीर बदल सकता है। अब जरूरत आश्वासनों नहीं, कार्रवाई की है। एम्स भोपाल में अतिरिक्त सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें लगाई जाएं तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों, तकनीशियनों और कर्मचारियों की भर्ती हो। उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए 24 घंटे शिफ्ट आधारित संचालन लागू किया जाए। आयुष्मान भारत के दायरे में सभी आवश्यक जांचें लाई जाएं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी से सुविधाओं का विस्तार हो, बिना मरीजों पर अतिरिक्त बोझ डाले। साथ ही, डिजिटल अपॉइंटमेंट प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए। एम्स भोपाल की स्थिति को चेतावनी मानते हुए देशभर के सरकारी अस्पतालों में संसाधन और मानवबल बढ़ाना अनिवार्य है, ताकि मरीजों को इलाज मिले, इंतजार नहीं।

स्वास्थ्य व्यवस्था का बोझ केवल एम्स जैसे संस्थानों के भरोसे नहीं उठाया जा सकता। जब जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होंगी, तो बड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए स्वास्थ्य शिक्षा, रोग-निवारण और प्रारंभिक जांच व्यवस्था को मजबूत करना उतना ही जरूरी है, जितना उपचार सुविधाओं का विस्तार। मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने, विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक जांच सुविधाएं पहुंचाने पर भी समान ध्यान देना होगा। आखिर स्वास्थ्य व्यवस्था केवल भवनों से नहीं, बल्कि सक्षम मानव संसाधन और जवाबदेह प्रशासन से मजबूत बनती है। स्वास्थ्य कोई दया या उपकार नहीं, बल्कि नागरिक का मौलिक अधिकार है। यदि किसी मरीज को अपनी बीमारी की सच्चाई जानने के लिए महीनों प्रतीक्षा करनी पड़े, तो यह व्यक्तिगत दुर्भाग्य नहीं, व्यवस्था की नाकामी है। एम्स भोपाल की चार माह लंबी जांच प्रतीक्षा सूची इसी विफलता का प्रतीक है। यह मौन संकट हजारों परिवारों की चिंता बढ़ा रहा है। सरकारों को याद रखना होगा कि अस्पतालों की कतारों में खड़े लोग आंकड़े नहीं, इंसान हैं। यदि स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं मिली, तो जनकल्याण के दावे अर्थहीन रह जाएंगे। आखिर सवाल यही हैकृ क्या एक गरीब मरीज के लिए महीनों का इंतजार सामान्य हो गया है? क्योंकि जांच में हर देरी कई बार जीवन की संभावनाएं भी कम कर देती है। ऐसी व्यवस्था पर गर्व नहीं किया जा सकता, जहां बीमारी की रफ्तार उपचार से तेज हो।

**हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर लोग जाना पसंद करते हैं। उत्तराखंड की बात करें, तो यहां मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, तुंगनाथ जैसी जगहें हैं, जो ट्रैवल लिस्ट पर नंबर 1 रहती हैं। उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जिसको बादलों का देश कहा जाता है। यहां की खूबसूरती ऐसी है कि यह लोगों का मन मोह लेती है। अगर आप भी जून की भीषण गर्मी और दिल्ली की भागदौड़ से थोड़े दिन के लिए राहत पाना चाहती हैं, तो आप इस वीकेंड बादलों के देश जा सकती हैं।**

# दिल्ली की गर्मी से बचना है, तो यहां जाएं



भाघूमने का शौक लगभग हर किसी को होता है। जैसे ही छुट्टियां मिलती हैं, वैसे ही लोग घूमने के लिए निकल जाते हैं। वहीं जब गर्मियों में घूमने की बात होती है, तो लोग पहाड़ों पर जाना पसंद करते हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर लोग जाना पसंद करते हैं। उत्तराखंड की बात करें, तो यहां मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, तुंगनाथ जैसी जगहें हैं, जो ट्रैवल लिस्ट पर नंबर 1 रहती हैं। उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जिसको बादलों का देश कहा जाता है। यहां की खूबसूरती ऐसी है कि यह लोगों का मन मोह लेती है। अगर आप भी जून की भीषण गर्मी और दिल्ली की भागदौड़ से थोड़े दिन के लिए राहत पाना चाहती हैं, तो आप इस वीकेंड बादलों के देश जा सकती हैं।

### बादलों का देश

उत्तराखंड के लैंसडाउन को बादलों का देश कहा जाता है। इसका नाम पहले कालौं का डांडा था। यह एक गढ़वाली भाषा है। जिसका मतलब है काले बादलों से घिरा पहाड़ है। समुद्र तल से लैंसडाउन की ऊंचाई करीब 1700 मीटर है। दिल्ली से यह जगह 258 किमी है। यानी की आप वीकेंड पर यहां आ सकती हैं।

### लैंसडाउन क्यों है खास

उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल जिले में लैंसडाउन स्थित है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। बादलों का देश होने की वजह से यहां पर पहाड़ों के बीच आपको बादल तैरते हुए नजर आएंगे। वहीं यह जगह देवदार के घने पेड़ों से घिरी है। अगर आप शोर-शराबे के दूर कुछ समय सुकून के बिताना चाहते हैं, तो लैंसडाउन आपके लिए परफेक्ट है।

### खासियत

लैंसडाउन की सबसे खास चीज यहां का मौसम है। खासकर जून-जुलाई के मौसम में बादल काफी नीचे तक आ जाते हैं। वहीं कई बार ऐसा लगता है जैसे बादल सड़क पर और पहाड़ों के बीच घूम रहे हैं।

### घूमने लायक जगहें

भीम पकोड़ा
टिप-इन-टॉप व्यू पॉइंट
सेंट जॉन चर्च
भुल्ला ताल
कालागढ़ वाइल्डलाइफ एरिया के आसपास का इलाका

### खाने का स्वाद

आप लैंसडाउन में छोटे कैफे और लोकल खाने की काफी दुकानें हैं। आप यहां पर चाय और पहाड़ी स्नैक्स का मजा ले सकती हैं। कई लोग सुबह के समय मैगी और चाय के साथ पहाड़ों का नजारा एंजॉय करते हैं।

### ऐसे पहुंचें लैंसडाउन

अगर आप यहां जा रहे हैं, तो आप प्राइवेट या फिर अपनी कार से भी जा सकते हैं। इसके लिए आपको 6 से 7 घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा आप ट्रेन से भी जाना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसके लिए आपको दिल्ली से कोटद्वार के लिए डायरेक्ट ट्रेन मिल जाएगी। यहां से आप कैब या टैक्सी से लैंसडाउन जा सकती हैं।

# बेहद शानदार रही नेपाल के राजनेता की भारत यात्रा



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने पांच दिवसीय भारत यात्रा पूरी कर शुक्रवार को काठमांडू वापस लौट गए। नेपाल में वाया जेन जी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के बाद शासक दल के किसी उच्च पदस्थ राजनेता की यह बहुप्रतीक्षित यात्रा थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने के पहले प्रधानमंत्री बालेन शाह के भारत आगमन की चर्चा थी, लेकिन किन्हीं कारणों से वे नहीं आ पाए। उनकी जगह पार्टी अध्यक्ष का भारत आगमन हुआ।

भारत में अपने नन्हे पड़ोसी राष्ट्र के शीर्ष नेता का स्वागत किस अंदाज में हुआ, दुनिया ने इसे आंख खोल. कर देखा। रवि लामी छाने की प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, गृहमंत्री अमित शाह, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजपा के विदेश विभाग प्रमुख विजय चौथालोई आदि नेताओं से हुई शानदार मेल मिलाप देख चीन निसंदेह भौंचक हुआ होगा। कुल मिलाकर नेपाल के सत्ता रूढ़ दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भारत यात्रा बहुत शानदार रहा और इसकी तारीख नेपाल में विपक्षी दल भी कर रहे हैं। मधेश से ताल्लुक रखने वाले राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश राजौरिया कहते हैं कि इससे पहले भारत जाने वाले नेपाल के राजाओं का भी स्वागत इतने शानदार तरीके से नहीं हुआ होगा। उन्होंने कहा भारत ने नेपाल का दिल जीत लिया। रवि लामी छाने की भारत यात्रा काफी सुखद और संतोष जनक रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने ट्विटर एक्स पर खुद ऐसा कहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल को लेकर भारत की नीति हमेशा सकारात्मक ही रही है। नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर भारत नेपाल के लिए बहुत कुछ अच्छा करना चाहेगा। नेपाल में जब भी नई सरकार सत्ता सीन होती है तो भारत और चीन में इस बात को लेकर उत्सुकता बढ़ जाती है कि नेपाल का नया निजाम अपने पहले विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देता है? रवि लामी छाने की भारत यात्रा को तरजीह देने का संदेश बड़ा है।

रवि लामी छाने की भारत यात्रा नेपाल में राजनीतिक अफरातफरी के बीच संपन्न हुआ। काठमांडू प्रतिनिधि सभा में प्रधानमंत्री बालेन शाह के सीमावर्ती भू क्षेत्रों पर कब्जा संबंधी दिए गए एक बयान के बाद विपक्ष हरकत में आ गया और सरकार के खिलाफ हमलावर हो उठा। लेकिन रवि लामी छाने का भारत में उच्च राजनीतिक मेल-मिलाप में आठ सूत्रीय जो एजेंडा सामने आया, उससे नेपाल का विपक्ष खुद को धराशाई महसूस कर रहा है। नेपाल के ही एक राजनीतिक विश्लेषक ने रवि लामी छाने की भारत यात्रा और उनके एजेंडे पर संतोष की सांस लेते हुए कहा कि चलो देर आयद दुरुस्त आयद। अर्थात नेपाल के नई सरकार के किसी उच्च पदस्थ राजनेता की भारत यात्रा जरूर देर में हुई लेकिन नेपाल के लिए सुखद रही। नेपाल में पूर्व की सरकार में गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री रहे रवि लामी छाने जाने माने टीवी जर्नलिस्ट भी हैं और वे नेपाल के लिए भारत के महत्व को बखूबी समझते हैं। उन्होंने भारत और नेपाल के बीच जरूरी आठ बिंदुओं को रेखांकित किया है। देखा जाय तो यह न केवल भारत के लिए भी संतोषजनक है, दोनों देशों के बीच सदियों की मधुरता और रोटी बेटी के रिश्ते को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है। रवि लामी छाने के आठ प्रमुख बिंदुओं में सबसे बड़ा मसला सीमा क्षेत्रों में कब्जे को लेकर है। इस मसले पर अपनी बेबाक राय रखते हुए रवि लामी छाने ने कहा कि नेपाल-भारत संबंधों को भू-राजनीतिक विवादों से ऊपर उठकर विकास, निवेश, व्यापार, ऊर्जा और आर्थिक साझेदारी के नए युग में प्रवेश कराने की आवश्यकता है। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को और अधिक मजबूत, व्यावहारिक तथा भविष्य उन्मुख बनाने पर जोर दिया। रवि लामी छाने ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच संबंधों की जो परिभाषा है उसे बदलने का समय आ गया है। उनके अनुसार दोनों देशों के बीच सहयोग का आधार केवल राजनीतिक और कूटनीतिक संवाद नहीं, बल्कि साझा विकास और आर्थिक समृद्धि होना चाहिए। कहा कि नेपाल-भारत संबंधों की बुनियाद विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने सीमा सहित सभी लंबित विवादों को संवाद, ऐतिहासिक तथ्यों और आपसी समझदारी के माध्यम से हल करने पर जोर दिया। उन्होंने जुमलों की राजनीति से बचते हुए व्यावहारिक समाधान खोजने की वकालत की। रक्सौल-काठमांडू रेलमार्ग को दोनों देशों के बीच सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक परियोजनाओं में से एक बताते हुए उन्होंने कहा कि इस रेल संपर्क के शुरू होने से व्यापार, पर्यटन, माल ढुलाई और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव आएगा। उन्होंने पोखरा और लुंबिनी के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रभावी बनाने के लिए पोखरा और लुंबिनी से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे भारतीय शहरों तक सीधी उड़ानें शुरू करने को जरूरी बताते हुए कहा इससे दोनों देशों के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने 'काठमांडू-बेंगलुरु डिजिटल कॉरिडोर' विकसित करने की बात कही।


उनका मानना है कि डिजिटल भुगतान, फिनटेक और सीमा-पार डिजिटल प्लेटफॉर्म दोनों देशों के युवा उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं।उन्होंने भारत की प्रतिष्ठित शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थाओं को नेपाल में विस्तार करने का आ]वान किया। उनके अनुसार नेपाल में आईआईटी और एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना से शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयां मिल सकती हैं। भारत पहले ही नेपाल में उच्च स्वास्थ्य व्यवस्था की पेशकश कर चुका है। रवि लामी छाने ने भी गुजरात को विकास का माडल माना है। वहां के औद्योगिक विकास मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में संयुक्त रूप से रासायनिक उर्वरक उद्योग स्थापित करने का सुझाव दिया। उनका कहना है कि इससे कृषि उत्पादन, आपूर्ति श्रंखला और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगा। नेपाल की विशाल जलविद्युत क्षमता को भारत के औद्योगिक विकास से जोड़ने की वकालत करते हुए उन्होंने एकीकृत ऊर्जा बाजार के निर्माण की आवश्यकता बताई। साथ ही आधुनिक एकीकृत चेकपोस्ट, सुगम ट्रांजिट व्यवस्था और व्यापारिक अवरोधों को कम करने पर भी जोर दिया। आईपीएल खेल को भी द्विपक्षीय सहयोग का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए रवि लामी छाने ने भविष्य में नेपाली खिलाड़ियों के साथ-साथ नेपाली स्टेडियमों को भी आईपीएल फेंचाइजी संरचना से जोड़ने की संभावना व्यक्त की। उनका मानना है कि खेल दोनों देशों के लोगों को और अधिक निकट ला सकता है, इससे दोनों देशों के नागरिकों में भाईचारगी बढ़ेगी। रवि लामी छाने ने नेपाल में हुए राजनीतिक परिवर्तन को ह्बैलेट बॉक्स क्रांतिह्न की संज्ञा देते हुए कहा कि देश की नई पीढ़ी विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित राजनीति चाहती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एक आकांक्षी नेपाल और उभरता हुआ भारत मिलकर दक्षिण एशिया में सहयोग, समृद्धि और स्थिरता का नया अध्याय लिख सकते हैं। फिलहाल भारत की ओर से रवि लामी छाने के सभी आठों बिंदुओं के साथ आगे बढ़ने का आश्वासन दिया गया है। भारत ने भी दोनों देशों के लिए रवी लामी छाने के आठ सूत्रीय एजेंडे की सराहना की है और इसे हर .ष्टि से बेहतर माना है। रवि लामी छाने के इस एजेंडे को देख नेपाल के अच्छे अच्छे विश्लेषक अचंभित हैं।

# ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलकर गर्व होगाः ट्रम्प

## कहाः डील हुई, तो मुलाकात संभव, यूरेनियम लेने सेना भेजने वाले थे, लेकिन इसमें जोखिम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होता है, तो वह ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा मैं सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुलाकात होती है तो मुझे गर्व होगा।

अगर डील हो जाती है तो मुलाकात संभव है। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा। इसके अलावा, ट्रम्प ने बताया कि उनकी सरकार ने ईरान से संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम हासिल करने के लिए सैनिक भेजने पर विचार किया था, लेकिन यह योजना अंत में खारिज कर दी गई। ट्रम्प के मुताबिक, यह ऑपरेशन बहुत ज्यादा जोखिम भरा था और इसमें अमेरिकी सैनिकों की जान जाने की आशंका थी। इसलिए इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। इसी बीच ईरान ने साफ कहा है कि अगर उस पर या उसके हितों पर हमला हुआ तो वह कड़ा जवाब देगा। साथ ही कुवैत और बहरीन को चेतावनी दी गई है कि अगर उनकी जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हुआ तो उसे नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। वहींअमेरिकी संसद के निचले सदन ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव पास किया है। इस फैसले का ट्रम्प ने कड़ा विरोध किया और इसे देशहित के खिलाफ बताया। दूसरी ओर मिडिल ईस्ट में तनाव के बावजूद सीजफायर की उम्मीदों के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड करीब 0.69 प्रतिशत गिरकर 97.14 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.65 प्रतिशत गिरकर 95.40 डॉलर प्रति बैरल।



**■ कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा**



मुंबई। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और एलपीजी गैस की कीमतों में की गई वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं।

# जेलेंस्की बातचीत के लिए कभी भी रूस आ सकते हैंः पेस्कोव

**मॉस्को/कीव।** रूस ने कहा है कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं, तो वे कभी भी यहां आ सकते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस आशय की घोषणा की है। जेलेंस्की ने गुरुवार को एक पत्र जारी करके शांति प्रक्रिया पर चर्चा के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने की बैठक का प्रस्ताव रखा, जिसमें यूरोप और अमेरिका भी शामिल हों। जेलेंस्की ने पत्र में लिखा कि यूक्रेन हमारे और आपके बीच सीधी बातचीत के जरिए इस युद्ध को खत्म करने का प्रस्ताव देता है।

# 10 न्यूक्लियर बम बना सकता है ईरान

## ईरान के परमाणु ठिकानों तक नहीं पहुंच पा रही आईएईए, परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई



**वियना (आस्ट्रिया)।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सदस्य देशों के बीच प्रसारित एक गोपनीय रिपोर्ट में एजेंसी ने कहा है कि पिछले जून में हुए युद्ध से प्रभावित ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने में उसे अब तक सफलता नहीं मिली है।

आईएईए के अनुसार, वह यह जानकारी देने की स्थिति में नहीं है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम का वर्तमान भंडार कितना है, उसकी संरचना क्या है और उसे कहां रखा गया है। एजेंसी यह भी पुष्टि नहीं कर पा रही है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन से जुड़ी सभी गतिविधियां रोकी हैं या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है। आईएईए ने जोर देकर कहा कि ईरान के लिए अपनी संधि संबंधी जिम्मेदारियों को तत्काल और पूरी तरह लागू करना अनिवार्य और अत्यावश्यक है। फरवरी में जारी पिछली रिपोर्ट के बाद से आईएईए निरीक्षकों ने ईरान में केवल बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का ही दौरा किया है। यह निरीक्षण 1 से 3 जून के बीच किया गया था। बुशेहर में संचालित रिएक्टर रूस से प्राप्त 4.5 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का उपयोग करता है, जो बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक निम्न स्तर का संवर्धन माना जाता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को ईरानी ड्रोन हमलों में कुवैत के मुख्य हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल को भारी नुकसान पहुंचने की खबर है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए। घटना के बाद हवाई अड्डे का संचालन कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच जारी जवाबी कार्रवाइयों की शृंखला का हिस्सा माना जा रहा है, जिसने पहले से नाजुक संघर्षविराम पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। आईएईए के अनुसार, ईरान के पास वर्तमान में 60 प्रतिशत तक संवर्धित 440.9 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्तर हथियार-ग्रेड 90 प्रतिशत संवर्धन से तकनीकी रूप से बहुत दूर नहीं है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रासी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में चेतावनी दी थी कि अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को हथियारों में बदलने का निर्णय लेता है तो यह भंडार सैद्धांतिक रूप से लगभग 10 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसका अर्थ यह नहीं है कि ईरान के पास फिलहाल परमाणु हथियार मौजूद हैं। एजेंसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, इतने उच्च स्तर के संवर्धित परमाणु पदार्थ का सामान्य रूप से हर महीने सत्यापन किया जाना चाहिए। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में आईएईए ऐसा नहीं कर पा रही है। रिपोर्ट में ग्रासी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए चल रही कूटनीतिक वार्ताओं का समर्थन दोहराया है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी संभावित समझौते को लागू करने में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

**■ परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है**

### यूएस से नहीं साझा की ईरानी परमाणु कार्यक्रम की जानकारीः पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने हाल ही में वाशिंगटन में हुई मुलाकात के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की थी। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी से उन रिपोर्ट्स के बारे में सवाल किया गया, जिनमें कहा गया था कि 29 मई को हुई बैठक के दौरान डार ने रुबियो को ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी थी। अंद्राबी ने कहा कि उप प्रधानमंत्री की ओर से ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी साझा किए जाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा, ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व विश्लेषक लैरी जानसन ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से दावा किया था कि डार और रुबियो के बीच हुई बातचीत में यह सामने आया कि ईरान अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाने को तैयार है। उनके अनुसार, इस जानकारी से अमेरिकी विदेश मंत्री चिंतित हो गए थे।

# सहारा रेगिस्तान में ट्रक फंसा, प्यास से 49 लोगों की मौत

**नाइजर।** सहारा रेगिस्तान में प्यास से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस ट्रक में वे यात्रा कर रहे थे वह रास्ते में खराब हो गया था। यात्रियों ने कई दिनों तक इसे ठीक करने की कोशिश की लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो पाए। यह ट्रक माली के हारौबा शहर से रवाना हुआ था, जो नाइजर सीमा से 300 किलोमीटर से अधिक दूर है। वे एक मुस्लिम धार्मिक उत्सव में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। यात्रा के दौरान उनका ट्रक नाइजर और अल्जीरिया की सीमा पर स्थित क्रासिंग प्वाइंट असामाका से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में खराब हो गया। वे रेगिस्तान के ऐसे दुर्गम जगह में फंस गए थे जहां बेहद ऊंचा तापमान होता है। वहां पानी और बाकी जरूरी सामान मिलना बहुत मुश्किल है। ऐसी जगह फंस जाने के कारण उनके पास मौजूद पानी खत्म हो गया। इस हादसे में केवल दो लोग बच पाए। उन्होंने किसी तरह रेगिस्तान पार कर असामाका तक पहुंचने में सफलता हासिल की और वहां अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जब बचाव दल मौके पर पहुंचा तो ट्रक के नीचे और उसके आसपास दर्जनों शव पड़े मिले। बचाव टीम ने मृतकों के शवों को सामूहिक कब्रों में दफना दिया।

# अमेरिकी सीनेट में पास हुआ +70 अरब का इमिग्रेशन बिल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इमिग्रेशन एजेंसियों को फंड देने के लिए 70 अरब डॉलर का कानून पास कर दिया। हफ्तों की देरी और भारी विवाद के बाद यह बिल पास हो सका। विवाद की मुख्य वजह 1.776 अरब डॉलर का एक सेटलमेंट फंड था, जिसे लेकर सदन में काफी तीखी बहस हुई। सीनेट में इस बिल के पक्ष में 52 और विरोध में 47 वोट पड़े। यह पैसा अगले तीन वर्षों यानी ट्रम्प के कार्यकाल के अंत तक इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और बार्डर पेट्रोल के कामकाज के लिए इस्तेमाल होगा।

वोटिंग शुक्रवार की सुबह हुई। रिपब्लिकन सदस्यों ने उन सभी संशोधनों को हरा दिया, जिनमें ट्रम्प के सेटलमेंट फंड पर हमेशा के लिए रोक लगाने की मांग की गई थी। विपक्ष का आरोप है कि इस फंड का इस्तेमाल ट्रम्प के उन राजनीतिक सहयोगियों के लिए हो सकता है, जो खुद को प्रताड़ित मानते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी इस फंड को लेकर मतभेद दिखे। लुइसियाना के सीनेटर बिल कैसिडी ने प्रस्ताव दिया था कि इस फंड का पैसा छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल हमले में घायल हुए पुलिसकर्मियों को दिया जाए। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी ने अपने ही सदस्य के इस प्रस्ताव को गिरा दिया। सीनेटर थाम टिलिस ने भी चेतावनी दी थी कि यह फंड चुनाव में पार्टी के लिए मुसीबत बन सकता है, इसलिए इसे रोक देना चाहिए। एक्टिंग अटार्नी जनरल टाड ब्लैंच ने पहले कहा था कि यह फंड आगे नहीं बढ़ेगा, लेकिन ट्रम्प ने इस पर संदेह पैदा कर दिया। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह सेटलमेंट बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें नहीं पता कि यह रुका है या खत्म हो गया है। वहीं, डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने रिपब्लिकन पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जनता के पैसे की सुरक्षा के लिए केवल ट्रम्प के करीबियों के वादे पर भरोसा कर रहे हैं, जो जवाबदेही नहीं है। आईसीई और बार्डर पेट्रोल के लिए यह फंड महीनों से अटका हुआ था। जनवरी में संघीय एजेंटों की गोलीबारी में दो प्रदर्शनकारियों, रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी की मौत हो गई थी। इसके बाद डेमोक्रेट्स ने इमिग्रेशन नीतियों में बदलाव की मांग करते हुए फंड रोक दिया था। वे चाहते थे कि अधिकारियों की पहचान और वारंट की प्रक्रिया को सख्त बनाया जाए।

**■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सेटलमेंट फंड पर नहीं लगी रोक**

## संक्षिप्त समाचार

### फीफा वर्ल्ड कप देखने नहीं पहुंच पाएंगे हजारों ईरानी फैंस

**तेहरान।** 2026 फीफा वर्ल्ड कप में ईरान की टीम मैदान पर उतरेगी, लेकिन उसके हजारों समर्थक स्टेडियम तक नहीं पहुंच पाएंगे। अमेरिका के वीजा प्रतिबंध और हालिया ईरान-अमेरिका तनाव ने ईरानी फैंस के लिए टूर्नामेंट देखने का रास्ता मुश्किल बना दिया है। ईरान ने मार्च 2025 में ही फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया था। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अमेरिकी नीतियों ने ईरानी समर्थकों की उम्मीदों को झटका दिया है।

### कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला के 381 मामले, 63 लोगों की मौत

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला वायरस के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 381 से अधिक हो गई है, जिनमें से 63 लोगों की मौत हो चुकी है। डीआरसी के स्वास्थ्य मंत्री रोजर कंब ने गुरुवार शाम को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान में लगभग 233 मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ लोगों को जांच रिपोर्ट आने तक अलग रखा गया है, तो कुछ लोगों का बीमारी के लक्षण दिखने बाद इलाज किया जा रहा है।

### 1996 की यादों में लौटे मनोज बाजपेई

**मुंबई।** आगामी फिल्म गवर्नर को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह लगातार बढ़ रहा है। भारत के आर्थिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेई मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और मनोज बाजपेई के आरबीआई गवर्नर के किरदार की काफी सराहना हो रही है।

# किम जोंग ने दिखाई नई परमाणु फैक्टरी

**सियोल।** परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने के लिए उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को इनका ईंधन बनाने वाले एक नए संयंत्र का खुलासा किया है। वहीं, तानाशाह किम जोंग उन ने देश की परमाणु ताकत तेजी से बढ़ाने की कई योजनाओं का भी एलान किया।

इससे दक्षिण कोरिया, अमेरिका समेत कई प्रतिद्वंदी देशों की चिंता बढ़ गई है। उत्तर कोरियाई सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह संयंत्र पहले से अधिक उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करता है लेकिन इसकी जगह और शुरू होने की तारीख नहीं बताई। हालांकि केसीएनए की जारी तस्वीरों में एक बड़े हाल में हथियार-स्तर का यूरेनियम तैयार करने के लिए बड़ी संख्या में सेंट्रीफ्यूज मशीनें दिखाई दी हैं। किम ने बुधवार को संयंत्र के दौरे के दौरान कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया जैसे सबसे आक्रामक दुश्मनों के साथ बढ़ते टकराव से देश की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मात्रा और गुणवत्ता दोनों में मजबूती देना जरूरी हो गया है। उन्होंने अन्य वैश्विक संकटों और सुरक्षा चुनौतियों का भी हवाला दिया। उन्होंने दावा किया कि बीते पांच साल में देश की हथियार-स्तर परमाणु सामग्री उत्पादन क्षमता दोगुने से अधिक बढ़ चुकी है। परमाणु गतिविधियों को तेज करने पर आईएईए का खुलासा उत्तर कोरिया के सितम्बर 2024 में सामने आए एक अन्य गुप्त यूरेनियम संवर्धन संयंत्र के बाद सामने आया है।

**■ हथियारों का जखीरा बढ़ाने का किया एंलान यूएस-दक्षिण कोरिया की बढ़ी चिंता**

# अमेरिका ने क्यूबा के राष्ट्रपति पर नए दबाव अभियान के तहत प्रतिबंध लगाए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने क्यूबा पर दबाव बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल और कई अन्य लोगों एवं संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर गुरुवार को जारी जानकारी के अनुसार विभाग ने डियाज-कैनेल, चार अन्य लोगों और पांच संस्थाओं (जिनमें क्यूबा का 'रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस' मंत्रालय भी शामिल है) को विशेष रूप से नामित नागरिकों और प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल किया है। डियाज-कैनेल ने 2018 में राउल कास्त्रो की जगह क्यूबा के राष्ट्रपति का पद संभाला था।मई में अमेरिकी सरकार ने क्यूबा के 11 अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए थे और 1996 में क्यूबा से निर्वासित लोगों से जुड़ी एक घटना को लेकर राउल कास्त्रो पर आरोप लगाए थे।

# कुवैत एयरपोर्ट पर हमले के आरोपों से ईरान का इंकार

## ईरान का दावाः पैट्रियट मिसाइल सिस्टम की खराबी से हुआ नुकसान



**■ एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ**

**तेहरान।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में ईरान की भूमिका से इन्कार किया है।

उन्होंने कहा है कि तेहरान की सैन्य जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि एयरपोर्ट की ओर कोई ईरानी मिसाइल नहीं दागी गई थी। उन्होंने दावा किया कि एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ, जिसके इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य भेदने में असफल रहने के बाद टर्मिनल क्षेत्र में गिर गए। आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में फतहाली ने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक क्षमताओं का उपयोग करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुवैत और बहरीन द्वारा अपने क्षेत्र और सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हमलों के लिए करने देना अंतर्राष्ट्रीय कानून और अच्छे पड़ोसी संबंधों का उल्लंघन है। राजदूत ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और विवादों के समाधान के लिए हमेशा कूटनीति और संवाद का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि 8 अप्रैल को घोषित युद्धविराम का अमेरिकी बलों ने कई बार उल्लंघन किया, जिसके जवाब में ईरान ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत कार्रवाई की। अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान संबंधी सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाले प्रस्ताव पर फतहाली ने कहा कि यह अमेरिका का आंतरिक मामला है, लेकिन तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कोई भी कदम सकारात्मक है। इजरायल-लेबनान संघर्ष पर ईरान के रुख को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि लेबनान की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थाई शांति के लिए लेबनान के खिलाफ युद्ध समाप्त होना आवश्यक है।

### ईरानी राजदूत बोलेः मुश्किल समय में भारत हमारे साथ खड़ा रहा

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कठिन दौर में मिले समर्थन के लिए भारतीय जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जब ईरान अपने नेताओं को खोने के दुख से गुजर रहा था, तब भारत के लोगों ने संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ उनका साथ दिया। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फतहाली ने कहा कि भारत और ईरान के बीच संबंध केवल सरकारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच भी गहरा जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि हालिया संकट के दौरान भारतीय जनता ने ईरान के प्रति गहरी सहानुभूति दिखाई और दुख की घड़ी में साथ खड़ी रही।

# गाजा में फिर इजरायल के हवाई हमले

## महिलाओं-बच्चों समेत 10 की मौत, सीजफायर के बीच भी जारी हिंसा

**गाजा।** पश्चिम एशिया में इस समय वार्ता और संघर्ष दोनों साथ चल रहे हैं। गाजा से लेकर लेबनान तक लगातार हवाई हमलों, जवाबी कार्रवाई और संघर्ष विराम के बावजूद हो रही मौतों ने हालात को और गंभीर बना दिया है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है।

मंत्रालय को संयुक्त राष्ट्र और स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा विश्वसनीय माना जाता है, हालांकि यह नागरिकों और लड़ाकों का अलग-अलग आंकड़ा जारी नहीं करता। इजरायल का कहना है कि हमले उन घटनाओं के जवाब में किए जाते हैं जिनमें समझौते का उल्लंघन या सुरक्षा खतरा शामिल होता है। इजरायल की सेना ने दावा किया कि उत्तरी गाजा में हुए हमलों में हमास के चार लड़ाकों को मार गिराया गया है। सेना के अनुसार ये लोग हमास नेतृत्व की सुरक्षा और खुफिया जानकारी से जुड़े थे। सेना ने यह भी कहा कि हमलों से पहले नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए सटीक हथियारों और निगरानी का उपयोग किया गया। हालांकि शाम के हमले को लेकर सेना ने तत्काल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों ने एक बार फिर हालात को तनावपूर्ण बना दिया है। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार गुरुवार को हुए अलग-अलग हमलों में कम से कम 10 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं जब क्षेत्र में पहले से ही जारी संघर्ष और सीजफायर के बावजूद हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। गाजा सिटी में शिफा अस्पताल के अनुसार रातभर में चार अलग-अलग हमलों में नौ लोगों की मौत हुई। अस्पताल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, रेड क्रास द्वारा संचालित सराया फील्ड अस्पताल ने बताया कि गुरुवार शाम हुए एक और हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक हमले में रिहायशी इमारत की ऊपरी मंजिल पर बड़ा धमाका हुआ, जिससे दीवारें टूट गईं और घर का सामान बिखर गया। हमलों के बाद अस्पतालों में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी।



**■ सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है**

# जेलेंस्की ने पुतिन को लिखा खुला पत्र

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक सार्वजनिक पत्र लिखकर सीधे आमने-सामने बातचीत का प्रस्ताव दिया है। वर्ष 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किए जाने के बाद यह पहला मौका है जब जेलेंस्की ने पुतिन को सार्वजनिक रूप से संबोधित करते हुए पत्र लिखा है। अपने पत्र में जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए दोनों नेताओं के बीच सीधी बातचीत जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह बैठक किसी तटस्थ देश में आयोजित की जा सकती है। इसके लिए उन्होंने स्विट्जरलैंड, तुर्की या किसी अरब देश का नाम संभावित मेजबान के रूप में लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत न तो मास्को में होनी चाहिए और न ही कीव में। जेलेंस्की ने लिखा कि बड़े और महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हमेशा देशों के नेता ही करते हैं। उन्होंने पुतिन से ऐसी बैठक के लिए एक निश्चित तारीख तय करने की अपील भी की। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि केवल अमेरिका पर निर्भर रहकर युद्ध समाप्त होने का इंतजार करना सही नहीं होगा।

